सुप्रभात
रांची, सोमवार
06.11.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net कार्तिक, कृष्ण पक्ष, नवमी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 115




06 आसान नहीं थी कारगिल की जीत



# हजारों की संख्या में कार्यकर्ता मोदी जी को सुनने जायेंगे खूंटी : आदित्य साहू

तैयारी को लेकर भाजपा रांची महानगर की हुई बैठक



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा सांसद आदित्य साहू ने कहा है कि 15 नवंबर को खूंटी में आयोजित नरेन्द्र मोदी जी की जनसभा में रांची से हजारों कार्यकर्ता पहुंचेंगे। आदित्य साहू रविवार को भाजपा महानगर के प्रमुख कार्यकताओं की बैठक में बोल रहे थे। यह बैठक रातू रोड स्थित पार्टी कार्यालय में किया गया था। उन्होंने कहा कि धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जी के जन्मदिन पर नरेन्द्र मोदी का उनके जन्मस्थल पर पधारना यह बताता है कि जनजाति समुदाय के प्रति उनके दिल में बड़ा स्थान है।

महानगर अध्यक्ष केके गुप्ता ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि 15 नवंबर को सभी 17 मंडलों से हजारों की संख्या में बड़ी एवं छोटी चारपहिया वाहन में जुलूस की शक्ल में प्रातः 10 बजे तक खूंटी स्टेडियम पहुंचेंगे। इस कार्यक्रम की सफलता को लेकर सभी अपेक्षित कार्यकर्ता सोमवार को खूंटी में आयोजित बैठक में भाग लेंगें। इस बैठक में संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहेंग। फिर उसके अगले दो दिन 6 एवं 7 नवंबर को सभी मंडलों में तैयारी बैठक आयोजित की गई है। मोदी जी आगमन की खबर मात्र से सभी कार्यकर्ता अन्यंत उत्साहित हैं।

बैठक में प्रदेश मंत्री सुबोध सिंह गुड्डू, काजल प्रधान,सत्यनारायण सिंह ने भी अपने विचार रखे। बैठक का संचालन महानगर महामंत्री वरुण साहु एवं धन्यवाद ज्ञापन बलराम सिंह ने किया। इस अवसर पर प्रेम मित्तल, राजेंद्र केशरी, सूरज चौरसिया, रमेश सिंह, कमाल खान,रागिनी सिन्हा, पंकज श्रीवास्तव, संदीप वर्मा,संजय जयसवाल, ललित ओझा, राजू सिंह, जितेन्द्र सिंह पटेल, जितेन्द्र वर्मा, नीरज सिंह, अनिता वर्मा, सुजाता सिंह,रोमित नारायण सिंह, गोपाल सोनी, अर्जुन मुंडा, जॉनी वाकर खान, इंद्रजीत यादव, विकास रवि, दीपक शाह, सुभाष अग्रवाल, अमित अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

# 15 नवंबर से शुरू होगा आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का थर्ड फेज

## छात्रों को साइकिल खरीद के लिए मिलेगी राशि, धोती-साड़ी का भी होगा वितरण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** 15 नवंबर से 29 नवंबर तक आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का तीसरा चरण शुरू होना है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर राज्यभर में पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर आम ग्रामीणों से आवेदन प्राप्त करने तथा जांच के बाद उसे स्वीकृत कर उक्त लाभ स्थल पर लाभार्थी को उपलब्ध कराया जायेगा। राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह ने कार्यक्रम की सफलता तथा उपयोगिता को देखते हुए राज्य सरकार के चार वर्ष पूरे होने के मौके पर यह कार्यक्रम राज्यभर में आयोजित करने का निर्देश सभी विभागों के सचिव,



प्रमंडलीय आयुक्त, उपायुक्तों को दिया है। मुख्य सचिव ने स्पष्ट किया है कि अभियान चलाकर व्यक्तिगत योजनाओं को लागू किया जाये अर्थात कोई भी अर्हता प्राप्त व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित नहीं रहे। इन शिविरों में सरकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के लिए विशेष व्यवस्था करने को कहा है।

### इन योजनाओं को प्राथमिकता से निपटारे का आदेश

अबुआ आवास योजना, बिरसा सिंचाई कूप योजना, ताति, आय, जन्म-मृत्यू, दिव्यांगता प्रमाण पत्र,राजस्व से जुड़े मामले, जैसे दाखिल-खारिज, लगान रसीद तथा ऑनलाइन रिकार्ड में सुधार करने, आयुष्मान कार्ड, सामुदायिक वन पट्टा और व्यक्तिगत वन पट्टा के लिए संबंधित एफआरसी द्वारा आवेदन प्राप्त करना। आमजनों से सामाजिक- आर्थिक- बुनियादों सुविधाओं से जुड़े आवेदन के लिए प्रेरित करना ओर उसका निष्पादन। इसके अतिरिक्त सर्वजन पेंशन, सावित्री बाई फूले बालिका समृद्धि योजना, किसान क्रेडिट कार्य योजना, आधार कार्ड, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, प्रवासी श्रमिक पंजीकरण कराना शामिल है।

**स्कूली बच्चों को जाति प्रमाण पत्र निर्गत किया जायेगा**

मुख्य सचिव ने कहा है कि अभियान के तौर पर स्कूली बच्चों को जाति प्रमाण पत्र निर्गत किया जायेगा। प्रत्येक शिविर में छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल क्रय के लिए प्रतीकात्मक चेक का वितरण किया जायेगा। यह भी सुनिश्वित किया जायेगा कि सभी लाभार्थियों को उसी दिन साइकिल क्रय के लिए डीबीटी के माध्यम से खाते में राशि भेज दी जाये। कार्यक्रम में एसएचजी कलटर सदस्यों के बीच आइडी कार्ड का वितरण, कंबल का वितरण, धोती-साड़ी का वितरण किया जायेगा।

**जिले की सभी पंचायतों में कम से कम एक शिविर**

15 दिन चलने वाले इस कार्यक्रम में यह प्रयास होगा कि जिले के सभी पंचायतों में कम से कम एक शिविर का आयोजन हो सके। शिविरों का शिड्यूल उपायुक्त तय करेंगे। कार्यक्रम की तिथि, स्थान, समय आदि जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर तय होगा। गांव-टोला में प्रचार-प्रसार करने को कहा गया है। ऑन द स्पॉट लाभ दिलाने और इसे पोर्टल में अपलोड कराया जायेगा।

## छत्तीसगढ़ में चुनाव, झारखंड के कामगारों को भी मिलेगा अवकाश

**रांची।** झारखंड से सटे छत्तीसगढ़ में दो चरणों में विधानसभा चुनाव होने हैं। इसके लिए निर्वाचन आयोग, भारत ने 7 और 17 नवंबर का डेट तय किया है। दो दिनों बाद वहां होने वाले इस चुनाव को देखते झारखंड के कामगारों को भी सवैतनिक अवकाश दिया जाएगा। इस संबंध में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सह सचिव मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग, झारखंड ने 30 अक्टूबर को निर्देश जारी कर दिया है। श्रम, नियोजन विभाग की ओर मिली जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ में होने वाले चुनाव के दिन झारखंड के कामगारों को भी अवकाश मिलेगा। वैसे कामगार जो छत्तीसगढ़ के वोटर हैं और छत्तीसगढ़ से सटे झारखंड के सीमावर्ती जिलों के विभिन्न प्रतिष्ठानों, दुकानों में काम करते हैं, उन पर यह सुविधा लागू होगी। श्रम विभाग के मुताबिक 7 और 17 नवंबर के लिए यह विशेष व्यवस्था होगी। दुकान एवं प्रतिष्ठान अधिनियम 1953 से आच्छादित सभी दुकानों एवं प्रतिष्ठानों में कार्यरत छत्तीसगढ़ के कामगारों को अधिनियम की धारा 12-ए के तहत इन तिथियों (7 और 17 नवंबर) को सवैतनिक अवकाश घोषित किया जाता है।

## कांग्रेस भवन में मंत्री रामेश्वर उरांव की जनसुनवाई आज

**रांची।** झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी मुख्यालय कांग्रेस भवन रांची में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सोमवार को पूर्वा? 11:30 बजे से अप. 01:00 बजे तक मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव द्वारा जनसुनवाई का कार्यक्रम किया जायेगा। इसकी जानकारी देते हुए झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रवक्ता सतीश पौल मुजनी ने कहा कि इच्छूक लोग अपनी समस्या के समाधान हेतू समय पर पहुंचकर अपना निबंधन करा लें।

### भारतीय जनतंत्र मोर्चा के प्रतिनिधि सम्मेलन में सरयू राय ने कहा

# दिसंबर पार नहीं कर पायेगी हेमंत सरकार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा के मुख्य संरक्षक सह विधायक सरयू राय ने कहा है कि झारखंड की हेमंत सरकार दिसंबर तक शायद ही बरकरार रहे। श्री राय रविवार को कृष्णा पैलेस में आयोजित प्रतिनिधि सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार विधि सम्मत तरीके से काम नहीं कर रही है। करप्शन बेहद तेजी से बढ़ रहा है। सरकार से शिकायत करने के बावजूद कोई असर नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि लोग ईडी की मंशा पर सवाल उठाते हैं। लोग मुझसे पूछते हैं कि ईडी सिर्फ विपक्षी पार्टियों के ही खिलाफ कार्रवाई करती है। क्या ईडी पक्षपातपूर्ण तरीके से काम नहीं करती। हो सकता है कि कहीं ईडी पर पक्षपातपूर्ण रवैये का आरोप सत्य हो। उन्होंने कहा कि ईडी को लेकर



देश भर में तरह-तरह की बातें की जाती रही हैं। आज भी की जा रही हैं लेकिन मेरा सवाल यह है कि ईडी ने जिनके विरुद्ध भी कार्रवाई की है, उस कार्रवाई में कोई मीन.मेख निकला हो तो उसे सार्वजनिक करना चाहिये। अगर कोई भ्रष्टाचार कर रहा है तो ईडी कार्रवाई करेगी ही। अगर आपको लगता है कि ईडी की कार्रवाई में कोई गड़बड़ी है तो आप सप्रमाण उसे पब्लिक डोमेन में रखें।

उन्होंने कहा कि झारखंड की सरकार में करप्शन काफी बढ़ गया है। जो भी भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहा है। उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। मैंने मुख्यमंत्री को कई बार लिखित में बताया कि यहां गड़बड़ी हो रही है। पर उन गड़बड़ियों को दुरुस्त करने, एक्शन लेने का टाइम मुख्यमंत्री के पास है ही नहीं। जिस मुख्यमंत्री के पास गड़बड़ियों की जांच करवा कर दोषियों को सजा देने का टाइम नहीं, उसे मुख्यमंत्री पद पर नहीं रहना चाहिये। उन्होंने कहा कि मैंने विधानसभा में सुबूतों के साथ तथ्य रखे। लेकिन उन पर कोई एक्शन नहीं हुआ। स्पीकर के निर्देश के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने यह भी कहा कि मैं 32 के खतियान के विरोध में नहीं हूं। आप करना चाहते हैं तो करें पर आपको 1932 और 2023 के बीच जो कुछ भी इस राज्य में घटा है, उसे समझना पड़ेगा। भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि भ्रष्टाचार से लड़ने के लिये प्रतिबद्ध हैं। हम लोग सरयू राय के बताए रास्ते पर चल रहे हैं। हमारी पार्टी लोकसभा और विधानसभा चुनावों में मजबूत उम्मीदवार उतारेगी। प्रतिनिधि सभा को मोर्चा के केंद्रीय सचिव सोमेन दत्ता, केंद्रीय उपाध्यक्ष पीएन सिंह, उदय सिंह समेत कई लोगों ने संबोधित किया। सम्मेलन में मुकेश पांडेय, निरंजन सिंह, संतोष श्रीवास्तव, किरण तिवारी, निशि पांडये, सुयश, अशोक, पंकज सिंह, राजीव रंजन सिंह, मनोज सिंह, अभिषेक, शिवानी, सद्दाम,असरार हुसैन, बजरंगी साव, संतोष कुमार सोनी, रेहाना खातुन, अदनान, मिथिलेश आदि उपस्थित थे।

## हॉकी को बढ़ावा देने के लिए जेएसडब्ल्यू और एएचएफ के बीच एमओयू




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** महिला इंपावरमेंट एशिया हॉकी टीम को बढ़ावा देने, खेल को प्रोत्साहित करने खासकर एशिया में हॉकी फेडरेशन के सभी सिलेक्टेड खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए जेएसडब्ल्यू और एएचएफ के बीच एमओयू किया गया । इस मौके पर विश्व हॉकी फेडरेशन के अध्यक्ष तैयब इकराम और भारतीय हॉकी फेडरेशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष योकायामा हीडी, जेएसडब्ल्यू के अध्यक्ष संगीता जिंदल और पार्थ जिंदल सहित मलेशिया, थाईलैंड हॉकी टीम के कई खिलाड़ी मौके पर मौजूद थे । इन सबों की उपस्थिति में एमओयू किया गया। संगीता जिंदल ने बताया कि एशिया में हॉकी को बढ़ावा देना और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करना और खेल प्रेमियों के प्रति उत्साह जगाना । इसके अलावा हॉकी के लिए एक बड़ा सा स्टेडियम हो और आने वाले 2036 में ओलंपिक हॉकी का मेजबानी भारत करें ऐसी उम्मीद करते हैं। इस मौके पर विश्व हॉकी फेडरेशन के अध्यक्ष ने कहा कि आने वाले दिनों में रांची में भी ओलपिंक के मैच का आयोजन किया जाएगा।


## विनोद बिहारी महतो स्मारक +2 विद्यालय, मंजूरा, कसमार, बोकारो

**स्थायी प्रस्वीकृत झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, रांची**

**पोस्ट- मंजूरा , जिला- बोकारो (झारखंड) पिन-827302**

आवश्यकता

विनोद बिहारी महतो स्मारक +2 विद्यालय, मंजूरा, कसमार (बोकारो) में निम्नलिखित पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं :

| | पद का नाम | पद के नाम का विषय | पद की संख्या | अनिवार्य योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | व्याख्याता | (I) हिन्दी | 1 | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सम्बंधित विषयों में 50% अंकों के साथ स्नातकोत्तर की डिग्री एवं बी.एड./ अनुसूजित जाति एवं अनुसूजित जनजाति के अभ्यर्थियों हेतु न्यूनतम 45% अंकों के साथ स्नातकोत्तर उतीर्ण एवं बी. एड.। |
| | | (II) अंग्रेजी | 1 | |
| | | (III) इतिहास | 1 | |
| | | (IV) समाजशास्त्र | 1 | |
| | | (V) राजनीकित महिला ST/SC | 1 | |
| | | (VI) मनोनिज्ञान महिला ST/SC | 1 | |
| 2 | | रोकड़पाल | 1 | बी. कॉम. स्नातकोत्तर |
| 3 | | पुस्तकालयाध्यक्ष | 1 | लाइब्रेरी साइंस के साथ स्नातकोत्तर डिग्री प्राप्त |
| 4 | | आदेश पाल | 1 | मैट्रिक पास |

आवेदक अपने आवेदन प्रपत्र के साथ सभी शैक्षणिक-प्रशैक्षणिक एवं अन्य प्रमाण पत्रों की स्व अभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ सीधे कार्यालय में या निबंधित डाक के द्वारा विद्यालय में दिनांक 24.11.2023 को अपराह्न 4.00 बजे तक जमा कर सकते हैं। साक्षात्कार की तिथि, कार्यालय द्वारा सूचित किया जायेगा। सरकार द्वारा निर्धारित आरक्षण रोस्टर का शत-प्रतिशत पालन किया जायेगा। किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। साक्षात्कार के लिए 500 रु. एवं SC/ST अभ्यर्थियों के लिए 450 रु. शुल्क देय होगा जो D.D. Pay -B.B. M.S. H/S मंजूरा कसमार, बोकारो के नाम से जमा होगा।

ह० सचिव
मो. नं. 6203336881, 9931577233
B.B.M.S.+2 H/S Coll. Manjura,
Kasmar, Bokaro-827302



**Privilege CCL Employees Grih Nirman Swawlambi Sahkari Samiti Limited**

## NOTICE FOR ANNUAL GENERAL MEETING

**Annual General Meeting of the Society has been scheduled for 26.11.2023(Sunday) at 11:00 AM at the office of the society.**

**Agenda of the meeting is as follows:**

1. Adoption of audited statement of account for the financial year 2021-22and 2022-23.
2. Review of progress of work of Phase-I and Phase II and roadmap ahead.
3. Discussion over inquiry being conducted by Registrar office based on complaints lodged by Shri S K Mitra and Shri Mukesh Kumar Singh.
4. Discussion over Arbitration case filed before Hon'ble High Court by former consultant Privilege Housing Private Limited (PHPL).
5. Discussion over termination / retention of membership of Shri S K Mitra.
6. Change of name of the society.
7. Change of name of flats from Privilege Homes and naming of towers.
8. Change of By-laws of the society.
9. Consent of Members for exemption from Jharkhand RERA.
10. Revision of estimate for construction of flats.
11. Decision on imposing interest / penalty on late payment against 1st demand note, 2nd demand note and remaining demand notes.
12. Any other matter, with the permission of the house, may also be taken up.

**[Reg.No. JKD -01-01 - 01 -04 -(H)2018 ]** CEO


## खबर एक नजर में

### जिले के 144 शिक्षकों के ट्रांसफर की प्रक्रिया शुरू

**रांची।** शिक्षा विभाग ने शिक्षकों के ट्रांसफर की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस क्रम में पहले असाध्य रोग से पीड़ित शिक्षकों का ट्रांसफर किया जाना है। रांची में कार्यरत 144 शिक्षकों के ट्रांसफर की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके लिए शिक्षकों से चिकित्सा प्रमाण पत्र के साथ आवेदन मांगें गए थे। इन प्रमाण पत्रों की जांच डॉक्टरों की टीम करेगी। इसे लेकर रांची जिला शिक्षा अधीक्षक मिथलेश केरकेप्ता ने सिविल सर्जन को पत्र लिखा है। जिला शिक्षा अधीक्षक ने पत्र में लिखा है कि टीचर ट्रांसफर पोर्टल के माध्यम से आवेदन किये गये शिक्षकों द्वारा समर्पित कागजातों (चिकित्सा प्रमाण-पत्र) के आधार पर शारीरिक स्वस्थता की सत्यता एवं शिक्षकों / आश्रितों का जांच करने के लिए जांच टीम गठन किया गया है। संबंधित शिक्षकों की सूची संलग्न करते हुए लिखा है कि 6 नवंबर से 10 नवंबर, 2023 तक पूर्वाहन 11 बजे से सिविल सर्जन कार्यालय में सूची के अनुसार चिकित्सा बोर्ड के माध्यम से चिकित्सा प्रमाण-पत्र के आधार पर जांच किया जाए।

### मुख्यमंत्री से झारखंड में जाति सर्वेक्षण कराने की मांग

**रांची।** आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री जगनमोहन रेड्डी अपने राज्य में सामाजिक न्याय स्थापित करने के लिए सभी वर्गों को पर्याप्त प्रतिनिधित्व दिया है। उसी क्रम में आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री जगनमोहन रेड्डी ने कैबिनेट में जाति सर्वेक्षण करने का प्रस्ताव को पारित किया है। इसके लिए राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा उन्हें बधाई देता है। वहीं, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से राज्य में जाति सर्वेक्षण करने के प्रस्ताव को कैबिनेट में पारित करने की मांग की है। उक्त बातें राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कही है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठन बंधन के घटक दल राष्ट्रीय स्तर पर लगातार जातीय जनगणना करने की मांग कर रहे हैं कई राज्यों में सर्वेक्षण करने की घोषणा हुई है परंतु झारखंड में जातीय सर्वेक्षण अभी तक नहीं हुई है जिससे राज्य में ओबीसी समुदाय को उनके हक अधिकार में कटौती हो जा रही है। गुप्ता ने कहा कि आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री जगनमोहन रेड्डी सामाजिक न्याय के मसीहा के रूप में उभरे हैं वह अपने मंत्रिमंडल में पांच उपमुख्यमंत्री और जनसंख्या अनुपात में अनुसूचित जाति, जनजाति, ओबीसी, अल्पसंख्यक व सामान्य वर्ग के मंत्री बनाकर देश में अपना कृतिमान स्थापित किया है।

### बाबूलाल ने छत्तीसगढ़ के बहिगांव व खाले में किया प्रचार

# भाजपा काम करने वाली और कांग्रेस कमाने वाली पार्टी : बाबूलाल मरांडी

कहा- छत्तीसगढ़ में भाजपा के नेतृत्व में काम करने वाली सरकार बनायें

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने ने छत्तीसगढ़ के केशकाल विधानसभा क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशी नीलकंठ टेकाम के पक्ष में बहिगांव और मुरवेल में जनसभाओं को संबोधित किया। श्री मरांडी ने कहा कि विधानसभा चुनाव में केवल प्रत्याशी नहीं चुनने जा रहे हैं, बल्कि एक सरकार चुनने जा रहे है। इसलिये पूरी सावधानी के साथ ठोक बजाकर आप सरकार बनायें। उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य की कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ को भ्रष्टाचार की गर्त में डूबा दिया। कांग्रेस पार्टी का यह पुराना इतिहास है। कांग्रेस की सरकार को जनता को सेवा से कुछ भी लेना देना नही।कांग्रेस की सरकार कमाने केलिये होती है। जबकि भाजपा की सरकार काम करने केलिये बनती है। उन्होंने कहा कि जनता में जब



अवसर दिया तो अटल बिहारी वाजपेई की सरकार ने अलग छत्तीसगढ़ राज्य का सपना साकार किया। भाजपा की प्रदेश सरकार ने कई लोक कल्याणकारी योजनाएं चलाई। लेकिन भूपेश बघेल सरकार ने राज्य को घोटाले का राज्य बना दिया। उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल सोनिया गांधी, राहुल गांधी की तिजोरी भरने केलिये दिन रात भ्रष्टाचार कर रहे हैं।अब तो महादेव ऐप घोटाले में यह साफ हो गया कि घोटाले के तार दुबई से भी जुड़े हैं।

उन्होंने कहा केंद्र सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भ्रष्टाचार मुक्त भारत की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार गांव, गरीब, किसान, आदिवासी, दलित, पिछड़ा सभी वर्गों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ रही है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज को आजाद भारत में सर्वाधिक सम्मान भाजपा की सरकारों ने दिया है। अटल जी की सरकार ने अलग आदिवासी मंत्रालय बनाये। मोदी सरकार में 8आदिवासी समाज के मंत्री है, जो एक रिकॉर्ड है। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को राष्ट्रीय जनजाति गौरव दिवस घोषित किया गया।

उन्होंने जनता से छत्तीसगढ़ में भाजपा की मजबूत सरकार बनाने केलिये कमल निशान पर बटन दबाकर भाजपा उम्मीदवार को जिताने की अपील की।

# बीआरपी सीआरपी के मानदेय 5 साल में नहीं बढ़े, पर काम बढ़ गये

## मजदूरों की तरह लिये जा रहे काम, लेकिन पैसे बढ़ाने को सरकार राजी नहीं

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग तथा झारखंड शिक्षा परियोजना में सबसे अधिक काम करने वाले बीआरपी सीआरपी विगत 11 माह से सेवाशर्त नियमावली कैबिनेट से पास करने का अंतहीन इंतजार करते हुए हताश एवं निराश हो गए हैं। बीआरपी सीआरपी पिछले पांच साल से बुनियादी सुविधा एवं मानदेय वृद्धि का इंतजार करते करते थक से गए हैं। बीआरपी सीआरपी 11 माह से प्रतीक्षारत है कि झारखंड सरकार उनकी सेवाशर्त नियमावली कैबिनेट से पास करा देगी और उनकी समस्याओं का अंत होगा। परंतु ऐसा होता नहीं दिख रहा। पिछले 11 माह से सभी टक टकी लगाए हुए हैं और पिछले कैबिनेट की बैठक में भी बीआरपी सीआरपी के हितों के लिए नियमावली नहीं लाई जा सकी। सरकार के इस उपेक्षापूर्ण रवैया एवं दोहरी नीति से बीआरपी सीआरपी में गहरा असंतोष और निराशा व्याप्त हो गया है। बीआरपी सीआरपी आर्थिक संकट तो झेल ही रहे हैं और मानसिक रूप से भी तनावग्रस्त हो रहे हैं। सिर्फ बीआरपी सीआरपी तक तो बात ठीक था किंतु अब उनके परिवार भी नियमावली एवं मानदेय वृद्धि की बाट जोहते-जोहते अपना मानसिक संतुलन खो रहें हैं।

मालूम हो कि बीआरपी सीआरपी का विगत 5 वर्षों से कोई मानदेय वृद्धि नहीं की गई है, जबकि परियोजना में कार्यरत अन्य कर्मियों का मानदेय में समय-समय पर काफी वृद्धि की जा चुकी है। बीआरपी सीआरपी के लिए गठित कमेटी का निर्णय दिए हुए भी एक साल बीत गए हैं। किंतु आज तक सेवाशर्त नियमावली एवं मानदेय वृद्धि नहीं की गई है। पारा शिक्षकों का सेवाशर्त नियमावली जनवरी 2022 से लागू कर इस वर्ष उन सभी को चार प्रतिशत वार्षिक वृद्धि भी देय हो गई है एवं आगामी जनवरी 2024 को पुनः दूसरी वार्षिक वृद्धि भी देय हो जाएगी। किंतु बीआरपी सीआरपी अभी तक उपेक्षित हैं। परियोजना में सबसे अत्यंत अल्प मानदेय पर बिना किसी बुनियादी सुविधा के बीआरपी सीआरपी कार्यरत है।बीआरपी सीआरपी से कार्य तो शिक्षकों की तरह लिया जाएगा किंतु प्रशिक्षण नहीं करवाएंगे, कार्य सभी पदाधिकारी के समतुल्य लिए जाएंगे किंतु मानदेय आदेशपाल/चपरासी से भी कम देंगे। कार्य परियोजना में परियोजना की करेंगे किंतु परियोजना कर्मी के देय सुविधा से वंचित रखेंगे। क्या यह बीआरपी सीआरपी के साथ न्याय है? क्या यह शोषण की प्रकाष्ठा नहीं है।

सुप्रभात
रांची, सोमवार
06.11.2023
नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net कार्तिक, कृष्ण पक्ष, नवमी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 115



06 आसान नहीं थी कारगिल की जीत

## न्यूज डायरी

### भारत के सामने दक्षिण अफ्रीका भी ध्वस्त

>> 243 रन से जीत, जडेजा ने उड़ाये 5 विकेट

**कोलकाता।** वर्ल्ड कप में भारत की जीत का सिलसिला जारी है। रविवार को इडेन गार्डेन में रवींद्र जडेजा ने 5 विकेट लेकर दक्षिण अफ्रीका को 27.1 ओवर में मात्र 83 रन पर ही ढेर कर दिया। भारत ने इस मुकाबले को 243 रन से जीत लिया। यह भारत की लगातार 8वीं जीत है। वहीं विराट ने फैंस को बर्थडे के दिन रिकॉर्ड 49वां शतक लगाकर दोहरी खुशी दी है।

### सड़क हादसे में दूल्हे समेत चार की मौत

**चंडीगढ़।** पंजाब के लुधियाना में शादी की खुशियों में डूबे परिवार में मातम में छा गया, जब मोगा में एक सड़क हादसे में दूल्हे के साथ तीन अन्य लोगों की मौत हो गयी। बरात बद्दोवाल जा रही थी। यहां 21 जोड़ों का सामूहिक विवाह होना था।

### ट्रेन की चपेट में आने से होमगार्ड जवान की मौत

**जामताड़ा।** जिले में एक होमगार्ड जवान की मौत ट्रेन की चपेट में आने से हो गयी। घटना जामताड़ा रेलवे साइडिंग की है। जवान कोयला चोरी रोकने के लिए ड्यूटी पर तैनात था। बताया जाता है कि होमगार्ड जवान उदित सिंह बीते एक महीने से नाइट ड्यूटी कर रहे थे।

### दिल्ली के सभी प्राइमरी स्कूल 10 तक बंद

**नयी दिल्ली।** शिक्षा मंत्री आतिशी ने रविवार को बताया है कि राष्ट्रीय राजधानी में खतरनाक स्तर पर वायु प्रदूषण को देख 10 नवंबर तक प्राइमरी स्कूलों को बंद करने का सरकार ने फैसला लिया है। इस दौरान ग्रेड 6 से 12 के लिए स्कूलों को ऑनलाइन कक्षाओं में शिफ्ट होने का विकल्प दिया गया है।

### नेपाल से अफगानिस्तान तक फिर हिली धरती

**नेपाल।** एक बार फिर से भूकंप के झटके नेपाल में महसूस किये गये। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी की जानकारी के मुताबिक भूकंप की तीव्रता 3.6 थी। हालांकि नेपाल में आये भूकंप का असर भारत में महसूस नहीं किया गया।

### मातृत्व व चाइल्ड केअर अवकाश को मंजूरी

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने महिला सैनिकों, नाविकों और हवाई योद्धाओं को अपने अधिकारी समकक्षों के साथ सममूल्य पर मातृत्व, चाइल्ड केयर और चाइल्ड गोद लेने की छुट्टी देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

### बाल सुधार गृह से तीन किशोर फरार

**जमशेदपुर।** शहर के परसुडीह थाना क्षेत्र के घाघीडीह संप्रेक्षण गृह सह बाल सुधार गृह से तीन किशोर दीवार फांदकर भाग गये हैं। रविवार को भागे तीनों किशोर जमशेदपुर के मानगो थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। वहीं बाल सुधार गृह के प्रभारी अधीक्षक ने इस घटना के संबंध में परसुडीह थाने को उचित जानकारी दे दी है। जानकारी के मुताबिक, बाल सुधार गृह में पेंटिंग का काम चल रहा है। रविवार होने के कारण यहां काम बंद था।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 57,900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 75,000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




# जापान को हरा भारत बना चैंपियन

## झारखंड वीमेंस एशियन चैंपियंस ट्राफी फाइनल में डिफेंडिंग चैंपियन को 4-0 से रौंदा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** दर्शकों से खचाखच भरे मरांग गोमके एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में भारत ने रविवार को फाइनल में डिफेंडिंग चैंपियन जापान को 4-0 से रौंद कर एशियन वीमेंस चैंपियंस ट्राफी एक बार फिर जीत ली। भारतीय टीम 2016 में चैंपियन बनी थी। रविवार को भारतीय टीम ने जबरदस्त खेल का प्रदर्शन किया। इस पूरे टूनार्मेंट में भारतीय टीम अजेय रही। झारखंड की संगीता कुमारी के शानदार गोल से टीम इंडिया ने खाता खोला। तीसरे व चौथे स्थान के मैच में चीन ने कोरिया को 2-1 से हराकर कांस्य पदक हासिल किया। फाइनल मैच का गवाह बनने सीएम हेमंत सोरेन भी मैदान में मौजूद थे। वह मुख्य अतिथि थे। स्पीकर रवींद्रनाथ महतो भी खिलाड़ियों की हौसलाअफजाइ कर रहे थे।

पहले क्वार्टर से ही दोनों टीमों ने आक्रमक खेल खेला लेकिन गोल नहीं कर सकी। दूसरे क्वार्टर के 17वें मिनट में झारखंड की संगीता कुमारी के शानदार फील्ड गोल से टीम इंडिया ने खाता खोला। मध्यांतर तक भारत की टीम 1-0 से आगे रही। चौथे क्वार्टर के 46वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर नेहा ने गोलकर भारत को 2-0 से आगे कर दिया। 52वें मिनट में जापान के पेनल्टी स्ट्रोक को टीम इंडिया की गोलकीपर बिछू देवी ने नाकाम कर दिया। 57वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर भारत की लालरेंसीअमि ने गोलकर टीम को 3-0 की बढ़त दिला दी। 60वें मिनट में वंदना ने फील्ड गोलकर टीम को 4-0 से आगे कर दिया, जो अंत तक बरकरार रहा। फाइनल मैच शुरू होने का वक्त रात 8.30 था। पर वेस्ट-नॉर्थ स्टैंड के पास लगे फल्ड लाइट खराब होने के कारण खेल कुछ देर रुका रहा।

### सीएम हेमंत सोरेन ने विजेताओं को सौंपी ट्राफी





**4 बजे स्टेडियम हाऊसफुल :** रांची शहर में हाकी का प्रेम सिर चढ़कर बोल रहा था। फाइनल मैच से काफी पहले ही मोरहाबादी क्षेत्र में खेलप्रेमियों का हुजूम उमड़ पड़ा। 4 बजे तक पूरा स्टेडियम हाऊसफुल हो गया। लोग स्टेडियम के अंदर बैठकर मैच देखने को लेकर 5-6 घंटा पहले से ही लाइन में लगे। झारखंड सरकार, हॉकी इंडिया व हॉकी झारखंड ने पूरी तरह से इस चैंपियनशिप को सफल बना दिया। इससे भारत ही नहीं विदेशों में भी झारखंड का खेल का स्तर यकीनन ऊंचा होगा।

# जनता की सेवा करें, सरकार आपका ख्याल रखेगी : सीएम

## आइएएस हों या चतुर्थवर्गीयकर्मी, हमारी नजर में सब समान

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का कहना है कि उनकी सरकार की नजर में आइएएस हो या चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी, सभी एक समान है। यह सरकार सभी को एक नजरिये से देखती है। आप सभी सरकार के आंख, नाक और कान हैं। आप राज्य की जनता की सेवा करें। सबके हितों का ध्यान सरकार रखेगी। उन्होंने कहा कि सभी वर्ग के लोगों के हित में सरकार काम कर रही है। उक्त बातें सीएम ने झारखंड जगुआर के पुलिसकर्मियों से कही। वे लोग 7वें पीआरसी के अनुरूप विशेष सुविधा-भत्ता देने के प्रस्ताव को मंत्रिपरिषद से मंजूरी मिलने पर सीएम के प्रति आभार जताने सीएम के आवास पर पहुंचे थे। सीएम कहा कि हर चेहरे पर खुशी और मुस्कान लाने का हम प्रयास कर रहे हैं। हमारी सोच और कार्यशैली एक समान है। यह सरकार समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति की चेहरे पर खुशी लाने का प्रयास कर रही है। (शेष पेज 11 पर)



**सरकार का लक्ष्य सबका हित :** सीएम ने उनसे मिलने आये झारखंड चतुर्थवर्गीय पुलिस कर्मचारी संघ, झारखंड जगुआर से कहा कि वे राज्य की जनता की सेवा करें। सबके हितों का ध्यान सरकार रखेगी। रविवार को ढोल-नगाड़े के साथ मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय पहुंचकर उन्होंने जोरदार अभिनंदन और स्वागत किया। इस अवसर पर उनकी समस्याओं को यथासंभव दूर कर रही है। उनके चेहरे पर खुशी लाने का प्रयास लगाकर जारी है। मैं यह तो दावा नहीं कर सकता कि सभी चीजे सही हो गयी हैं, लेकिन, इसकी शुरूआत जरूर है। मुझे पूरी उम्मीद और आशा है कि सरकार पूरी व्यवस्था को व्यवस्थित कर लेगी। उन्होंने कहा कि आम लोगों के प्रति हमारी जितनी जिम्मेदारी है, उतनी जिम्मेदारी आपकी भी है। आप पूरी मानवता और संवेदना के साथ आम नागरिकों की सेवा करें। सरकार की जो सोच है, उसे पूरा करने की दिशा में आगे बढ़े।

### मोदी के बाद राहुल गांधी भी आयेंगे खूंटी

**खूंटी।** पीएम मोदी के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी झारखंड के खूंटी आने वाले हैं। इसे लेकर प्रदेश कांग्रेस ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। खूंटी दौरे पर राहुल गांधी एक जनसभा को संबोधित करेंगे। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 नवंबर को झारखंड दौरे पर आने वाले हैं। सूचना है कि पीएम के दौरे के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी झारखंड आनेवाले हैं। पार्टी सूत्रों के अनुसार राहुल 15 दिसंबर को खूंटी आ सकते हैं। कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष ने इसकी पुष्टि की है।

### गुमला में बेटे ने पीटकर पिता की ले ली जान

**गुमला।** बिशुनपुर प्रखंड के गुरदरी थाना क्षेत्र में एक बेटे ने लाठी से पीट-पीटकर अपने पिता की हत्या कर दी। पिटाई के बाद पिता जैसे ही जमीन पर गिरा बेटा वहां से भाग गया। स्थानीय लोगों ने सहिया की मदद से घायल पिता को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की है।

# छठी मइया बिहार को जंगलराज से मुक्ति दें : शाह

## लालू-नीतीश तेल-पानी के समान, जो कभी एक नहीं हो सकता

खबर मन्त्र ब्यूरो

**पटना।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को मुजफ्फरपुर में नीतीश कुमार और लालू यादव को निशाने पर लिया। पताही हवाई अड्डा मैदान में जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा- छठी मइया से प्रार्थना करता हूं कि आने वाले समय में बिहार जंगलराज से मुक्त हो। उन्होंने दावा किया कि 2024 के लोकसभा चुनाव में बिहार में एनडीए सभी 40 सीटों पर जीत हासिल करेगा। साथ ही 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा की सरकार भी बनेगी। अमित शाह ने लालू और नीतीश को लेकर कहा कि तेल और पानी कभी एक नहीं हो सकता है। उन्होंने बिहार में जातिवाद, परिवारवाद व अपराध को बढ़ावा देने का आरोप लगाया।

**न ये पीएम बनेंगे, न वो सीएम :** रैली को संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि नीतीश कभी पीएम नहीं बन पायेंगे। इंडिया एलाइंस को लेकर कहा कि एक को (नीतीश कुमार) प्रधानमंत्री बनना है और एक को अपने बेटे (तेजस्वी यादन) को सीएम बनाना है, लेकिन कोई सपना पूरा नहीं होने वाला है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार प्रधानमंत्री तो दूर, इंडिया ने उन्हें संयोजक तक नहीं बनाया।

**छठी बार बिहार पहुंचे शाह :** तिरहुत प्रमंडल में अमित शाह का दौरा वोट की नजर से काफी महत्वपूर्ण है। मुजफ्फरपुर और इसके आसपास जिले में राजूपत भूमिहार के अलावा ओबीसी और इबीसी वोटरों की संख्या काफी है। इससे पहले अमित शाह पूर्णिया, मुंगेर किशनगंज, छपरा और मधुबनी के झंझारपुर का दौरा कर चुके हैं। हाल के दिनों में अमित शाह का यह छठा दौरा रहा। लेकिन जातीय जनगणना रिपोर्ट के बाद पहली बार बिहार में रैली को संबोधित किया। भाजपा की नजर बिहार के 63 प्रतिशत दलित वोटरों पर है। 20 को झलकारी बाई जयंती पर भव्य कार्यक्रम में जेपी नड्डा के आने की खबर है। कार्यक्रम में सभी बड़े नेता उपस्थित रहे।

### लालू-नीतीश ने पिछड़ों को ठगा, चुनौती



श्री शाह ने कहा कि बिहार में जातीय सर्वे कराकर बांटने का काम किया जा रहा है। मैंने जातीय सर्वे का समर्थन किया, लेकिन मुझे पता नहीं था कि नीतीश कुमार लालू यादव के साथ मिलकर मुस्लिम और यादव की संख्या बढ़ाने का काम करेंगे। उन्होंने पिछड़ा और अतिपिछड़ा को दोनों ने मिल कर ठगने का काम किया। उन्होंने लालू प्रसाद यादव पर जातीय सर्वे रिपोर्ट में यादव-मुसलमानों की आबादी बढ़ाकर अतिपिछड़ा समाज के साथ अन्याय करने का आरोप लगाया। साथ ही चुनौती दी कि वह घोषणा करें कि बिहार में अति पिछड़ा समाज का मुख्यमंत्री होगा।

# चाईबासा से पांच किलो के तीन आइइडी बम बरामद

- जिले में माओवादियों की बड़ी साजिश नाकाम, सुरक्षाबलों ने किया निष्क्रिय

खबर मन्त्र संवाददाता

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिले में नक्सलियों के खिलाफ चल रहे सर्च ऑपरेशन के दौरान सुरक्षा बलों ने टोंटो थाना क्षेत्र में 3 आईइडी बम बरामद किया जिसे बम निरोधक दस्ते के सहयोग से मौके पर ही निष्क्रिय कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार रविवार को टोंटो थाना अंतर्गत तुम्बाहाका और रेंगडाहातु जंगली व पहाड़ी रास्ते में सुरक्षाबलों ने 5- 5 किलोग्राम के इन आइईडी बमों को बरामद किया।



गौरतलब हो कि 10 अक्तूबर से भाकपा माओवादी नक्सली संगठन भाकपा माओवादी नक्सली नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, चमन, कांड़े, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्वनी, अपने रास्ते के सदस्यों के कोल्हान के जंगलों में भ्रमणशील होने पर पुलिस और सीआरपीएफ जवान टोंटो थाना क्षेत्र के इलाकों में सर्च ऑपरेशन चला रही है।

# कांग्रेस को आदिवासियों की परवाह नहीं : मोदी

## विकास की गाड़ी पर ब्रेक और रिवर्स गियर में डालना कांग्रेस का लक्ष्य

एजेंसी

**भोपाल।** पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस को आदिवासियों के कल्याण की कोई परवाह नहीं, वे सिर्फ अपना ही हित देखना चाहती है। कांग्रेसी नेता आदिवासी हित में कोई काम नहीं करते। पीएम ने दावा किया कांग्रेस के दो वरिष्ठ नेता मध्य प्रदेश में अपने-अपने बेटों को स्थापित करने और राज्य में पार्टी संगठन पर कब्जा करने के लिए लड़ रहे हैं। पीएम रविवार को एमपी के सिवनी और खंडवा में एक जनसभा में बोल रहे थे।



जनसभा मोदी ने कहा, हम उन आदिवासियों के भक्त और पुजारी हैं जिन्होंने राजकुमार राम को पुरुषोत्तम भगवान राम बनाया। पीएम ने कहा, कांग्रेस यानी मध्यम वर्ग की जेब साफ करना, विकास की गाड़ी को परमानेंट ब्रेक लगाना और रिवर्स गियर में डाल देना। ऐसे में कांग्रेस से बहुत सावधान रहने की आवश्यकता है। कोई ये नहीं सोचे कि इतने दिन सत्ता से बाहर रहें हैं तो सुधर गये होंगे। सुधरे नहीं हैं, उनकी भूख और तेज हो गयी है। मप्र में 17 नवंबर को चुनाव है, ऐसे में जनता को सतर्क रहना है।

(शेष पेज 11 पर)

# खलारी में सीसीएलकर्मी की गोली मारकर हत्या

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी, रांची।** खलारी थाना क्षेत्र के खलारी-पिपरवार बॉर्डर के पास रविवार को अपराधियों ने सीसीएलकर्मी रणविजय एक सीसीएलकर्मी की गोली मारकर हत्या कर दी। अपराधियों ने उस समय वारदात को अंजाम दिया, जब वह खलारी से पिपरवार की तरफ लौट रहे थे। जानकारी के अनुसार रणविजय सिंह (50) चतरा स्थित पिपरवार के सीसीएल कार्यालय में काम करते थे। हत्याकांड की जानकारी मिलने के बाद खलारी पुलिस मामले की तफ्तीश में जुट गयी है।

रविवार को जब रणविजय खलारी से पिपरवार लौट रहे थे, उसी दौरान अज्ञात अपराधियों ने रोककर गोली मार दी। गोली मारने के बाद अपराधी मौके से फरार हो गये। स्थानीय लोग रणविजय को अस्पताल ले गये, लेकिन डॉक्टरों ने जांच कर उन्हें मृत घोषित कर दिया।

**पुलिस टीम जांच में जुटी :** रांची के सीनियर एसपी चंदन सिन्हा ने बताया कि रणविजय सीसीएल में ओवरमैन का काम करते थे। हत्या किन वजहों से हुई है और इसमें कौन से अपराधी शामिल हैं इसकी जांच की जा रही है। एसएसपी ने बताया कि रणविजय बिहार के औरंगाबाद के रहने वाले थे। जानकारी यह भी मिल रही है कि उनका औरंगाबाद में भी कुछ मामलों को लेकर विवाद चल रहा था। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

# 35वें बर्थडे पर कोहली का कमाल, लगाया 49वां शतक

- सचिन से 451, जबकि विराट ने 277 पारी में ही ठोंक डाला 49वां शतक

एजेंसी

**कोलकाता।** विराट कोहली ने रविवार को एक बार फिर साबित कर दिया कि वह आधुनिक समय के सबसे महान बल्लेबाजों में से एक क्यों हैं, क्योंकि उन्होंने महान सचिन तेंदुलकर के 49 वनडे शतक के महारिकॉर्ड की बराबरी कर ली। वो भी उनसे 175 कम पारियों में। दर्शकों से खचाखच भरे ईडन गार्डन्स में कोहली ने रविवार को अपने 35वें जन्मदिन पर वर्ल्ड कप के लीग मैच में ऐतिहासिक 49वां एकदिवसीय शतक बनाया। उनकी इस शानदार पारी की बदौलत भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ (326/5) का स्कोर बनाया, और 243 रनों से विशाल जीत दर्ज जी।

**कोलकाता में ही लगाया था पहला वनडे शतक :** ईडन गार्डन्स का विराट के साथ विशेष जुड़ाव है क्योंकि उन्होंने 2009 में श्रीलंका के खिलाफ इसी मैदान पर अपना पहला वनडे शतक भी बनाया था। 49वां शतक हमेशा कोहली के लिए एक विशेष स्थान रखेगा क्योंकि उन्होंने महान मास्टर ब्लास्टर के साथ अपना नाम भी दर्ज करा लिया है। यह सिर्फ कोहली और उनकी आभा ही थी जो स्टेडियम में छा गयी और हजारों दर्शक इसके साक्षी बने। क्रिकेट के सभी प्रारूपों में जिस तरह की निरंतरता उन्होंने दिखायी है, उसे देख क्रिकेट प्रेमियों के लिए विराट का शतक कोई नयी बात नहीं है।

**विराट ने रचा इतिहास :** सचिन तेंदुलकर ने 2012 में बांग्लादेश के खिलाफ मीरपुर में अपना 49वां वनडे शतक लगाया था। जहां सचिन 451वीं पारी में इस मुकाम तक पहुंचे। (शेष पेज 11 पर)




### कोहली... आप शीघ्र मेरा रिकार्ड तोड़ें बधाई : सचिन

**मुंबई।** महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने विराट कोहली के लिए एक उत्साहजनक पोस्ट किया, जब विराट ने अपना 49वां वनडे शतक जड़कर मास्टर ब्लास्टर के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। तेंदुलकर ने ट्विटर पर पोस्ट किया, बहुत अच्छा खेले विराट। इस साल की शुरुआत में 49 से 50 तक पहुंचने में मुझे 365 दिन लगे। मुझे उम्मीद है कि आप अगले कुछ दिनों में 49 से 50 तक पहुंच जायेंगे और मेरा रिकॉर्ड तोड़ देंगे। बधाई हो!!

# दुमका गैंगरेप की जांच को एसआइटी का गठन

- 11 दरिंदों ने नाबालिग को बनाया था हवस का शिकार

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** एक नाबालिग बच्ची से हुए सामूहिक दुष्कर्म के मामले की जांच के लिए एसडीपीओ नूर मुस्तफा के नेतृत्व में एसआइटी का गठन कर दिया गया है। दुमका एसपी पीतांबर सिंह खेरवार खुद इस मामले की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। इसको लेकर डीएसपी ने कहा कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी। ये पूरा मामला मुफस्सिल थाना क्षेत्र का है। दुमका डीएसपी हेडक्वार्टर विजय कुमार ने इस पूरे मामले की जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि सामूहिक दुष्कर्म की शिकार पीड़िता और सभी आरोपी अगल-बगल गांव के ही रहने वाले हैं। इस मामले में तीन नामजद और आठ अज्ञात पर एफआइआर दर्ज किया गया है। दुमका एसपी पीतांबर सिंह खेरवार के निर्देश पर गठित एसआइटी टीम में एसडीपीओ के साथ ही थाना प्रभारी नीतीश कुमार और महिला पुलिस को भी शामिल किया गया है। इस मामले में पीड़िता ने तीन नामजद और आठ अज्ञात लोगों के खिलाफ मुफस्सिल थाना में एफआईआर कराया है।

(शेष पेज 11 पर)

## स्पीड न्यूज

### जगनारायण त्रिपाठी बीएड कॉलेज के एकाउंटेंट ने सचिव व भाई पर लगाये गंभीर आरोप



मेदिनीनगर। जगनारायण त्रिपाठी बीएड कॉलेज के सचिव धनंजय त्रिपाठी व उनके भाई मृत्युंजय त्रिपाठी पर कॉलेज की एकाउंटेंट चंदा बाखला ने गंभीर आरोप लगाये हैं। बाखला ने प्रेस वार्ता कर बताया कि मैं कॉलेज में एक जुलाई 2023 से एकाउंटेंट पद पर कार्यरत हूं। जहां पर सचिव के द्वारा मेरे साथ अशोभनीय बात किया जाता था। साथ ही मेरे साथ छेड़खानी करते हुए जबरजस्ती किया जाता था। साथ ही अश्लील कार्य करने के लिए दबाव बनाया जाता था। जिसका विरोध मैं की तो मुझे पिस्तौल दिखाकर धमकी दिया गया। इसके बाद मैं इन सारी बातों को कॉलेज के कर्मियों को बताया तो कर्मियों ने कहा कि यह सब बात किसी को नहीं बताना। इसके बाद मैं काम छोड़ कर घर चली गई तो सचिव के भाई मृत्युंजय त्रिपाठी मेरे घर शाहपुर पहुंच कर मान मनव्वल करते हुए अपने गाड़ी में बैठाकर पुनः कॉलेज काम पर ले आये। साथ ही इनके द्वारा भी मेरे साथ सचिव की तरह की हरकत किया गया। इस बावत मैं पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर कार्रवाई करने की मांग की लेकिन पुलिस द्वारा न्याय नहीं मिलने पर डालटनगंज व्यवहार न्यायालय में मामला दर्ज कराया।

### मेरे और भाई पर लगाये गये आरोप बेबुनियाद व राजनीति से प्रेरित : धनंजय



मेदिनीनगर। जगनारायण त्रिपाठी बीएड कॉलेज के सचिव धनंजय त्रिपाठी ने कहा कि एकाउंटेंट चंदा बाखला द्वारा जो आरोप लगाया गया है वह बिल्कुल ही बेबुनियाद व सत्य से परे हैं। यह एक राजनीति से प्रेरित घटना प्रतीत होता है। उन्होंने कहा कि यह बिल्कुल ही पैसे वसूलने का एक षडयंत्र है। बखला द्वारा जो आरोप लगाये गये हैं उसी वक्त उसने इसका प्रतिकार और पुलिस से जांच की मांग क्यों नहीं की। उन्होंने कहा कि बाखला द्वारा मेरे मोबाईल पर मैसेज कर पैसे की मांग की गयी है। मासिक वेतन, यात्रा भत्ता एवं बाखला के भाई के कार्य का भी पैसे की मांग की गयी। जबकि उसके भाई को कॉलेज में काम के लिए रखा ही नहीं गया तो इसका मजदूरी कहां से बनता है। उन्होंने कहा कि आज तक मेरे जीवन में कभी किसी प्रकार का किसी ने कोई आरोप नहीं लगाया है। जो जांच का विषय बनता है। श्री त्रिपाठी ने कहा कि मेरे और मेरे भाई के उपर लगाये गये आरोप तथ्यहीन है। उन्होंने कहा कि बाखला एवं उसके पिता के द्वारा यह धमकी दिया गया कि हम कॉलेज को बदनाम कर देंगे। आपलोगों को एससी/एसटी का मुकदमा दर्ज कर बर्बाद कर देंगे। मेरा जो पैसा है उसे दे दीजिये।

### छठव्रतियों को हर सुविधा उपलब्ध कराने का निर्णय



हुसैनाबाद पलामू। शहर के पंच मंदिर सरोवर पार्क परिसर में छठ पूजा समिति व मुहल्लावासियों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने की। संचालन मुकेश कुमार विश्वकर्मा ने किया। बैठक में पूर्व की तरह इस वर्ष भी पंच मंदिर सरोवर तट पर छठव्रतियों की हर तरह की सुविधा उपलब्ध कराने की सहमति बनी। शांति पूर्ण संचालन के लिये छठ पूजा कमेटी का गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से विनय कुमार सिंह यादव, निवर्तमान नपं अध्यक्ष शशि कुमार, सुरेश ठाकुर, रामजन्म सिंह, अरविंद सिंह, रविंद्र चौधरी, सुधीर राम, अखिलेश मेहता, अजय सिंह को संरक्षक, श्यामा प्रसाद विश्वकर्मा उर्फ भोला विश्वकर्मा को अध्यक्ष, निरंजन प्रसाद, अखिलेश पासवान, पवन चौधरी को उपाध्यक्ष, अखिलेश यादव को सचिव, विजय कुमार यादव, संजय गुप्ता, अशोक विश्वकर्मा को उप सचिव, वीरेंद्र कुमार को कोषाध्यक्ष, मुकेश विश्वकर्मा को उप कोषाध्यक्ष,शंकर साव, रविकांत सिंह, शशिकांत ड्रेसेज, दीपक शर्मा, संजय विश्वकर्मा, सुरेंद्र कुमार आदि को धन संग्रह विभाग सह सक्रिय कार्यकारिणी सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया। मौके पर पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने कमेटी के लोगों को बधाई देते हुए लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा को शांति पूर्ण ढंग से संचालित करने की बात कही।

### एमओ ने कई होटलों में की गैस ईंधन की जांच



हरिहरगंज पलामू। हरिहरगंज प्रभारी एमओ ब्रजेश कुमार ने रविवार को शहर के कई होटलों में गैस इंधन जांच कर होटल संचालकों को कमर्शियल सिलेंडर उपयोग करने का निर्देश दिया है। उन्होंने बताया कि शहर के मेन रोड़ के किनारे संचालित होटल एवं बाजार क्षेत्र के होटल में जांच किया गया। एमओ ने बताया कि कई होटल में घरेलू सिलेंडर उपयोग होने की सूचना मिली थी। उसके बाद एक दर्जन से अधिक होटल में जाकर जांच किया गया एवं होटल संचालकों को घरेलू सिलेंडर उपयोग नहीं करने का निर्देश दिया गया। एमओ ने बताया कि जांच आगे भी जारी रहेगी। घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग करने वाले होटल के संचालक पर कार्रवाई की जाएगी।करीब एक माह पहले तत्कालीन एसडीएम नरेंद्र गुप्ता ने अनुमंडल क्षेत्र में संचालित होटलों में घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग नहीं हो इसके लिए बीडीओ, एमओ एवं कार्यपालक पदाधिकारी को कार्रवाई के लिए आदेश जारी किया था।

### विश्रामपुर सेवा भारती का गठन

विश्रामपुर (पलामू)। विश्रामपुर नप मुख्यालय स्थित शिव घाट परिसर में स्थानीय लोगो की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता वरीय समाज सेवी विजय पांडेय व संचालन संतोष केशरी ने किया। बैठक में विचार विमर्श के बाद विश्रामपुर सेवा भारती सामाजिक संस्था का गठन किया गया। सर्वसम्मति से विजय पांडेय को कमेटी का अध्यक्ष चुना गया। वही निवर्तमान वार्ड पार्षद सुनील कुमार चौधरी को उपाध्यक्ष,विजय कुमार रवि को सचिव,विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय को मंत्री,अमित कुमार चौधरी को कोषाध्यक्ष और पूर्व नप अध्यक्ष देवनारायण सिंह को कमेटी का संरक्षक बनाया गया है। इसके अलावा कई युवाओ को कार्यकरणी सदस्य में रखा गया है। नवगठित कमेटी विश्रामपुर नगर परिषद क्षेत्र में समाज सेवार्थ कार्य करेगा।

### लोकसभा चुनाव की आहट होते ही बढ़ी नेताओं की चहलकदमी

पांकी पलामू। लोकसभा चुनाव की आहट होते ही नेताओं का संसदीय क्षेत्र में चहल कदमी बढ़ गई है। नेता अपने अपने हिसाब से क्षेत्र का दौरा प्रारंभ कर चुके हैं। शनिवार को चतरा लोकसभा के पूर्व सांसद धीरेन्द्र अग्रवाल लेस्लीगंज होते हुए दोपहर पांकी पहुंचे जहां इनके पुराने कार्यकताओं ने भगत सिंह चौक पर माला पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया। सांसद श्री अग्रवाल ने कार्यकताओं से मुलाकात कर उनका कुशल क्षेम जाना। उन्होंने कहा की चतरा लोकसभा क्षेत्र मेरी कर्म भूमि रही है और मैं यहां से इग्यारहवीं एवं बारहवीं लोकसभा में भाजपा से एवं चौदहवीं लोकसभा में राजद से सांसद रहा हूं। इस बार भी मैं चुनाव मैदान में हूं। भाजपा मुझे अगर इसबार टिकट देती है तो मैं चुनाव लड़ूंगा और जीत का परचम लहराऊंगा। उन्होंने कहा कि लंबे समय के बाद भी जो मुझे दौरे के क्रम में जनता का प्यार मिल रहा है उसे मैं बयां नहीं कर सकता।इसके पूर्व उन्होंने लातेहार, महुआडांड, नेतरहाट, बारेसांढ,गारू, छिपादोहर, बरवाडीह का दौरा किया और अपने कार्यकताओं ,शुभचिंतकों से मुलाकात की।

### विधिक सप्ताह में कार्यक्रम का आयोजन

मेदिनीनगर। नालसा व झालसा के निदेर्शानुसार तीन नवंबर से नौ नवंबर 2023 तक विधिक सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है। उक्त आशय की जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने दी । उन्होंने बताया कि विधिक सेवा सप्ताह के तहत कई कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसके तहत गांव गांव में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही जेल में जागरूकता शिविर का भी आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नव नवंबर को लीगल सर्विसेज डे के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार में सबसे अच्छा काम करने वाले तीन पैनल अधिवक्ता व दो पीएलभी को सम्मानित किया जाएगा । उन्होंने बताया कि 100 दिवसीय जागरूकता कैम्पेन का कार्यक्रम भी चलाया जा रहा है । उन्होंने बताया कि एक दीवानी,एक आपराधिक व एक मेट्रोमोनियल के मामले में बेहतर व अच्छा कार्य करने वाले अधिवक्ता को सम्मानित किया जाएगा।

# डुमरी हाई स्कूल वर्षो से उपेक्षित रहा है : डॉ शशिभूषण



मनातू पलामू। पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने मनातू प्रखंड के ग्राम डुमरी के यूपीजी राजकीय हाई स्कूल में डीएमएफटी मद से बनाने के लिए चार कमरा निर्माण का आधारशिला रखा। इस मौके पर विधायक ने मंत्रोच्चार के साथ नारियल तोड़कर शिलान्यास किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पांकी विधायक ने कहा कि पलामू जिला का मनातू प्रखंड अतिनक्सलवाद ग्रसित एवं सबसे पिछड़ा प्रखंड रहा है। जहां पर विकास की किरणों नहीं पहुंच पायी। जिस कारण इस प्रखंड के लोग आज भी अपने आप को उपेक्षित महसूस करते थे लेकिन जबसे मैं इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहा हूं तबसे पूरे पांकी विस क्षेत्र में गांव, टोला या शिक्षण संस्थान, आंगनबाड़ी केंद्र, सड़क, पुल-पुलिया से लेकर मुलभूत सुविधाओं को बहाल करने में दिन रात लगा हूं। उन्होंने कहा कि डूमरी गांव का उच्च विद्यालय वर्षो से उपेक्षित रहा है। यहां पर डूमरी गांव ही नहीं बल्कि आसपास के कई गांव के बच्चे भविष्य निर्माण के लिए पढ़ने आते हैं। जिन्हें कमरा के अभाव में पठन पाठन कार्य बाधित होता था। जब यह मामला मेरे संज्ञान में आया तो मैं बच्चों के उज्वल भविष्य को देखते हुए तत्काल चार कमरा निर्माण कराने के लिए शिलान्यास किया। श्री मेहता ने कहा कि पूर्व के जनप्रतिनिधि के द्वारा विकास के नाम पर लोगों को धोखा देते हुए लूट योजना चलाया गया। जिसका सीधा लाभ जनप्रतिनिधि ही लिया करते थे। वर्तमान समय में जो विकास किये जा रहे हैं उसका लाभ सीधा पांकी विस क्षेत्र के तमाम जनता को मिल रहा है। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र यादव ने कहा कि विधायक के द्वारा जो विकास कार्य किये जा रहे हैं वह दिखाई दे रहा है। इसका सीधा लाभ क्षेत्र के लोगों को मिल रहा है। आनेवाले समय में भी यदि पुनः इन्हें कार्य करने का अवसर मिला तो पांकी विस की तस्वीर बदल जायेगी। सांसद प्रतिनिधि बीगू साव ने कहा कि विधायक श्री मेहता के नेतृत्व में जो विकास कार्य किये जा रहे हैं अगर इसी तरह का कार्य पूर्व के जनप्रतिनिधि द्वारा किया जाता तो क्षेत्र के लोगों को समस्या से जूझने का अवसर नहीं मिलता।

# मुरमुसी में सुपर एक्वा वाटर फिल्टर प्लांट का उद्घाटन विधायक, पूर्व विधायक समेत कई दिग्गज जुटे

खबर मन्त्र संवाददाता



नीलांबर पीतांबर पुर (पलामू)। प्रखंड के मुरमुसी में बिश्रामपुर विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, पांकी के पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह, प्रथम महापौर अरुणा शंकर, उपमहापौर मंगल सिंह, प्रफुल्ल सिंह ने सुपर एक्वा फिल्टर वाटर प्लांट का उदघाटन संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। इससे पूर्व संचालक राजू कुमार गुप्ता एवं अंकीत प्रताप देव ने अतिथियो को बुके व शॉल देकर स्वागत किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक ने बिट्टू सिंह ने कहा कि यह प्लांट लगने से स्थानीय लोगों को सस्ती दर पर शुद्ध जल मिलेगा। साथ-साथ पलामू प्रमंडल सहित चतरा तक इसका कारोबार किया जा सकता है। आजकल के समय में और शादी विवाह सहित कई आयोजनों में भी बोतल बंद पानी का मांग है । शुद्ध पानी का मांग बढ़ा है । यह प्लांट लगने से कई लोगों को रोजगार मुहैया होगा । वही विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि इस प्लांट की स्थापना सेआत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने संचालक को इस कार्य में दिनों दिन प्रगति करने की शुभकामनाएं दी। संचालक ने कहा कि इस घर घर तक शुद्ध जल पिलाना हमारा लक्ष्य है। किसी भी आयोजन में हम सस्ते दर पर शुद्ध पानी आपके घर तक पहुंचाने के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। मौके पर मेदनी नगर पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र सिंह, पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज सिंह, दिलीप सिंह नामधारी, विनय सिंह, संदीप कुमार साहू ,अधिवक्ता हरिनंदन सिंह, दिलीप कुमार सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

# महायज्ञ स्थल की सुरक्षा व्यवस्था में तत्पर रहेगी पलामू पुलिस : सुरजीत

खबर मन्त्र संवाददाता



मेदिनीनगर। महायज्ञ स्थल की सुरक्षा व्यवस्था में पलामू पुलिस सदैव तत्पर रहेगा। उक्त बातें पलामू के एसडीपीओ सुरजीत कुमार ने कही। श्री कुमार शनिवार को महायज्ञ स्थल पर सपत्नीक महावीर जी की आरती करने पहुंचे थे। श्री कुमार ने कहा कि महायज्ञ स्थल पर हनुमंत पूजा के पश्चात प्रतिदिन भव्य आरती का आयोजन किया जा रहा है जो सनातनी संस्कृति के लिए बहुत ही सराहनीय है। उन्होंने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि भव्य आरती समारोह के दौरान प्रतिदिन सुरक्षा के दृष्टिगत पीसीआर वैन के साथ पुलिसकर्मी मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा कि 21 नवंबर की ऐतिहासिक कलश यात्रा में वो सपत्नीक शामिल रहेंगे। इसके पूर्व महायज्ञ समिति के द्वारा सुरजीत कुमार को सपत्नीक राधा नाम पट्टा व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। आरती समारोह में श्री कुमार के द्वारा खीर का प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान महायज्ञ समिति के मार्गदर्शक मंडल के सदस्य ज्ञानचंद पाण्डेय, संरक्षक कृष्ण कांत चौबे, प्रवीण सिंह,नवीन तिवारी,महायज्ञ समिति के अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी,महासचिव शैलेश दूबे,शैलेश तिवारी, महायज्ञ समिति के महिला मंडल सदस्य मीना गुप्ता, श्वेता तिवारी,रानी शर्मा,किरण अग्रवाल, अंजू सांगा, अनील दूबे, आशुतोष पाण्डेय(लक्की),आनंद दूबे,विकास दूबे, बब्लू पाण्डेय, वीरमणी पाण्डेय,संजय पाण्डेय,सतीश पाण्डेय,लल्लू पाण्डेय, बृजेश शुक्ला, विशाल पाण्डेय, आरके चंदन,चंदन तिवारी, बिट्टू दूबे, गोरख पाठक सहित कई सदस्य मौजूद थे ।

# हमें किसी से बैर नहीं, देश द्रोहियों की खैर नहीं : सुमन

## पांडू कल्याण उच्च विद्यालय परिसर में हिंदू जागरण मंच ने किया युवा सम्मेलन का आयोजन

राज कुमार सिंह



पांडू पलामू। पांडू प्रखंड के कल्याण उच्च विद्यालय के मैदान में हिंदू जागरण मंच द्वारा युवा सम्मेलन सह संगठन विस्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उदघाटन हिंदू जागरण मंच के क्षेत्रीय संगठन मंत्री डा. सुमन ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर डा सुमन ने कहा कि भारत में रहने वाले सभी लोगों को भारत से प्यार करना चाहिए। भारत के सनातन धर्म के पर्व त्योहारों के रंग में देश के प्रत्येक नागरिकों को रंगने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हमें किसी से वैर नहीं पर देश द्रोहियों की खैर नहीं। देश में रहकर देश विरोधी मानसिकता को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भारत सिर्फ भूमि का एक टुकड़ा मात्र नहीं बल्कि हम सभी के लिए देवभूमि है। हमें राष्ट्र के सेवा में अपना जीवन समर्पण करने की जरूरत है। देशप्रेम से बढ़कर कोई दूसरा धर्म नहीं है। उन्होंने युवाओं को आह्वान करते हुए कहा कि युवा राष्ट्रहित में आगे आएं। राष्ट्र रक्षा सभी के लिए सर्वोपरि होना चाहिए। युवा शक्ति देश के लिए सर्वोपरी है। डा सुमन ने कहा कि आतंकवादी संगठन हमास के जवाब में इजराईल निवासियों ने जो देशभक्ति दिखाया है उससे हमसभी को सबक लेने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि धर्मांतरण किसी भी सूरत में हमें स्वीकार नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि भारत में एक सोची समझी साजिश के तहत लव जिहाद का खेल चल रहा है जिसे हिंदू धर्म को तोड़ने व समातन धर्म को बदनाम करने के लिए दूषित मानसिकता के राजनीत करने वाले लोगों का एक षडयंत्र है। उन्होंने कहा कि देश आजादी के बाद भारत को पहला मोदी जैसा प्रधानमंत्री मिला है जिसके नेतृत्व में भारत ही नहीं पूरा विश्व लोहा मान रहा है। मोदी जी के नेतृत्व में राष्ट्र सर्वोपरी है। उन्होंने कहा कि हम हिन्दू समाज को ऐसे साजिशों का मुहतोड़ जवाब देना होगा। जो देश विरोधी हिंदू विरोधी कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंच के प्रखंड संयोजक सन्नी सिंह ने की व संचालन सतीश पासवान व विषय प्रवेश पुष्प रंजन ने किया।

# पूर्व सांसद ने किया होटल स्वागतम और फैमिली रेस्टोरेंट का उद्घाटन



छतरपुर पलामू। छतरपुर के एन एच 98 के देवगन मोड़ के समीप रविवार को पूर्व सांसद भाजपा नेता मनोज कुमार ने होटल स्वागतम एसी फैमिली रेस्टुरेंट का उदघाटन किया। मौके पर पूर्व सांसद ने कहा कि छतरपुर के आसपास में अच्छे होटल की कमी महसूस की जा रही थी, जहां लोग परिवार के साथ समय बिता सके। मौके पर होटल के संचालक रितेश कुमार गुप्ता ने कहा कि स्वागत होटल ग्राहकों के सेवा के लिए 24 घंटे तत्पर रहेगा। बनारस के कुशल कारीगरों के द्वारा स्वादिष्ट भोजन उपलब्ध कराया जाएगा साथ ही सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया है। उन्होंने बताया कि होटल क्षेत्र के दस किलोमीटर की परिधि में फ्री होम डिलीवरी की व्यवस्था की जाएगी। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार गुप्ता, भाजपा नेता संतोष कुमार गुप्ता, विपिन गुप्ता, चितरंजन कुमार, अयोध्या प्रसाद, श्रवन कुमार,पप्पू गुप्ता, सुदर्शन यादव समेत कई लोग मौजूद थे।

# सरकार को उखाड़ फेके जनता : आलोक

खबर मन्त्र संवाददाता



चैनपुर पलामू। चैनपुर प्रखंड के ग्राम जयनगरा से सलतुवा जाने वाली मुख्य सड़क के बीच पुल का शिलान्यास क्षेत्रीय विधायक आलोक चौरसिया ने किया। कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए विधायक श्री चौरसिया ने कहा कि ग्रामीणों ने पुल निर्माण की मांग की थी। ग्रामीणों का कहना था कि क्षेत्र में पुल नहीं होने से जनजीवन ही नहीं विकास की गति धीमी थी। इस पुल के कारण करीब 12 से 15 गांव प्रभावित थे। इस पर विधायक ने कहा कि हमने तत्काल ग्रामीण विकास विभाग से बात कर अपने क्षेत्र की समस्याओं से रूबरू कराया । इसके बाद ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा इस पुल की निर्माण की स्वीकृति मिल गई। उन्होंने कहा कि डालटनगंज-चैनपुर-भंडरिया विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को लेकर संकल्पित हैं। विधायक ने कहा कि जहां एक तरफ राज्य सरकार जनहित की समस्याओं से दूर अपनी झोली भरने में है । हेमंत सरकार को जनता के दुख दर्द से कोई लेना देना नहीं है। कहा कि वर्ष 2024 में झारखंड की जनता जनहित विरोधी सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेगा। मौके पर जिला परिषद प्रमोद सिंह , मुखिया अरविंद तिवारी समेत कई लोग उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### मृतक के परिजन को सरकारी लाभ दिलाया जायेगा : संग्राम



पाटन पलामू। पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम निमिया निवासी पच्चू मोची के पुत्र अंतुस राम तीन नवंबर को सड़क दुर्घटना में जख्मी हो गया था। जिसे इलाज हेतु मेदिनीनगर एमएमसीएच मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। जहां चिकित्सकों ने बेहतर ईलाज के लिए उसे रांची रिम्स रेफर कर दिया था। रांची ले जाने के क्रम में बीच रास्ते में ही अंतुस की मौत हो गई। जिसे परिजनों ने बिना अंत्यपरीक्षण कराये हुए दाह संस्कार के लिए घर ले आया। इसकी जानकारी जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह को मिला तो वे मृतक के घर पहुंचकर परिजनों से बात कर शव का अंत्यपरीक्षण कराने के लिए मेडिकल कॉलेज ले आये।

### सीओ ने किया कई मतदान केंद्रों का निरीक्षण



हरिहरगंज पलामू। प्रखंड क्षेत्र के कई मतदान केंद्रों का निरीक्षण अंचलाधिकारी यमुना रविदास के द्वारा रविवार को किया गया। इस दौरान अंचलाधिकारी ने हरिहरगंज, विजनिवार, ढाब कला, सेमरवार कौवाखोह सहित कई मतदान केंद्र में उपस्थित बीएलओ को मतदाता सूची को लेकर कई दिशा निर्देश दिए । साथ ही उन्होंने कहा कि किसी भी पात्र मतदाता का नाम छूटने न पाए। मतदाता सूची को त्रुटि रहित एवं विवाद रहित बनाने के लिए अभी से ही पूरी सतर्कता से कार्य करे । साथ ही कहा कि पुनरीक्षण अभियान के दौरान मतदाता सूची में पात्र एवं छूटे हुए मतदाताओं को जोड़ा जाएगा। अभियान के तहत जिनका वोटर कार्ड नहीं बना है, वो भी अपना वोटर कार्ड बनवा सकते हैं ।

### पांकी में विहंगम योग का रक्तदान शिविर



मेदिनीनगर। विहंगम योग संस्थान के द्वारा रविवार को पांकी स्थित अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। संस्था के जिला सह संयोजक बनारसी प्रसाद यादव ने सदगुरु देव के तस्वीर पर माल्यार्पण कर शिविर का उदघाटन किया। उन्होंने कहा कि स्वर्वेद कथामृत के प्रवर्तक संत प्रवर विज्ञान देव जी महाराज के पावन जन्मोत्सव पर जिले में रक्तदान अभियान चल रहा है। सदगुरु के प्रति सेवा एवं समर्पण का भाव रखते हुए भक्तजन उत्साहित होकर रक्तदान कर रहे हैं। रक्तदान जीवनदान के साथ साथ सबसे बड़ा मानव सेवा है। रक्तदाता रक्तदान कर दूसरे का जीवन बचाने में भागीदारी निभाते हैं। शिविर में ओंकारनाथ पाठक,संजय प्रजापति,अजीत मेहता,चंचला,अक्षय पाठक,चेतन प्रजापति,शैलेश, सुधीर सत्यार्थी सहित 12 भक्तजनों ने उत्साहित होकर रक्तदान किया। रक्तदान शिविर को सफल बनाने में संस्था के अवधेश कुमार,कामख्या पाठक,उमेश कुमार,विनोद सिंह, भुल्लू मिस्त्री सहित कई सेवा प्रभारी सक्रिय थे।

# 'छोड़ो बातें फिर कभी' हरिवंश प्रभात की सहज, सरस व सारगर्भित संग्रह : नामधारी

खबर मन्त्र संवाददाता



मेदिनीनगर । सुप्रसिद्ध कवि श्री हरिवंश प्रभात के पचहत्तरवें जन्मदिन के अवसर पर उनके द्वारा रचित गजल संग्रह 'छोड़ो बातें फिर कभी' का भव्य लोकार्पण मेवा चौधरी मेमोरियल हाल में किया गया। प्रोफेसर सुभाषचन्द्र मिश्रा की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि श्री इंदर सिंह नामधारी,विशिष्ट अतिथि शिक्षाविद् श्री राजेश्वर पाण्डेय, प्रोफेसर कमलाकांत मिश्रा,सुरेन्द्र मिश्रा कमलाकांत मिश्र,डॉ रमेश चंचल,केडी सिंह व विजय प्रसाद शुक्ल के हाथों पुस्तक का लोकार्पण हुआ। तत्पश्चात विषय प्रवेश उमेश कुमार पाठक 'रेणु' ने कराया। संचालन शिक्षक परशुराम तिवारी ने किया। सरस्वती वंदना रामप्रवेश पंडित ने किया। परिमल प्रवाह के सचिव विजय शंकर मिश्र ने हरिवंश प्रभात के व्यक्तित्व व कृतित्व पर कविता पढ़कर शमां बांध दिया। डॉ विजय प्रसाद शुक्ल ने उनके सम्मान में अभिनंदन पत्र पढ़ा। परिमल प्रवाह व उपस्थित विद्वत जनों व कवियों-लेखकों शुभचिंतकों ने हरिवंश प्रभात के पचहत्तरवें जन्मदिन व 'छोड़ो बातें फिर कभी' लिखने के लिए उन्हें सम्मानित किया तथा उपहार भेंट किया।

# बिश्रामपुर छठ पूजा महासमिति गठित, राजेश मार्शल बने अध्यक्ष



बिश्रामपुर (पलामू) । नप मुख्यालय स्थित शिव घाट पर बिश्रामपुर सेवा भारती की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता सेवा भारती के अध्यक्ष विजय पांडेय व संचालन युवा समाजसेवी संतोष कुमार केशरी ने किया। बैठक में छठ महापर्व पर चर्चा हुई और छठ पूजा के सफल आयोजन और संचालन हेतु एक महासमिति का गठन किया गया। सर्वसम्मति से राजेश मार्शल को महासमिति का अध्यक्ष मनोनित किया गया। वहीं राकेश केशरी,विनोद विश्वकर्मा व संतोष केशरी को उपाध्यक्ष,कमलेश प्रसाद गुप्ता व शिव प्रसाद सोनी को कोषाध्यक्ष तथा जयंत चौहान को सचिव बनाया गया। इसके अलावा ग्यारह सदस्यीय कार्यकारणी भी गठित किया गया। मौके पर विजय पांडेय ने कहा कि बिश्रामपुर सेवा भारती के बैनर तले नवगठित महासमिति पूरी आस्था के साथ छठ महापर्व पर कार्य करेगी। विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय ने बताया कि महासमिति बिश्रामपुर और आसपास के सभी पूजा समितियों के साथ सामंजस्य स्थापित कर हर घाटों पर कुछ अलग और बेहतर करने का प्रयास करेगा।

# कर्नल कप टूर्नामेंट को ले कोर कमेटी की हुई बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



हुसैनाबाद (पलामू)। कर्नल ब्रिगेड स्पोर्ट्स क्लब जपला के तत्वावधान में आगामी 23 नवंबर से शुरू हो रही कर्नल कप फुटबॉल प्रतियोगिता को लेकर नामांकित टीमों के कैप्टन के साथ कोर कमेटी की बैठक आहूत की गई । जिसकी अध्यक्षता क्लब के अध्यक्ष मानिक चंद सिंह ने की। बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा करते हुए कर्नल कप फुटबॉल टूनार्मेंट के आयोजन को अंतिम रूप दिया गया। कमेटी के सदस्यों ने निर्णय लिया है कि टूनार्मेंट को शांति पूर्वक व सुचारु रूप से संपन्न किया जाएगा। साथ ही कोर कमेटी के सदस्यों के साथ क्लब के संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने कपूर्री ठाकुर मैदान का जायजा लिया। उसके बाद कर्नल संजय सिंह कहा कि इस बर्ष का टूनार्मेंट भव्य और शानदार होगा। कर्नल कप टूनार्मेंट का नतीजा है कि आज हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में हर गांव के बच्चे फुटबॉल खेलते नजर आ रहे हैं। इस बैठक में स्पोर्ट्स क्लब से जय कुश सिंह ,भर्दुल सिंह, लालकेश्वर पासवान, महेंद्र चौधरी, विनय कुमार सिंह, लालधन ठाकुर, निर्णायक सुदय सिंह, नेहाल मिर्जा ,सगीर अहमद, एस एम अकरम तथा मिडिया प्रभारी सुभाष कुमार, मनोहर सिंह, अनुशासन कमेटी से भानु प्रताप सिंह, राहुल कुमार ,अमरेन्द्र कुमार, प्रह्लाद ठाकुर व सभी टीमों के कैप्टन मुख्य रूप से उपस्थित थे। कर्नल ब्रिगेड फुटबॉल टूनार्मेंट 2023 के रूपरेखा व टीम सूची की जानकारी कमिटी की आगामी बैठक में 16 नवंबर को दिया जाएगा।

# सिक्का छठ पूजा समिति ने शुरू की घाटों की सफाई

खबर मन्त्र संवाददाता



पड़वा पलामू। छठ महापर्व को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में भी तैयारी शुरू कर दी गई है। हलाकि नदियों में पानी नहीं रहने के कारण छठ व्रतियों को पानी उपलब्ध कराने की भी व्यवस्था की जा रही है। पड़वा प्रखण्ड क्षेत्र के सिक्का सूर्य मंदिर परिसर छठ व्रतियों की काफी संख्या रहतीं हैं। सूर्य मंदिर परिसर में सिक्का, गड़ेरियाडीह, कठौतिया आदि गांवों के छठ व्रति आते हैं। छठ व्रतियों की अधिक संख्या को देखते हुए सिक्का छठ पूजा समिति छठ व्रतियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए छठ घाटों की साफ सफाई व पुल टुट जाने की वजह से बने गड्ढे को भरवाने का काम शुरू कर दिया गया है। समिति के अध्यक्ष गुरूदयाल सिंह ने बताया कि इस छठ घाट पर छठ व्रतियों की संख्या काफी अधिक होती है। इसके साथ ही रात्रि में छठ घाट पर भक्ति जागरण का भी आयोजन किया जाता है। इस बार बिहार के भोजपुरी कलाकार अक्षर गुप्ता एवं झारखंड के अभिमन्यु क्रांति के बीच मुकाबला होगा। आयोजन को सफल बनाने एवं छठ व्रतियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कमिटी के कार्यकारी अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष उमेश सिंह , सचिव परशुराम सिंह ,संगठन मंत्री नीरज पाठक ,मंत्री मृत्युंजय सिंह, दीपक मेहता, भवानी सिंह, अमित ,सुबोध, पंचम ,प्रवीण ,राजा, रामस्वरूप, आशुतोष, निरंजन सक्रियता के साथ लगे हुए हैं।

# एनआइटी जमशेदपुर के दिये रोडमैप पर आगे बढ़ते रहें छात्र-छात्राएं : राज्यपाल

## एनआइटी के दीक्षांत समारोह में शायरी चटर्जी और मैनाक भट्टाचार्य को मिला गोल्ड मेडल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** गत शनिवार को आदित्यपुर स्थित एनआईटी जमशेदपुर में 13वां दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया है जिसमे संस्थान के बीटेक, एमटेक, एमएससी, एमसीए तथा पीएचडी के कुल 1040 छात्र- छात्राओं को डिग्री प्रदान की गयी। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को शामिल होना था लेकिन अपरिहार्य कारणों से राज्यपाल का आगमन टल गया।

एनआईटी संस्थान के मल्टीपर्पस हॉल में आयोजित दीक्षांत समारोह में सेंट्रल यूनिवर्सिटी झारखंड के कुलपति क्षिति भूषण दास, एनआइटी जमशेदपुर के पूर्व छात्र व जिंदल पॉवर एंड स्टील के अध्यक्ष अनिल सिंह, एनआईटी बोर्ड गवर्नेंस चेयरमैन टी कृष्ण प्रसाद, निदेशक डा. गौतम सूत्रधार मौजूद रहे। इस दौरान 663 छात्र छात्राओं को बीटेक डिग्री प्रदान की गयीं, जबकि 42 को पीएचडी की डिग्री, 152 छात्रों को एमटेक, 94 को एमसीए , 84 एमएससी के छात्र छात्राओं को डिग्री प्रदान किया गया।

दीक्षांत समारोह में एनआइटी में मेटलार्जिकल की छात्रा एवं जमशेदपुर निवासी शायरी चटर्जी और कोलकाता निवासी और एमएससी फिजिक्स के छात्र मैनाक भट्टाचार्य को गोल्ड मेडल चेयरमैन टी. कृष्णा प्रसाद ने प्रदान किया। इसके अलावा 20 छात्र-छात्राओं को सिल्वर मेडल मिला।

दीक्षांत समारोह में राज्यपाल ने वीडियो संदेश से छात्र- छात्राओं को संबोधित किया और छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए राज्यपाल ने कहा कि छात्र-छात्राओं के कड़ी मेहनत का नतीजा है कि उन्हें आज डिग्री व मेडल से सम्मानित किया जा रहा है। राज्यपाल ने कहा की सफलता एक दिन में हासिल नहीं होती ,इसके लिए आपको लग्न के साथ मेहनत करना होता है। संस्थान ने आपके लिए रोड मैप तैयार कर दिया है, लेकिन इस पर छात्रों को ही आगे बढ़ाना है।

वहीं इस दौरान कार्यक्रम के समापन पर पत्रकारों से बातचीत के दौरान एनआईटी बोर्ड का गवर्नेंस टी कृष्ण प्रसाद ने कहा की एनआईटी के इतिहास में पहली बार 42 छात्र पीएचडी की डिग्री हासिल किये हैं जो गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि एनआईटी कॉलेज रैंकिंग सुधार को लेकर भी लगातार बेहतर प्रयास हो रहे हैं, बताया की टॉप 100 के लिए रैंकिंग बढ़ी है, जल्द ही इसका बेहतर नतीजा देखने को मिलेगा। एनआइटी के निदेशक गौतम सूत्रधार ने कहा कि हम साल में 80 पी.एचडी छात्र देने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। इसदिशा में मेहनत संस्थान के फैकल्टी शुरु कर चुके हैं।

## रिसर्च क्षेत्र में करियर बनायेंगी शायरी चटर्जी

**जमशेदपुर।** एनआइटी जमशेदपुर के 13 वें दीक्षांत समारोह में मेटलर्जीकल एंड मैटेरियल्स इंजीनियरिंग में गोल्ड मेडल प्राप्त करनी वाली छात्रा शायरी चटर्जी जमशेदपुर निवासी हैं। उनके पिता टाटा स्टील में सप्लाई चेन विभाग के हेड पद पर कार्यरत हैं जबकि मां सोमा चटर्जी शिक्षिका हैं। शायरी चटर्जी का प्लेसमेंट कमिंस इंडिया में शानदार पैकेज पर हुआ है किन्तु वह अब आइआइटी मुंबई से पी.एचडी कर रही हैं। शायरी चटर्जी अपना कैरियर रिसर्च और तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में बना कर देश की सेवा करना चाहती हैं।



शायरी ने शानदार प्लेटफार्म देने के लिए अपने इंजीनियरिंग कॉलेज एनआइटी जमशेदपुर के शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ-साथ सपोर्ट देने के लिए अपने माता-पिता औन नानाजी के आशीर्वाद के लिए धन्यवाद कहा है।

## स्पीड न्यूज

### क्वांटम कंप्यूटिंग के क्षेत्र में पीएचडी कर रहे हैं मैनाक भट्टाचार्य

**जमशेदपुर।** एनआइटी जमशेदपुर के 13 वें दीक्षांत समारोह में एम. एससी इन फिजिक्स के छात्र मैनाक भट्टाचार्य को गोल्ड मेडल मिला है। वे कोलकाता के रहने वाले हैं। उनके पिता अमिताभ भट्टाचार्य साउथ इर्स्टन रेलवे में कार्यालय अधीक्षक के पद पर कार्यरत हैं जबकि मां तनुश्री भट्टाचार्यी गृहणी हैं। मैनाक भट्टाचार्य इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड रिसर्च,भोपाल से क्वांटम कंप्यूटेशन में में पी.एचडी कर रहे हैं। उनका कहना है कि वे क्वांटम कंप्यूटेशन के क्षेत्र में अपना कैरियर बनाना चाहते हैं। इस क्षेत्र में देश को अभी बहुत काम करना है। अभी देश में फर्स्ट जेनरेशन के क्वांटम कंप्यूटेशन पर काम चल रहा है। आने वाले दिनों में इस सेक्टर का महत्व और बढ़ेगा।

### बेल्डीह बैप्टिस्ट चर्च में दयानिधि राव एंड टीम ने आध्यात्मिक संगीत से मसीही समुदाय को झुमाया

**जमशेदपुर।** बेल्डीह बैपटिस्ट चर्च, जमशेदपुर द्वारा अपनी स्थापना के शताब्दी समारोह (1923-2023) मनाया जा रहा है। इस उपलक्ष में इस वर्ष 9 जनवरी से कई कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताएं आयोजित किये गये। इसी क्रम में 4 नवंबर की संध्या चर्च परिसर में कोलकाता की दयानिधि राव एंड टीम ने अध्यात्मिक संगीत की प्रस्तुति दी। टीम की प्रस्तुति का लुत्फ मसीही समुदाय ने देर शाम तक उठाया। चर्च के के मानद सचिव एचके रॉय, कोषाध्यक्ष सीकेएस सैम्यूएल ने बताया कि आने वाले समय में कुछ अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे एवं समारोह का समापन 31 दिसम्बर 2023 को विशेष कार्यक्रम में विजेता प्रतिभागियों के मध्य पुरस्कार वितरण कर किया जायेगा। इसी क्रम में आयोजित 10 नवंबर से 12 नवंबर तक तीन दिवसीय आत्मिक जागृति सभाओं का आयोजन किया जा रहा है।

### सोहराय पर्व का गोट बोंगा 12 नवंबर को

**जमशेदपुर।** बाहा बोंगा के बाद आदिवासी समाज का सबसे बड़ा और पवित्र पर्व सोहराय पर्व यानि गोट बोंगा है, जिसकी शुरूआत 11 नवंबर से उम नाड़का के साथ होगी जो पांच दिनों तक चलेगी । कार्तिक अमावस्या दिन सामूहिक रूप से विभिन्न गांव के नायके बाबा (पुजारी) द्वारा अपने-अपने गांव में गोट बोंगा कर इस पर्व की शुरूआत की जाती है । इस बोंगा में विभिन्न प्रकार के मुर्गे की बलि दी जाती है। इसके बाद गांव के लोगों द्वारा प्रसाद के रूप में सोड़े ग्रहण किया जाता है। जमशेदपुर शहर से सटे करनडीह, सारजमदा, तालसा, शंकरपुर, रानीडीह, मातलाडीह, काचा, हलुदबनी, पोंडेहासा, खुखड़ाडीह, बाघमारा, परसुडीह आदि ग्रामीण इलाकों में अभी से ही सोहराय पर्व की तैयारी चल रही है। जहां, गांव के पुरुष बाजारों से आवश्यक सामग्री खरीदने में लगे हुए हैं वहीं, महिलाएं अपने-अपने घरों की दीवारों में लिपाई पुताई व रंगाई के साथ-साथ विभिन्न प्रकार की कलाकृति बनाने में व्यस्त हैं जिसमें उनके छोटे छोटे बच्चे भी उनका हाथ बंटाने में लगे हुए हैं।

## कीनन स्टेडियम में खुला जेजे ईरानी क्रिकेट अकादमी

# टाटा स्टील के एमडी टीवी नरेंद्रन ने किया अकादमी का उद्घाटन



कीनन स्टेडियम में अकादमी का उद्घाटन करते एमडी एवं सीइओ टीवी नरेंद्रन। साथ में स्व. जेजे ईरानी की धर्मपत्नी डेजी ईरानी, वीपी चाणक्य चौधरी व जमशेदपुर एफसी के सीइओ मुकुल विनायक चौधरी।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील ने खेल को बढ़ावा देने और प्रतिभाओं को पोषित करने की अपनी निरंतर प्रतिबद्धता में, गत शनिवार को कीनन स्टेडियम में जे जे ईरानी क्रिकेट अकादमी का उद्घाटन किया। महान डॉ जमशेद जे ईरानी की स्मृति में नामित अकादमी का उद्देश्य क्रिकेट के प्रति उनके जुनून और टाटा स्टील, समुदाय और खेल में उनके अमूल्य योगदान को आगे बढ़ाना है। सीईओ और प्रबंध निदेशक टीवी नरेंद्रन इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर डेजी ईरानी सहित उनके परिवार के सदस्य, जमशेदपुर के प्रमुख नागरिक और टाटा स्टील के वरिष्ठ प्रबंधन उपस्थित थे। टाटा स्टील के कॉरपोरेट सर्विसेज के उपाध्यक्ष चाणक्य चौधरी ने मेहमानों का स्वागत किया और कार्यक्रम की रूपरेखा तय की। इस अवसर पर टीवी नरेंद्रन, श्रीमती डेजी ईरानी और अन्य लोगों द्वारा आभासी पट्टिका का अनावरण किया गया, जो अकादमी के आधिकारिक उद्घाटन का प्रतीक है। इस अवसर पर बोलते हुए, टीवी नरेंद्रन ने कहा, जे जे ईरानी क्रिकेट अकादमी सिर्फ एक अकादमी नहीं है, यह टाटा स्टील, क्रिकेट और समुदाय पर डॉ जे जे ईरानी के अमिट प्रभाव के लिए एक श्रद्धांजलि है। हमें उनका सम्मान करते हुए खुशी हो रही है। विरासत और युवा क्रिकेटरों को सीखने, बढ़ने और उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए एक मंच प्रदान करना। उन्होंने डॉ जे जे ईरानी की खेल विरासत को आगे बढ़ाने के लिए डेजी ईरानी और उनके परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया। डेजी ईरानी और उनके परिवार ने कार्यान्वयन भागीदार के रूप में टाटा स्टील के साथ एक क्रिकेट अकादमी स्थापित करने की पहल की है। उन्होंने अकादमी के लिए अपना दृष्टिकोण साझा किया जिसका उद्देश्य अपने छात्रों के बीच प्रतिभा और तकनीक को बढ़ावा देना है। अकादमी के व्यापक कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल क्रिकेट कौशल बल्कि सौहार्द, अनुशासन और नेतृत्व के मूल्यों को भी विकसित करना है। यह नवीनतम प्रशिक्षण तकनीकों पर विशेषज्ञों द्वारा सत्र प्रदान करेगा और प्रमुख क्रिकेट हस्तियों द्वारा विशेष अतिथि सत्र की मेजबानी करेगा।

# इंट्रा डीबीएमएस फेस्ट रेनबो-2023 में छात्र-छात्राओं ने दिखायी प्रतिभा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** डी.बी.एम.एस. अपने विद्यार्थियों को भविष्य के लिए तैयार करने में खुद को समर्पित करता है इस कड़ी में आज डी.बी.एम.एस कदमा कलाकृति सभागार में इंट्रा डी.बी.एम.एस फेस्ट रेनबो प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिसमें प्रश्नोत्तरी, भारतीय लोकगीत, अंग्रेजी समूह गीत, और अंग्रेजी और हिन्दी में भाषण, पेन्सिल स्केचिंग, पोस्टर कलरिंग और बेस्ट ऑफ द बेस्ट जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिन इकाइयों ने भाग लिया वे **क्रमश : ये हैं** डी.बी.एम.एस इंग्लिश स्कूल, डी.बी.एम.एस कदमा हाई स्कूल, डी.बी.एम.एस कैरियर अकादमी, डी.बी.एम.एस गर्ल्स स्कूल, डी.बी.एम.एस लिलिपुट स्कूल, डी.बी.एम.एस ट्राइबल स्कूल , धनचटानी , टेल्को

इंट्रा स्कूल प्रतियोगिता का उद्घाटन डी.बी.एम.एस बोर्ड ऑफ ट्रस्टी के अध्यक्ष बी.चंद्रशेखर ,सह-अध्यक्षा कमला सुब्रमनियम, सचिव गीता मोहन दास, जयन्ती राम मूर्ती विवेक धर्मराजन, जी . शंकर एवं डी.बी.एम.एस स्कूल की सचिव अर्चना रमेश, अनिता रामकृष्णन, एवं डी.बी.एम एस. कॉलेज की सचिव श्रीप्रिया धर्मराजन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। क्विज मास्टर कोलकाता के सम्मानवे बनर्जी, अंग्रेजी भाषण के लिए नरगिस मदान और डॉ. मोनिका उप्पल, हिन्दी भाषण के लिए गीता दुबे और सुधा गोयल और पेन्सिल स्केचिंग, पोस्टर कलर और बेस्ट ऑफ बेस्ट प्रतियोगिता के लिए नागेश चौधरी, अनूप सिंह और जैस्मीन अडेसरा, समूह क्षेत्रीय गीत अनिता सिंह,पवन चौबे समुह अंग्रेजी गीत रोनाल्ड डी कोस्टा, सतीश तापा सभी निर्णायक की भूमिका में उपस्थित थे।







सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करते छात्र-छात्राएं।



फेस्ट के उद्घाटन के दौरान चेयरमैन बी चंद्रशेखरन व अन्य अतिथि।

1. क्विज प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार डी.बी.एम.एस इंग्लिश स्कूल , द्वितीय पुरस्कार डी.बी.एम.एस कदमा हाई स्कूल, एवं तृतीय डी.बी.एम.एस कैरियर अकादमी
2. भारतीय लोकगीत प्रथम पुरस्कार डी.बी.एम.एस कदमा हाई स्कूल, द्वितीय पुरस्कार डी.बी.एम.एस इंग्लिश स्कूल, तृतीय पुरस्कार डी.बी.एम.एस लिलिपुट स्कूले
3. पोस्टर कलर में तीनो पुरस्कार प्रथम, द्वितीय, तृतीय डी.बी.एम.एस इंग्लिश स्कूल को मिला।
4. पेन्सिल स्केचिंग प्रथम पुरस्कार डी.बी.एम.एस इंग्लिश स्कूल, द्वितीय पुरस्कार एवं तृतीय पुरस्कारडी.बी.एम.एस कदमा हाई स्कूल को मिला।
5. बेस्ट ऑफ द बेस्ट प्रथम पुरस्कारडी.बी.एम.एस कदमा हाई स्कूल, द्वितीय पुरस्कारडी.बी.एम.एस गर्ल्स स्कूलतृतीय पुरस्कारडी.बी.एम.एस ट्राइबल स्कूल , धनचटानी , टेल्को
6. अंग्रेजी समूह गीत प्रथम पुरस्कार डी.बी.एम.एस कदमा हाई स्कूल, द्वितीय डी.बी.एम.एस इंग्लिश स्कूल, तृतीय पुरस्कारडी.बी.एम.एस लिलिपुट स्कूल को मिलो
7. अंग्रेजी भाषण प्रथम पुरस्काडी.बी.एम.एस कदमा हाई स्कूल, द्वितीयडी.बी.एम.एस इंग्लिश स्कूलतृतीयडी.बी.एम.एस गर्ल्स स्कूल ।

धन्यवाद ज्ञापन डी.बी.एम.एस बोर्ड ऑफ ट्रस्टी के सचिव गीता मोहन दास ने किया। इस अवसर पर सभी स्कूलों की प्राचार्या एवं ट्रस्टी के सभी पदाधिकारी एवं सम्मानित सदस्य उपस्थित थे ।

## एक नजर में

### कुंभकार समिति के शिविर में 197 यूनिट रक्तदान



रक्तदान शिविर का दृश्य।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जमशेदपुर।** आज कुंभकार समिति की ओर से आठवां रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 197 ने रक्तदान किया इस रक्तदान को और अधिक से अधिक रोमांच करने के लिए रक्तदान दाताओं के बीच एक लॉटरी का आयोजन किया गया था जिसमें तीन पुरस्कार रखा गया था। प्रथम पुरस्कार सुभाजित दास, द्वितीय पुरस्कार बंकिम चौधरी, तृतीय पुरस्कार देवाशीष गोरीई को मिला इस कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष मनोरंजन बेज, महा सचिव बंकिम चौधरी, कार्यकारी अध्यक्ष हरे कृष्ण पाल ,सीताराम बेज,बालाराम दास,त्रिलोचन पाल, अजय दास, भैरव प्रमाणिक , जितेन दास, चैतन मॉडल ,संजय दास, आदित्य बेज,विकास पाल, अमित दास, हरेकृष्ण दास, रोहिणी दास, वंदना दास, पिंकी बेज, सुब्रतो दास,मनोज पाल,संकर दास, जयंतो बेज,देवी प्रसाद पाल, बिनंद राखाल दास,मलय दास और भी सदस्य का योगदान से सफल हुआ।

### मंत्री बन्ना गुप्ता ने एमजीएम मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया

**जमशेदपुर।** एमजीएम मेडिकल कालेज के स्टूडेंट्स आज सुबह स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता से उनके कदमा स्थित कार्यालय में मिलकर अपनी समस्याओं को उनके समक्ष रखा था। मंत्री ने उनको आश्वासन दिया था के संध्या के समय वह कॉलेज जाकर इन समस्याओं को देखेंगे.इसी के तहत राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता रविवार को जमशेदपुर के एमजीएम मेडिकल कालेज का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कॉलेज के बॉयज हॉस्टल, शौचालय, खेल का मैदान,ऑडिटोरियम आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के उपरांत स्वास्थ्य मंत्री कॉलेज परिसर में एलएनटी के द्वारा बनाए जा रहे नए अस्पताल भवन की जानकारी ली। उसके बाद वे एलएनटी के अधिकारियों से मिलकर काम के वस्तुस्थिति से अवगत हुए। इस दौरान उन्होंने कॉलेज के स्टूडेंट्स से भी मुलाकात की और उनकी समस्याओं से अवगत हुए। मंत्री ने सभी को आश्वस्त किया कि उनकी समस्या का समाधान शीध्र होगा। करीब एक घंटे कॉलेज में रहने के पश्चात मंत्री बन्ना गुप्ता ने पत्रकारों से बातचीत मे कहा कि एमजीएम कॉलेज सरकार की एक संस्था है और यहां से अच्छे डॉक्टर का निर्माण होता है,लेकिन यहां पर कई खामियां है उसे दूर करने के उद्देश्य से ही उनका दौरा है । यहां पर क्या खामियां है उसकी जानकारी लेने आएं हैं ताकि इन खामियां को दूर किया जा सके।

### चेपा पुल के पास सीकेजी हेल्थ केयर का हुआ उद्घाटन

**जमशेदपुर।** 5 नवंबर को चेपापूल, मानगो में सीकेजी हेल्थ केयर का उद्घाटन सुनील कुमार पांडे एवं आरती पांडे ने फीता काटकर किया। यहां पर दवाएं, ब्लड जांच एवं सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर से परामर्श प्राप्त किया जा सकेगा। मानगो के लोगों के लिए यह क्लीनिक एक वरदान साबित होगा। क्योंकि अब मरीजों को परामर्श के लिए जमशेदपुर से बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। मरीज को सेवा सुबह 9:00 से रात 11:00 बजे तक मिलेगी। दवाइयां पर 18% की छूट भी दी जाएगी। आने वाले दिनों में डे केयर एवं अन्य सुविधाओं का विस्तार भी किया जाएगा।

### भ्रष्ट उद्यमियों एवं पूंजीपतियों की मनमानी हरगिज नहीं चलेगी : अरविंद



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गम्हरिया।** पूर्व विधायक सह आदित्यपुर मजदूर यूनियन के संयोजक अरविंद सिंह ने कहा कि अब भ्रष्ट उद्यमियों एवं पूंजीपतियों की मनमानी हरगिज चलने नहीं दी जाएगी। औद्योगिक क्षेत्र में 20 लाख ठेका मजदूरों का शोषण हो रहा है। वे वर्षों से न्यूनतम मजदूरी की आस लगाए बैठे है। मजदूरों एवं ठेकेदारों का शोषण कर कंगाल से अमीर बने उन उद्यमियों के चेहरे को हम सभी मिलकर बेनकाब करेंगे। उनके काले कारनामे का पदार्फाश मजदूरों के सामने करेंगे। रविवार को आदित्यपुर मजदूर यूनियन के बैनर तले मजदूरों एवं ठेकेदारों की समस्या पर शहनाई भवन में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक सिंह ने इस क्षेत्र की प्रमुख कंपनियों में जेएमटी, आरकेएफएल, आधुनिक, टायो समेत अन्य पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि प्रबंधन की तानाशाही एवं शोषण की मानसिकता का शिकार हुए जेएमटी और टायो के कामगार आज सड़क पर दर दर की ठोकरें खाने पर मजबूर हैं। जेएमटी कम्पनी का अधिग्रहण आरके फोर्जिंग लि० द्वारा एनसीएलटी के फैसले पर किया गया। एनसीएलटी द्वारा काफी कम समय एवं रकम में फैसला देकर मजदूरों को उनका हक एवं अधिकार से वंचित कर दिया। कहा कि इस कंपनी से जुड़े मजदूरों और ठीकेदारों का बकाया राशि का भुगतान का प्रतिशत भी एनसीएलटी के निर्णय के आलोक में तय किया गया जो इतनी कम है कि मजदूरों, सप्लायरों से लेकर ठेकेदारों में रोष व्याप्त है। एनसीएलटी ने जो फैसला दिया, वह पीड़ित पक्ष की सुने बिना दिया गया है, जो एक गंभीर मामला है। इस मुद्दे को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल शीघ्र ही मुख्यमंत्री से मिलकर पूरे मामले से अवगत कराया जायेगा। कहा कि मजदूरों एवं ठेकेदारों को न्याय नहीं मिला तो सुप्रीम कोर्ट तक जायेगा।

उन्होंने कहा कि असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को लेकर एक वृहत पैमाने पर संगठन बनाया जायेगा। उसमे सभी छोटी-बड़ी कंपनियों के कामगारों को जोड़ा जाएगा। कहा कि प्रबंधन का यूनियन बन गया। एसिया, लघु उद्योग भारती, चेंबर ऑफ कॉमर्स आदि बन गए, किंतु मजदूरों की समस्या पर किसी ने ध्यान नहीं दिया। उन्होंने कहा कि अब अगर मजदूर नहीं जागेंगे तो उन्हें पछताना पड़ेगा।

**ये रहे मुख्य रूप से उपस्थित** : इस कार्यक्रम में समाजसेवी चंदन सिंह, भाजपा नेता धर्मेंद्र कुमार, आशीष दास, सुनील सिंह, मोनू झा, शैलेश तिवारी, अमित सिंहदेव, रानी कालुंदिया, अनिमा देवी आदि उपस्थित थे।

# टाटा स्टील ने देश में कला के विकास को भी बढ़ावा दिया है : टीवी नरेंद्रन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील आर्ट-इन-इंडस्ट्री का गत शनिवार 4 नवंबर को सेंटर फॉर एक्सीलेंस में समापन हुआ, जिसमें औद्योगिक परिदृश्य के भीतर रचनात्मकता और नवीनता को बढ़ावा देने में टाटा स्टील की प्रतिबद्धता को मजबूत किया गया। टाटा स्टील के सीईओ और प्रबंध निदेशक टीवी नरेंद्रन समापन समारोह के मुख्य अतिथि थे, जिसमें कॉर्पोरेट सर्विसेज के उपाध्यक्ष चाणक्य चौधरी और अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ-साथ प्रतिष्ठित कलाकार भी शामिल हुए, जिन्होंने अक्टूबर में शुरू हुए शिविर के दौरान अपनी कला बनाई और चित्रित की। समापन सत्र को संबोधित करते हुए टाटा स्टील के एमडी एंड सीइओ टीवी नरेंद्रन ने कहा, कई दशकों से, टाटा स्टील ने न केवल भारत के आर्थिक परिदृश्य को आकार देने में एक अभिन्न भूमिका निभाई है, बल्कि इसने कलाकारों और कला पारखी लोगों के बीच संबंध स्थापित करके देश के कलात्मक वातावरण के विकास को सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया है। यह विश्वास कि कला एक राष्ट्र के लोकाचार और विरासत को प्रतिबिंबित करती है, ने उभरते कलाकारों को बढ़ावा देने के लिए टाटा स्टील की भावुक प्रतिबद्धता को प्रेरित किया है। कार्यक्रम के दौरान, नरेंद्रन ने डेजी ईरानी, चाणक्य चौधरी और हरीश भट्ट (ब्रांड कस्टोडियन, टाटा संस) के साथ पूर्व सीईओ और प्रबंध निदेशक स्वर्गीय डॉ जमशेद जे ईरानी के काम और जीवन पर एक पुस्तक 'द स्टीलमैन ऑफ इंडिया' का भी अनावरण किया। टाटा स्टील विशेष रूप से, उद्योग में कला की संकल्पना तीन दशक पहले 1993 में की गई थी। डॉ जे जे ईरानी के दिमाग की उपज माने जाने वाले ये शिविर भारत की कलात्मक विरासत और औद्योगिक नवाचार का एक शानदार संगम रहे हैं। इस संस्करण का विषय था 'ग्रह के लिए कला- विविधता का जश्न और प्रेरक परिवर्तन।' यह उद्योग शिविरों में कला के लोकाचार को ध्यान में रखते हुए है, जिसकी कल्पना समावेशिता और विविधता को प्रोत्साहित करने के लिए की गई थी - चाहे वह लिंग, प्रतिभा, अनुभव, उम्र या शैली हो।

शिविर में भाग लेने वाले प्रतिष्ठित कलाकारों में दुलारी देवी, चंद्रा भट्टाचार्जी, आर एम पलानीअप्पन, सबा हसन, माधुरी भादुड़ी, विवेक शर्मा, सोमनाथ मैती, फरहाद हुसैन, तृप्ति दवे, रथिन कांजी, सरोज वेंकट श्याम, सचिन सागरे, शांतमणि मुदैया, जॉर्ज शामिल थे। मार्टिन पी जे और सोहन सिंह बिलावरिया।पिछले पांच दिनों में बच्चों के लिए कला कार्यशाला, कला चिकित्सा कार्यशालाएं और कला सत्र सहित कई आकर्षक सामाजिक संपर्क देखने को मिले हैं। उद्योग में कला पहल औद्योगिक परिदृश्य में रचनात्मकता और नवीनता को बढ़ावा देने के लिए टाटा स्टील की प्रतिबद्धता का एक प्रमाण रही है।





कलाकारों के साथ समापन सत्र में टाटा स्टील के सीइओ एवं एमडी टीवी नरेंद्रन, रुचि नरेंद्रन, वीपी चाणक्य चौधरी, पूनम चौधरी, डेजी ईरानी व अन्य, डॉ जेजे ईरानी के जीवन पर आधारित पुस्तक स्टील मैन ऑफ इंडिया का विमोचन करते अतिथिगण। साथ में डेजी ईरानी।

## प्रदूषण की मार

देश की आर्थिक राजधानी मुंबई की भी वायु गुणवत्ता बहुत खराब हो गई है। लोगों को सांस लेने में परेशानी हो रही है। यहां पांच में से चार परिवारों में कम से कम एक व्यक्ति गले में खराश, खांसी, आंखों में जलन से पीड़ित है। बॉम्बे हाईकोर्ट ने शहर में वायु प्रदूषण के स्तर पर स्वतः संज्ञान लिया है। एक दिवसीय विश्व कप मैचों के लिए पटाखों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। सिविक अथॉरिटी वायु प्रदूषण फैलाने वालों पर सख्ती कर रही है और शहर की सभी प्रमुख सड़कों की धुलाई कर रही है। प्रदूषण से जैसे ही मुंबई के लोगों का दम घुटना शुरू हुआ, बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) सतर्क हो गया। बीएमसी ने मुंबई में 6,000 से अधिक निर्माण स्थलों को प्रमुख प्रदूषक के रूप में पाया और 20 अक्टूबर को वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए कई उपायों का आदेश दिया।जिसमें एंटी-स्मॉग गन, निर्माण स्थलों पर छिड़काव, विशेष उल्लंघनकताओं को पकड़ने के लिए दस्ते, प्रतिदिन 650 किलोमीटर की सभी प्रमुख सड़कों को पुनर्नवीनीकृत पानी से साफ कराना आदि शामिल हैं। 7,000 लोगों के बीच लोकल सर्किल सर्वेक्षण से पता चला कि मुंबई में 78 प्रतिशत परिवारों में एक व्यक्ति वायु प्रदूषण से संबंधित बीमारियों से पीड़ित है। 44 प्रतिशत ने आंखों में जलन का अनुभव किया, 85 प्रतिशत ने निर्माण स्थलों को और 62 प्रतिशत ने वाहनों के उत्सर्जन को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया। एएसएआर सोशल इम्पैक्ट एडवाइजर्स के विशेषज्ञों ने कहा कि आईक्यू एयर के अनुसार, पिछले सप्ताह दिल्ली भारत में सबसे अधिक प्रदूषित थी, इसके बाद जयपुर, मुंबई और नागपुर सभी 'अस्वस्थ' वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) में आए, जबकि दिल्ली विश्व में शीर्ष पर और मुंबई छठे स्थान पर रही। आखिर कब चेतेगी केन्द्र और राज्य की सरकारें?

## बढ़ते हादसे

परिवहन मंत्रालय की हालिया रिपोर्ट बढ़ते सड़क हादसों की हकीकत बयां करती है। यह बेहद चिंता की बात है कि 2022 में 2021 के मुकाबले सड़क हादसों में बारह फीसदी की वृद्धि हुई है। वहीं मरने वालों का प्रतिशत 9.4 फीसदी बढ़ा है। कितनी दुखद स्थिति है कि हर घंटे 53 दुर्घटनाएं होती हैं और हर घंटे 19 निर्दोष लोग मौत के मुंह में चले जाते हैं। विडंबना यह है कि घायलों की संख्या में भी पंद्रह फीसदी की वृद्धि हुई है। भारत दुनिया में ऐसा देश बनता जा रहा है जहां सबसे ज्यादा सड़क हादसे और मौतें होती हैं। यही वजह है कि सड़क दुर्घटनाओं में मरने वालों में भारत दुनिया में अव्वल बनता जा रहा है। दुखद स्थिति यह कि मरने वाले 45 फीसदी लोग दुपहिया वाहन चला रहे थे। जो बताता है कि हमारी सड़कों पर चलना कितना असुरक्षित बनता जा रहा है।इन दुर्घटनाओं में मरने वाले अधिकांश लोग हमारी कार्यशील आबादी का हिस्सा होते हैं। परिवहन मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार सड़क दुर्घटनाओं का शिकार होने वाले लोगों में 67 प्रतिशत लोग युवा आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं। जिनकी आयु 18 से 45 साल के बीच होती है। पिछले साल घायल होने वालों की संख्या में पंद्रह फीसदी की वृद्धि हमारी चिंता बढ़ाने वाली है। जाहिरा तौर पर इन हादसों के मूल में जहां तेज रफ्तार मुख्य कारण है, वहीं गलत ओवर टेकिंग, हेलमेट न लगाना, सीट बेल्ट न बांधना व रांग साइड चलना भी बड़ी वजह है। वहीं त्रुटिपूर्ण सड़कें, तीव्र मोड़ व सड़कों में गड्ढे भी हादसों की वजह बनते हैं। इस जल्दी ने चालकों को अनियंत्रित गति का थ्रिल महसूस करने का भी मौका दिया है। युवा पीढ़ी समय बचाने के लिये भागमभाग में लगी है, यह जाने बिना कि अनियंत्रित गति सड़क हादसों की मूल वजह है। हाईवे-एक्सप्रेसवे तो बन गये हैं लेकिन उस पर चलने का सलीका हमें नहीं आया।

# आसान नहीं थी कारगिल की जीत



भारत और पाकिस्तान, दोनों परमाणु ताकत से संपन्न देश बन गए थे। प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का सोचना था कि अब दोनों देश परस्पर युद्ध करते हैं, तो यह निरा पागलपन होगा। और वे लाहौर बस यात्रा करके पाकिस्तान के साथ शांति वार्ता करने पहुंच गए। नवाज शरीफ ने उनका शानदार स्वागत किया, लेकिन जनरल परवेज मुशर्रफ ने उनसे मिलने तक से इनकार कर दिया। वह उस समय करगिल युद्ध की योजना बनाने में मशगूल थे। नॉर्थन इंफेंट्री द्वारा ऑपरेशन बदर के रूप में लड़े गए युद्ध में आतंकियों से भारतीय क्षेत्रमें घुसपैठ कराई गई। यह पीठ में छूरा भोंकने से ज्यादा कुछ न था। अप्रैल, 1999 में पाकिस्तानी सैनिकों भारत के सीमावर्ती 120 किलोमीटर से ज्यादा क्षेत्र में घुसपैठ का प्रयास किया। कठिन पहाड़ी और बेहद बर्फानी इलाका होने के कारण भारतीय सेना के लिए कड़ी चुनौती दरपेश थी। जनरल वेद प्रकाश मलिक याद करते हुए बताते हैं कि कठिन और विपरीत परिस्थितियों में भारतीय सेना को जटिल पेचिदगियों का सामना था। सेना के दस्तों की तैनाती खासी दूर-दूर थी। वह बताते हैं कि चोरबतला-शंग्रुती-25 किमी., प्वाइंट 5299-बिमबेट-09 किमी., बिमबेट एलओसी-मारपोला-9.5 किमी. तथा मारपोला-कौबल गली-3.6 किमी. जैसी दूरियां सैनिकों की तैनाती में थीं। इसके अलावा, बेहद बर्फ होने से समूचा इलाका सुनसान और वीराना सा हो गया था। दोनों पक्षों को अपने बहुत से मोर्चो से अपने सैनिक हटाने पड़े थे। पाकिस्तान की योजना थी कि वह अपनी छह बटालियनों (कुच आतंकवादियों के साथ), जिसमें एनएलआई स्थानीय दस्ते शामिल थे, की मदद से 1998 की उन सिर्दियों में भारतीय क्षेत्रमें घुसपैठ को अंजाम दे। श्रीनगर-द्रास-करगिल-लेह हाइवे को जद में ले लेने वाली उन ऊंचाइयों पर काबिज हो, जहां भारतीय सैनिकों की कम तैनाती थी। उसे लगता था कि इससे यह समूचा इलाका उसकी सेना के सीधे निशाने पर आ जाएगा। उसके सैनिक भारतीय रक्षा सैनिकों को सीधे निशाने पर ले सकेंगे। भारतीय सेना को गफलत में डालने के लिए बड़ी चतुराईसे प्रयास किया। भारतीय सेना को जताने की कोशिश की कि घुसपैठ करने वाले आतंकी थे। घुसपैठ 1998 की सिर्दियों में आरंभ हो गई थी। परवेज मुशर्रफ ने अपनी पुस्तक ''इन द लाइन ऑफ फायर' में यह दावा किया है कि जनवरी, 1999 में यह मंसूबा पूरा करने का फैसला किया गया और अप्रैल, 1999 के आखिर तक इसे अंजाम दे दिया जाना था। लाइन ऑफ कंट्रोल के साथ-साथ करीब 120 किमी. क्षेत्र के तैनातीविहीन हिस्से पर सौ नई चौकियां स्थापित करके प्रत्येक पर 10-20 सैनिकों की तैनाती कर दी जानी थी। मुख्य घुसपैठ मशकोह क्षेत्र (करीबन 400 वर्ग किमी.), द्रास क्षेत्र (करीबन 100 वर्ग किमी.) और श्योक क्षेत्र (करीबन 50 वर्ग किमी.) में की गई। यह क्षेत्रवार ब्योरा जनरल मुशर्रफ के हवाले से उद्धृत है। जहां तक भारतीय पक्ष का आकलन है तो पाकिस्तानी सैनिक 160 किमी. के सीमाई क्षेत्रमें 8 से 10 किमी. तक भीतर घुस आए थे। सामरिक रूप से संवेदनशील इलाके में तकरीबन डेढ.ब्रिगेड की घुसपैठ करा दी गई थी। पाकिस्तानियों की घुसपैठ सबसे पहले तीन मई, 1999 को दो चरवाहों को पता चली। उनकी जानकारी के आधार पर भारतीय सेना ने इलाके में गश्त की तो भारतीय सेना की टुकड़ी पर भारी गोलीबारी कर दी गई। काफी संख्या में भारतीय सैनिक शहीद हो गए। हेलीकॉप्टर से भी इलाके में घुसैपठिए होने की पुष्टि हुई क्योंकि बर्फ पर उनकी आवाजाही के निशान देखे गए। 121 इंफेंट्री ब्रिगेड तथा 31 इंफेंट्री डिवीजन ने टोह लेने के लिए हमलों की झड़ी लगा दी। गोलीबारी में भारी नुकसान हुआ, लेकिन शत्रु के खुफिया संपर्क तक पहुंचने में आसानी हो गई। थोड़ी देर से वायु सेना को 25 मई, 1999 को तैनाती सौंपी गई। वायु सेना वहां शत्रु सेना की तैयारी को देख हैरत में पड़ गई। एक मिग-21 विमान को निशाना बनाकर शत्रु सेना ने मार गिराया। एक मिग-23 विमान के इंजन ने आग पकड़ ली। दो एमआई-17 हेलिकॉप्टर भी निशाना बन गए। वायु सेना ने तत्काल 1973 के योम किप्पुर युद्धके सबक का स्मरण करते हुए जवाब दिया। इस युद्ध में कंधे के ऊंचाई से छोड़ी गई सैम मिसाइलों ने तबाही मचा दी थी, लेकिन इस्त्राइली लड़ाकू विमानों ने इनका मुंहतोड़ जवाब दिया। उनने प्रिसिजन गाइडेड मुनिशंस का सटीकता से इस्तेमाल करते हुए मध्यम और उच्च ऊंचाई से हमले किए। अब भारतीय वायु सेना ने शत्रुओं का पूरी सटीकता से जवाब देना आरंभ कर दिया। 8 माउंटेन डिवीजन को मैथेडिकल और पूरी तैयारी के साथ हमले करने में जुटा दिया गया। और उसने अपने काम पूरी शिद्दत से अंजाम दिया। भारत की इंच दर इंच भूमि से पाकिस्तानियों को खदेड़ दिया गया। भारत के युवा सैन्य अधिकारियों ने अपने बहादुरी भरे कृत्य से पाकिस्तान मंसूबे की कमर तोड़ दी। कैप्टन विक्रम बतरा, मनोज पांडेय और लेफ्टिनेंट विजयंत थापर की जांबाज दिलेरी के सामने किसी भी शत्रु को पस्त होना ही था। उनकी बहादुरी का शत्रु के पास कोईजवाब नहीं था। प्रत्येक बटालियन हमले में 100-200 गन्स का इस्तेमाल किया गया। आगे बढक़र किए गए हमलों ने भारत की जीत में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। एक अमेरिकी संवाददाता तो भारत के शौर्य प्रदर्शन से भौंचक रह गया। हैरत में पड़े इस संवाददाता ने कहा कि भारतीय सेना वह सेना है, जो वास्तव में जुझारू लड़ाई लड़ती है। सबसे अच्छी प्रतिक्रिया जो एक पाकिस्तानी एनएलआई टुकड़ी के जवान की थी,'सीमा पर इस युद्ध में घायल होने वाले 1367 सैनिकों के लिए इनसे सुंदर शब्द हो ही नहीं सकते। पीठ में छुरा घोंपने वालों को इन वीर भारतीय सैनिकों ने पूरी दिलेरी से जवाब देकर इस युद्ध को भारतीय सैन्य इतिहास का सुनहरा अध्याय बना दिया है। भारत की यह जीत याद की जाएगी इन जांबाजों की जबर्दस्त जांबाजी के लिए। परिस्थितियां और युद्धका मैदान किसी भी सूरत भारतीय सेना के अनुकूल नहीं था।



-एम जे जीडी बख्शी

> 'वे भारतीय जुनूनी थे-वे चींटियों की तरह पहाड़ी ढलानों पर चढ़ते चले गए-हम गोली चलाना जारी रखे हुएथे-हमारी उंगलियां थकने लगी थीं-लेकिन उन्हें थमना नहीं था सो नहीं थमे-वे ऊपर की ओर चढ़ते रहे, चढ़ना जारी रखे रहे।' कहना होगा कि इससे अच्छी श्रद्धांजलि भारत के उन 537 जांबाजों को हो ही नहीं सकती, जिन्होंने देश की सीमा पर अपने प्राणों का बलिदान कर दिया।

### खास बात

## बेहाल किसान

**हमारी** सफलता के बीच हमारी सबसे महान उपलब्धि है कि बिना किसी विशेष तकनीक और बुनियादी ढांचे के हमारे किसान 130 करोड़ लोगों को अपने पारंपरिक ज्ञान के सहारे खाना खिला रहे हैं। दुर्भाग्यवश हमें हमारा भोजन प्राप्त कराने वाले किसान के बच्चे भूखे हैं, और वो खुद अपनी जान ले लेना चाहता है। पिछले 10 वर्षो में 3 लाख से ज्यादा किसानों ने आत्महत्या की है। हमारे देश को प्रकृति का ऐसा वरदान है कि सारी दुनिया का अन्नदाता बन सकता है क्योंकि हमारे देश में लैटीटयूड से जुड़ा या अक्षांश-संबंधी फैलाव मौजूद है, जिसमें ऋतुओं की विविधता, अच्छी मिट्टी, जलवायु की उचित स्थिति शामिल हैं। सबसे हमारे पास ऐसे लोगों की विशाल संख्या है जो मिट्टी को भोजन में बदलने का जादू जानते हैं। हम अकेले देश हैं, जिसे ऐसे वरदान प्राप्त हैं। लेकिन हम इस व्यावसायिक क्षेत्र को बड़ी आमदनी देने वाला क्षेत्र नहीं बनाते हैं, तो अगली पीढ़ी के कृषि को अपनाने की उम्मीदें कम हैं। सिर्फ इसी से आबादी ग्रामीण भारत में रु की रहेगी। लेकिन कृषि को फायदे वाले उद्यम की तरह बनाने में हम सफल नहीं हो रहे क्योंकि सबसे बड़ी बाधा जमीनों का बहुत छोटा होना है-लोगों की जमीनें बहुत छोटी हैं। जमीनों का बंटवारा होता गया है। भारतीय किसानों के पास औसतन प्रति किसान 1 हेक्टेयर से कुछ ही ज्यादा ज़मीन है। तो इतनी छोटी जमीन में किसान जो भी धन लगाता है वो डूब ही जाता है। किसानों को नुकसान पहुंचाने वाले दो मुख्य कारण, जो उन्हें गरीबी और मौत की ओर धकेल रहे हैं- हैं सिंचाई साधनों पर खर्च और बाजार में मोलभाव करने की ताकत न होना। जमीनों का स्तर छोटा होने के कारण ये दोनों बातें हमारे किसानों की पहुंच के बाहर हैं। आजादी के बाद आज तक हम हर खेत को पानी पहुंचाने में विफल रहें हैं। सिचांई की योजनाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी है और जो बन गयी है उसका लाभ सही तरह से किसानों को नहीं मिल रहा है। देश की 60 करोड़ आबादी के लिए आज भी रोजगार का साधन कृषि और उससे जुड़ें कार्य ही है। सरकार को कृषकों की याद सिर्फ चुनाव में न आए इस पर ध्यान देना होगा।

# चेतना में निवेश

### धर्म-प्रवाह

**जग्गी वासुदेव**

कुछ भी करना है तो उसके लिए मानवीय ऊर्जा, समय व साधनों की कुछ मात्रा सर्मिपत करनी पड़ती है। इसलिए हमें चेतना में निवेश करना चाहिए। अब तक हम सिर्फ जीवित रहने के लिए प्रयास करते रहे हैं। लेकिन जब तकनीकें यथार्थ बन जाएंगीं, तब अपना अस्तित्व बनाए रखना कोई मुद्दा ही नहीं रहेगा। जब अस्तित्व कोई मुद्दा ही नहीं होगा तो हम जरूर ही चेतना में निवेश करना शुरू करेंगे। लेकिन जितना जल्दी हम यह शुरू करेंगे, उतना ही उन नई संभावनाओं की ओर आगे बढऩे पर समस्याएं कम होंगीं, जो तकनीकों द्वारा प्रदान की जाएंगी। क्या आप की पहचान और आप के अनुभव आपको दूसरों से अलग रखते हैं, या आप की पहचान और आप के अनुभव दूसरों को आपमें शामिल करते हैं-इसी से ये तय होगा कि तलवार किस तरफ से वार करेगी। तकनीक हमेशा दुधारी तलवार होती है-यह दोनों तरफ से काट सकती है। आप किस तरफ इसका इस्तेमाल करेंगे यह इस बात पर निर्भर करता है कि आप कौन हैं? क्या आप की पहचान और आप के अनुभव आपको दूसरों से अलग रखते हैं, या आप की पहचान और आप के अनुभव दूसरों को आपमें शामिल करते हैं-इसी से ये तय होगा कि तलवार किस तरफ से वार करेगी। तो फिर हमें क्या करना चाहिए, जिससे मानव समाज में चेतना बड़े स्तर पर प्रकट हो? प्रत्येक पीढी में अत्यंत जागरूक मनुष्य होते रहे हैं, लेकिन कुछ पीढ़ियों और कुछ समाज में उनकी बातें सुनी गई हैं, जबकि अन्य कुछ समाज में उनकी तरफ ध्यान नहीं दिया गया।

### कार्टून वर्ल्ड




### लेटर टू एडिटर

#### पानी की कमी

**बरसात** समाप्त हो गया है। सूखाग्रस्त और रेगिस्तानी इलाकों में लोगों को पानी की चिंता सताये जा रही है। आज चाहे वह शहर हो या गांव हर तरफ साफ जल की किल्लत है। जहां जल की पर्याप्त उपलब्धता है, वहां लोग इसके प्रति गंभीर नहीं। र्गिमयों में जल की अधिकता केवल मानव जीवन को ही नहीं अन्य वन्य प्राणियों और पशु-पक्षियों को भी होती है। अब साल दर साल जल की कमी से कैसे बचें।

**-राजेश सिंह, धनबाद**

#### पब्जी जानलेवा

**कोई** भी चीज की जब अति हो जाती है तो उसका प्रभाव गंभीर रूप से पड़ने लगता है। यह पब्जी गेम में देखा जा सकता है। गेम खेलना आज के समय में मनोरंजन का साधन बन गया है, लेकिन इसके कारण नौजवान अपनी जान भी गंवा रहे हैं। आए दिन पब्जी गेम खेलने से नौजवान मौत के मुंह जा रहे हैं। कई युवा इस खेल के फेर में मौत की मुंह में जा रहें हैं। इस पर रोक लगाना चाहिए।

**- प्रियंका शर्मा, बोकारो**

**आदरणीय** प्रधानमंत्री श्री मोदी जी की हर नीति और हर कार्य में 'अंत्योदय' का संकल्प, 'गरीब कल्याण' का विजन अंतर्निहित होता है। 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना' के तहत आगामी 05 वर्षों तक 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन प्रदान करने की उनकी घोषणा इसी भावना का प्रतीक है।

**- योगी आदित्यनाथ, सीएम**

### रोचक ट्वीट

**भारत** का विचार विश्व में शांति और सद्भाव की स्थापना के विचार है। भारतीय संस्कृति और जीवन मूल्यों से ही विश्व में शांति स्थापित की जा सकती है।

**- स्वामी अवधेशानंद गिरी**





**देश** में मेरा कोई भी परिवारजन भूखा न सोए, इसलिए 80 करोड़ गरीबों को मुफ्त राशन देने वाली योजना को भाजपा सरकार अब अगले पांच साल के लिए और बढ़ाएगी।

**- नरेन्द्र मोदी, पीएम**

# कुछ न कर पायें, तो कहीं के गवर्नर ही बन जायें...

### व्यंग्य

**शरद जोशी**

**मैंने** हमेशा सोचा कि शरद, तू आलसी है, नाकारा है, तेरे भरोसे कोई काम नहीं हो सकता, तू अयोग्य है, मूर्ख है, तू ठीक से सोच नहीं सकता, फिर भी इस काबिल तो तू है ही कि किसी राज्य का गवर्नर हो जाए। ठीक है, तू प्रेफेसरों की गालियों और छात्रों द्वारा कमरा बंद कर पीटे जाने के डर से किसी विश्वविद्यालय का कुलपति होने से कतराता रहा है, मगर तू फिर भी गवर्नर तो हो ही सकता है। इस पद के लिए तुझमें कमी क्या है? तेरी उम्र ज्यादा हो गई, तू किसी अन्य कुर्सी पर बैठने की पात्रता न पहले रखता था, न आज रखता है, पर इसका अर्थ यह नहीं कि तू गवर्नर की कुर्सी पर नहीं बैठ सकता। आखिर तू अपने घर में एक सीधी पीठ वाली कष्टदायक कुर्सी पर बैठता ही रहा है। तुझे अनुभव है, तू जीवन में कड़ी कुर्सी से लेकर नरम सोफों तक सब पर बैठा है, तो गवर्नर की कुर्सी पर बैठने से क्यों सकुचाता है? बैठ जा! न मिल रही हो तो कोशिश कर! कोशिश करने से क्या नहीं हो जाता? कैसे-कैसे लोग गवर्नर हो गए! तू क्या इतना भी योग्य नहीं कि गवर्नर हो सके? जिस नामी व्यक्ति के बारे में हम कुछ नहीं सोच सकते, हम उसका गवर्नर होना तो सोच ही सकते हैं। तेरा कोई भविष्य नहीं। तू व्यर्थ है। तू गवर्नर हो जा!

मैं फिर मन ही मन सोचता हूं कि शरद, तू गवर्नर हो गया तो क्या करेगा? अब कुछ न करने या कर पाने का अर्थ ही तो गवर्नर हो जाना है। अरे, तुझे कुछ करना होता तो तू गवर्नर बनता ही क्यों? एक बार सोच शरद कि वक्त पड़ने पर मुस्करा तो सकता है! कोई आगे बढक़र कार का दरवाजा खोल दे तो तू चढ़-उतर सकता है! और जब तू एक छोटे-से घर में रह सकता है तो तू एक बड़े हाउस में क्यों नहीं रह सकता? जब पत्नी का बनाया खा लेता है तो वहां तो अच्छे खानसामा हैं, तू उनका बनाया नहीं खा सकता? एक बार हिम्मत कर और हो जा गवर्नर! देख, एक बार हो जाएगा तो हो जाएगा। हो जाएगा तो तुझे कोई नहीं पूछेगा। अपने बना रहना! होशियारी मत दिखाना! अक्ल का काम मत करना। ज्यादा बेकार बोलना, बकना नहीं फिजूल में! अपने चुपचाप बैठे रहना गवर्नर हाउस में। दिल्ली बोले कि इस मामले में ऐसा करना है तो कर देना।

सोचना-समझना नहीं। दिल नहीं लगे तो यात्रा कर लेना! कोई कहीं बुलाए तो चले जाना! तमीज से भाषण दे देना! भाषण तुझे गवर्नमेंट लिखकर देगी। वो ही बोलना! अपनी तरफ से जोड़ना-घटाना नहीं! यार शरद, तू हो सकता है गवर्नर! और कुछ न भी कर सके, गवर्नर तो हो सकता है! तू खड़ा रह सकता है ना? बैठ सकता है, चल-फिर सकता है। किताबें रिलीज कर सकता है, उद्घाटन कर सकता है, शिलान्यास कर सकता है। गवर्नर होने के लिए इतने गुण काफी हैं।यह सब सोच मेरे आलसी व्यक्तित्व की सपूत नसें फड़कने लगती हैं। गवर्नर हो जाने को दिल करने लगता है। इच्छा होती है, हिम्मत कर, केंद्र शासन के चरणों में लिपट जाऊं, कहूं कि मुझे अपना समझो और बना दो मुझे कहीं गवर्नर! जहां रहूंगा, मैं तुम्हारा रहूंगा। जो तुम कहोगे, वही करूंगा।

फिर सोचता हूं, नहीं शरद! भगवान ने तुझे मनुष्य के शरीर में इसलिए तो जन्म नहीं दिया कि तू गवर्नर हो जाए? ठीक है, सरकारिया आयोग ने तेरे लिए संभावना के द्वार खोल दिए, पर तू क्या जीवन में इतना गिर जाएगा कि गवर्नर हो जाएगा? तू दूसरों के आदेश पर कागजों पर हस्ताक्षर करेगा, दूसरे की बोली में भाषण देगा। नहीं शरद, नहीं, तू कुछ भी हो जाना, मगर गवर्नर कभी न बनना! तुझे कोई अच्छा चमचा न होने के कारण यों भी नहीं बनाएगा, मगर बनाए तो भी न बनना! नहीं शरद, नहीं! गवर्नर नहीं!

(6 फरवरी, 1988 को प्रकाशित)

**(प्रस्तुति एनके मुरलीधर)**

# जातिवाद का बढ़ता जोर अभी कमजोर नहीं होगा

### समाज



**सोनाली भट्टाचार्य**

**एक** अंतरजातीय विवाह समारोह बीते दिनों साक्षी मिश्रा और अजितेश की शादी ने देश में बवाल खड़ा कर दिया। राजनीतिक कारणों को एक तरफ रख दें तो एक सवर्ण लड़की और दलित लड़के की शादी, यूं भी सहजता से भारतीय समाज को स्वीकार्य नहीं है। उंगलियों पर गिने जा सकने वाले अंतरजातीय विवाहों से यह नहीं साबित होता कि भारत में जातिगत विवाह का चलन लचीला हो रहा है। कुछ अध्ययन यह दावा करते हैं कि भारतीय अब अंतरजातीय विवाह को लेकर उदार हो रहे हैं लेकिन हकीकत क्या है? विकासशील समाज अध्ययन केंद्र (सीएसडीएस) द्वारा 2004 के आम चुनाव संबंधी अध्ययन में 27,000 उत्तरदाताओं से पूछा गया था कि क्या वे अंतरजातीय विवाह पर पाबंदी लगाने के पक्ष में हैं? 60 प्रतिशत ने इस प्रस्ताव पर हामी भरी थी। इसका अर्थ यह हुआ कि चालीस प्रतिशत, भारतीय अंतरजातीय विवाह के पक्ष में हैं। अगर ऐसा है तो इस अध्ययन के पंद्रह साल बाद भी मात्र 5 प्रतिशत भारतीय ही अंतरजातीय विवाह क्यों करते हैं? या इससे कम।

सच यही है कि जाति एक सामाजिक व्यवस्था के रूप में भारत में सिर्फ अपना रूप बदल रही है। 1932 में समाजशास्त्री जी.एस. घुरिए ने 'कास्ट एंड रेसेस' में जाति के लक्षणों की चर्चा की। जाति की शुद्धता बनाए रखने के लिए समाज में उसकी खास जगह, खान-पान और सामाजिक व्यवहार पर प्रतिबंध, व्यवसाय के स्वतंत्र चुनाव का अभाव और अंतरजातीय विवाह पर रोक अपरिहार्य माने गए। धीरे-धीरे इन लक्षणों में परिवर्तन आया, जिसका सबसे बड़ा कारण कानूनी बाध्यता थी। यानी यह डर कि जाति के आधार पर भेदभाव किया तो आपराधिक मामला दर्ज हो सकता है। परंतु विवाह संस्था आपराधिक मुकदमों के दायरे से बाहर रही। इसलिए अगर कुछ नहीं बदला तो वह है अंतरजातीय विवाह पर सामाजिक प्रतिबंध। अंतरजातीय विवाह को कानून बनाकर तो रोका नहीं जा सकता, परंतु सामाजिक दबाव के चलते कोई सहज ही इस ओर कदम नहीं बढ़ाता। समय आने पर अपने जीवन में जातिगत विवाह को ही प्राथमिकता देते हैं। ऐसा इसलिए भी होता है कि सर्वेक्षणकर्ता के आगे कोई खुद को रूढ़िग्रस्त नहीं दिखाना चाहता।

प्रश्न यह भी उठता है कि क्या अंतरजातीय विवाह भारत में कभी भी स्वीकार्य नहीं थे? आनुवांशिक अध्ययन से पता चलता है कि भारतीय उपमहाद्वीप में 1900 वर्ष पहले तक अंतरजातीय विवाह एक सामान्य प्रथा हुआ करती थी। फिर ऐसा क्या हुआ कि आज यह सामाजिक रूप से प्रतिबंधित स्थिति में आ गया है? इसका सीधा कारण है प्रभुत्व और वर्चस्व की चाह। जाति व्यवस्था सदियों से जाति भीतर विवाह के सहारे ही टिकी हुई है। अंतरजातीय विवाह में छूट देने का मतलब है जातिगत बंधनों का कमजोर पड़ना। पवित्रता और शुद्धता के मानक इतने कठोर हैं कि इनको तोड़ने का साहस कोई नहीं करता।

डॉ. आंबेडकर ने 1936 में कहा था, 'मैं पूरी तरह से आश्वस्त हूं कि जातिगत भेदभाव को मिटाने का अचूक उपाय एक ही है- अंतरजातीय विवाह।' जाति और विवाह के नियम समाज द्वारा निर्मित हैं। समाज जिसे बना सकता है, उसे मिटा भी सकता है। पर क्या ऐसा होगा? निकट भविष्य में यह संभव होता नहीं दिखाई देता। क्योंकि प्रभुत्व और वर्चस्व की लालसा कोई भी समाज त्यागने को आसानी से तैयार नहीं होता।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### बुटीक और फैशन ज्वेलरी का विधायक सुनीता चौधरी ने किया उद्घाटन



**रामगढ़।** झंडा चौक पर श्री राधे राधे बुटीक आइटम्स और फैशन ज्वेलरी का उद्घाटन विधायक सुनीता चौधरी ने रविवार को किया। संचालक फैशन डिजाइनर लीसा अग्रवाल एवं आशा अग्रवाल के ने बुके देकर देकर विधायक को सम्मानित किया। विधायक कहा कि रामगढ़ जैसे शहर में इस तरह के आधुनिक दुकान खोलने से यहां के लोगों काफी लाभ मिलेगा। खासकर महिलाएं और युवतियां एक ही छत के नीचे आकर अपने जरूरत की सामान ले सकेंगी। वहीं, फैशन डिजाइनर की का कोर्स की हुई बुटीक की संचालीका लिसा अग्रवाल ने बताया हमारे यहां उचित दर पर फैंसी कुर्ती ,दुपट्टा सेट, आर्टिफिशियल ज्वेलरी ,नाइटी , सूट, फैंसी बैग ,बेडशीट ,इनर गारमेंट्स ,लेडीज गिफ्ट आइटम एवं आर्टिफिशियल ज्वेलरी उचित मूल्य पर उपलब्ध है। मौके पर संजय अग्रवाल , आकाश अग्रवाल, प्रतीक अग्रवाल संगीता अग्रवाल, सोनी गोयल,बप्पी, रेशमा, आयशा, दिव्या, रिंकी अग्रवाल, रेणु अग्रवाल, सोनी अग्रवाल, अस्मीति राज,राज कुमार अग्रवाल, विमल इनकीपलं, दिलीप दांगी, संजय बनर्शी , बिभन सिंह, नीरज मंडल, अनुपमा सिंह, पिंकी देवी, लालू शर्मा, कुलदीप वर्मा, रोहित सोनी, दीपू गुप्ता, पवन करमाली, रिंकू करमाली उपस्थित थे।

### सानवी ऑटोमोबाइल खुला



**रामगढ़।** झंडा चौक पर सानवी ऑटो मोबाइल का उद्घाटन विधायक सुनीता चौधरी ने रविवार को काटकर किया। उन्होंने संचालक संजीव कुमार मेहता को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सानवी ऑटो मोबाइल के आरंभ होने से ऑटो चालकों को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि ऑटो चालक यहां पर आकर अब ऑटो ले सकेंगे। वहीं, संचालक संजीव कुमार मेहता ने कहा की हमारे यहां ऑटो चालकों को बैट्री चालित ऑटो उचित कीमत पर मिलेगीं। कहा की हमने प्रदूषण को ध्यान में रखकर बैट्री चालिक ऑटो बिक्रय का निर्णय लिया है। बताया की हमारे यहां ऑटो लेनेवालों के लिए फाइनेंस की सुविधा उपलब्ध है। मौके पर विमल शंकर कुमार मेहता, विक्की मेहता, बालेश्वर मेहता, विमल बुधिया, दिलीप दांगी, नीरज मंडल आदि उपस्थित थे।

### मुखिया ने 30 बच्चों को दिया स्कूल ड्रेस



**कुजू।** कुजू दक्षिणी पंचायत मुखिया राकेश मेहता रॉक ने कुजू दक्षिणी पंचायत अंतर्गत नव प्राथमिक विद्यालय चटनिया के वर्ग 1 से 2 के करीब 30 बच्चो के बीच दो दो सेट ड्रेस, जूता , स्वेटर, मौजा का वितरण किया। उन्होंने कहा कि पोशाक व स्वेटर मिलने से ठंड में काफी राहत होगी। उन्होंने बच्चों को रोजाना स्कूल आने के लिए प्रेरित किया। मौके पर वार्ड सदस्य दीपू राण, रमेश चौधरी, सीआरपी पवन सिंह, प्रधानाध्यापिका संजू देवी, शिक्षक काशीनाथ महतो, संजू देवी, समाजसेवी जयराम प्रजापति, जगदीश अडवाणी, छोटू भुईंयाँ आदि शामिल थे।

### बेरोजगार संघर्ष मोर्चा की बैठक



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सयाल पंचायत भवन में रविवार को सेल समिति बेरोजगार संघर्ष मोर्चा सयाल कमेटी की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता झामुमो नेता सह सयाल उत्तरी पंचायत के पूर्व मुखिया सतेंद्र यादव व संचालन जसीम अंसारी ने किया। जसीम अंसारी ने कहा की स्थानीय बेजोजगार को झारखंड सरकार के निदेर्शानुसार आउटसोर्सिंग कंपनी में 75 प्रतिशत रोजगार देना है। साथ ही रोड सेल समिति में 40/60 के तहत भागीदारी सुनिश्चित करनी है। इसके लिए तीनो पंचायत के बेरोजगार अपने हक–अधिकार के लिए हर मोर्चा पर तैयार है। उन्होंने कहा की प्रबंधन के सौतेला रवैया और मनमानापन को मोर्चा बर्दाश्त नही करेगी।

### भुरकुंडा : छठ पूजा समिति की बैठक



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** नलकारी नदी छठ मंदिर प्रांगण में रविवार को छठ पूजा समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता संजय मिश्रा एवं संचालन संजय वर्मा ने किया। बैठक में मुख्य रूप से छठ पूजा के आयोजन पर चर्चा की गई। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय हुआ कि पूजा समिति भुरकुंडा की देख–रेख में हर वर्ष की भांति इस बार भी श्रीश्री छठ पूजा धूमधाम व श्रद्धाभाव के साथ मनाई जायेगी। कहा गया कि नलकारी नदी छठ घाट में छठ व्रतियों के लिए सभी तरह की सुविधा मुहैया कराई जायेगी। बैठक में मुख्य रूप से समिति के अध्यक्ष संजीत राम, सचिव अशोक तिवारी, दीपक कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

### मार्शल आर्ट का दिया गया प्रशिक्षण



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** मार्शल आर्ट सितोरियू कराटे डू फेडरेशन ऑफ इंडिया झारखंड शाखा के तत्वावधान में रविवार को भुरकुंडा पंचायत भवन में कराटेकारों को कराटे का विशेष प्रशिक्षण को ले शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रशिक्षक सेंसाई कंचन दास ने कराटेकारो को काता, कुमिते, किक, फाईट सहित अन्य तकनीक के गुर सिखायें। उन्होने बताया कि शिविर में विभिन्न बेल्ट प्राप्त करने वाले उभरते कराटेकारो को ट्रेनिंग दिया गया। प्रशिक्षण प्राप्त करने वालो में आमिनी कुजूर, रेयांश राज, शिवांश राज, विकास बांध भारती, अनामिता कुमारी, आस्था सिंह शामिल है।

# कटकमसांडी चौक पर सब्जी की दुकानों से लगता है जाम

खबर मन्त्र संवाददाता

## कटकमसांडी पुलिस और प्रखंड प्रशासन मौन



**कटकमसांडी।** हजारीबाग से चतरा जाने के बीच कटकमसांडी मुख्य मार्ग पर सड़क की दोनों और में लगता है साग सब्जी की दुकानें जिसमें चतरा और हजारीबाग के मुख्य मार्ग कटकमसांडी चौक में ही चतरा , हजारीबाग , गया, पलामू, रामगढ़ सिमरिया, गिरीडीह के लिए बसें संचालित किया जाता है।

बस स्टैंड के बगल में लगता है दो साप्ताहिक बाजार और प्रतिदिन साग सब्जी की दुकानें से राहगीरों को आने जाने में काफी परेशानी करनी होती है। इस संदर्भ में कुछ ग्रामीण बताते है कि एक कुछ दिन पहले कटकमसांडी की दुकानदार और कटकमसांडी के पुलिस आमने-सामने दिखे गए देखे गए थे, उस समय दुकान के सामने एक मोटरसाइकिल लगाने को लेकर काफी विवादों में त्योहार गुजरा था। काफी मशक्कत के बाद स्थानीय विधायक मनीष जायसवाल के नेतृत्व में पुलिस के विरोध में सांकेतिक धरना दिया गया था। इस जाम से कभी भी बड़ा घटना घट सकता है और इस घटना को रोकने के लिए ग्रामीणों ने पुलिस और प्रखंड प्रशासन इस पे त्वरित कार्रवाई करे ताकि आने वाले छठ और दीपावली जैसे त्योहारों में किसी तरह बड़ी घटना न घट जाए।

# सतर्कता के साथ सावधानी ही बचाव : डॉ प्रकाश ज्ञानी

खबर मन्त्र संवाददाता

## डेंगू से बचाव को लेकर निकाली गयी प्रभातफेरी



**बरही।** अनुमंडलीय अस्पताल परिसर से डेंगू बीमारी से बचाव के लिए जनजागरूकता अभियान के तहत प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी का नेतृत्व अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ प्रकाश ज्ञानी के साथ भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जीप सदस्या प्रीति कुमारी, विहिप जिला सहमंत्री गुरुदेव गुप्ता मुख्य रूप से मौजूद रहे। सभी स्वास्थ्य कर्मियों ने अपने अपने हाथों में तख्तियां लेकर लोगों को जागरूक किया। इस दौरान डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने जनजागरूकता फैलाते हुए कहा कि डेंगू पर रोकथाम और नियंत्रण के लिए समुदाय को यह बताने की जरूरत है कि मच्छर को पनपने से रोक कर हम इस बीमारी से खुद के साथ घर परिवार को सुरक्षित बना सकते हैं। मौके पर प्रधान लिपिक पंकज कुमार आजाद, बीपीएम नारायण राम, मो इरशाद, सुधांशु कुमार, बिजेंद्र कुमार, अब्दुल्ला अंसारी, प्रह्लाद कुमार, नरेश कुमार, बिनोद कुमार यादव, अमित विश्वकर्मा, गुड़िया, सोनी सहित अन्य अस्पताल कर्मी मौजूद थे।

### न्यू युवक स्पोर्टिंग क्लब ने जीता मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप

**बासल (रामगढ़)।** बलकुदरा पंचायत में मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप को ले रविवार को पंचायत स्तरीय फुटबॉल मैच का आयोजन हुआ। जिसमें बलकुदरा पंचायत के ही दो टीम सरना स्पोंटिंग क्लब एवं न्यू युवक स्पोंटिंग क्लब के बीच खेला गया। इसके पूर्व मैच का उद्घाटन बलकुदरा पंचायत के मुखिया विजय मुंडा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। मैच में दोनों टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। जिसमें न्यू युवक स्पोंटिंग क्लब की टीम उम्दा प्रदर्शन करते हुए 1-0 गोल मैच को जीतकर विजेता बनी। अतिथि ने विजेता-उपविजेता टीम को मेडल व ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया। मुंडा ने कहा कि खेल-कूद से शारीरिक व मानसिक विकास तो होता ही है, यह हमें अनुशासन की भी सीख देता है।

# स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाना सरकार की प्राथमिकता : विधायक

**बरही।** बरही के पुराने अस्पताल परिसर में ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट (लैबोरेटरी) का शिलान्यास विधायक उमाशंकर अकेला ने नारियल फोड़कर आधारशिला रखी। ग्रामीण विकास विभाग 15वीं वित्त के तहत बनने वाले इस भवन का निर्माण करीब 49 लाख रूपए की प्राक्कलित लागत से किया जाएगा। ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट (लैबोरेटरी) का निर्माण संवेदक सगुफ्ता इंटरप्राइजेज के द्वारा किया जाएगा।उपाधीक्षक डॉ प्रकाश ज्ञानी ने बताया कि नए भवन का निर्माण हो जाने से अस्पताल में होने वाले सभी तरह के जांच प्रयोगशाला, एक्सरे, ट्रूनेट समेत सभी तरह के तकनीकी उपकरण एवं कई कार्यालय उसमें स्थानांतरित किए जाएंगे, यह पूरी तरह से कंप्यूटरीकृत होगा। श्री अकेला ने कहा कि राज्य सरकार



लेबोरेटरी का शिलान्यास करते विधायक उमाशंकर अकेला।

स्वास्थ्य की दिशा में नया कीर्तिमान रचने का काम कर रही है। मौके पर डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी, प्रमुख मनोज रजक, 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, प्रखंड विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, बासुदेव यादव, मो वारिस अंसारी, मुखिया यास्मीन तब्बसुम, रिजवान अली, मो तैयब, राजू राणा, दसरथ यादव, शशि जायसवाल, बिरेन्द्र यादव, नारायण राम सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### खेलों में करियर की असीम संभावनाएं : अमित कुमार

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सौन्दा बस्ती पारटांड स्टेडियम में रविवार से रामगढ़ जिला स्तरीय तीन दिवसीय प्रथम सब जूनियर खो-खो चैंपियनशीप का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रभात कुमार, अमित कुमार, ने संयुक्त रूप से झंडोतोलन कर किया। इसके बाद पहान ने खेल मैदान में विधिविधान से पूजा-अर्चना कर नारियल तोड़कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रदर्शनी मैच का आयोजन किया गया। खो-खो प्रतियोगिता में छह ब्लॉक पतरातू, रामगढ़, चितरपुर, गोला, मांडू और दुलमी के बालक-बालिका की टीम ने हिस्सा लिया है। प्रतियोगिता में 66 मैच खेले जायेंगे। जिसमें 33 मैच बालक व 33 बालिकाओं के टीम के बीच होगा। अमित कुमार ने कहा कि खेल-कूद जीवन का अभिन्न अंग होता है। खेलों में भी बेहतर प्रदर्शन कर करियर बनाया जा सकता है। श्री कुमार ने कहा कि खेलकूद शारीरिक व मानसिक विकास होता है।

### सांसद प्रतिनिधि ने किया उत्क्रमित मध्य विद्यालय का औचक निरीक्षण



**इचाक।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय करी माटी का कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के सांसद अन्नपूर्णा देवी के शिक्षा विभाग के सांसद प्रतिनिधि ओम प्रकाश मेहता ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जो सबसे बड़ी त्रुटियां विद्यालय प्रबंधन कमेटी का ना होना पाई गई। सांसद प्रतिनिधि के साथ उपस्थित कारिमाटी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि चंदन मेहता एवं ग्रामीणों के द्वारा शिकायत की गई। इस संबंध में जब प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी बंशीधर राम जी से संपर्क किया गया तो पता चला कि प्रबंध कमेटी नहीं होने के कारण मध्यान भोजन संचालित करने के लिए डीएससी साहब द्वारा अडॉप्ट कमेटी बनाई गई है जिसमें इसी विद्यालय की सहायक अध्यापिका को संयोजिका पद का कार्यभार सौंपा गया। सहायक अध्यापिका को संयोजिका का कार्यभार सौंपे जाने के कारण विद्यालय में पठन पठान का कार्य प्रभावित हो रही है। निरीक्षण के दौरान विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक ओम प्रकाश निराला सहायक अध्यापक राजकुमार प्रसाद तेज नारायण परमात्मा कुमार महेंद्र कुमार सिंह समेत ग्रामीण सोनू कुमार उपस्थित थे।

# नफरत की राजनीति नहीं चलेगी : महेंद्र पाठक



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी पतरातू अंचल कमेटी की बैठक रविवार को भुरकुंडा पार्टी कार्यालय में हुई। इसकी अध्यक्षता पोचाई प्रसाद ने की। बैठक में मुख्य रूप से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक, रामगढ़ जिला सचिव विष्णु कुमार, पतरातू अंचल सचिव मनोज कुमार महतो उपस्थित थे। पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि पूरे देश में परिवर्तन की लहर चल रही है। भारतीय जनता पार्टी के सांसद जयंत सिन्हा से हजारीबाग की जनता उब चुकी है। हजारीबाग में लोग विस्थापन का दंश झेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि अडानी से लेकर कई कॉरपोरेट घराने हजारीबाग में दस्तक दे चुके हैं। लेकिन किसानों को अधिकार नहीं मिले। आम जनता को अधिकार भी नहीं मिला। मोले पर सांसद चुप्पी साधे हुए हैं। श्री पाठक ने कहा कि हजारीबाग के लोग इस बार परिवर्तन का मुड बना चुके हैं। उन्होने कहा कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने दो बार हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी को हराया है। इस बार हजारीबाग लोकसभा से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने बाप को हराया है, बेटा को भी हराएंगे। इस बार भाकपा के उम्मीदवार की जीत निश्चित है। वक्ताओं ने कहा कि 7 नवंबर को क्रांति दिवस की अवसर पर हजारीबाग में बड़ी रैली की जाएगी। उन्होंने कहा कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी किसने मजदूर दबे-कुचले लोगों का आवाज बनकर बुलंदी के साथ लगातार लड़ती रही है। आगे भी जनता के जन सवालों को लेकर लड़ाई लड़ती रहेगी। आने वाले दिन में भारतीय जनता पार्टी को हराने के लिए एक-एक कार्यकर्ता मैदान में डटेंगे। 7 नवंबर के बाद सभी प्रखंडों में जीबी बैठक, बुथ कमेटी का निर्माण, बुथ कमेटी की बैठक कर चुनाव की तैयारी में लोग लगेंगे। साथ ही 26, ,27 व 28 नवंबर को रांची के राज भवन के समक्ष महापड़ाव होगा।

### रजरप्पा : दीये बनाने में जुटे कुम्हार

**रजरप्पा ।** संस्कृति और सामाजिक तानाबाना के बीच समाज के सभी वर्गों की भूमिका रहती है। खासकर शुभ में तो समाज के हर वर्गों की भागीदारी दिखती है। दीपों के त्याहोर दीपावली पर कुम्हारों की विशेष भूमिका रहती है। उनके बनाए मिट्टी के दीये ही शुभ माने जाते हैं और जलाए जाते हैं। दीपोत्सव के लिए लोग घरों की सफाई के साथ ही रंगाई पुताई में व्यस्त हैं। वहीं कुम्हार भी तेजी से दीया बनाने में जुटे हैं। चितरपुर सहित अन्य जगहों पर दिन रात कुम्हार मिट्टी के दिए बनाने में जुट हुए हैं। कुम्हार ने बताया यह उनका पुश्तैनी काम है।

# रामगढ़ : गुरु यज्ञ में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**रामगढ़।** कांकेबार पटेल चौक स्थित गुरु भवन में रविवार को गुरुयज्ञ का भव्य आयोजन किया गया। महेंद्र मंडल और उनके द्वारा स्थापित प्रथम गुरु परिवार के द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है । यज्ञ में प्रथम गुरु शिष्य ने कहा कि यज्ञ का तात्पर्य है-ज्ञान, त्याग और पूर्ण समर्पण । हमारे सनातन में यज्ञ का विशेष महत्व है। यज्ञ न सिर्फ हमारे जीवन को प्रभावित करता है बल्कि प्रकृति जिससे हमारा अस्तित्व है के लिए भी आवश्यक है। सतसंग प्रेमियों ने कहा कि सत्संग एवं यज्ञ एक दूसरे के पूरक हैं ।सत्संग अर्थात सत्य का संग/ संगति करना ।जबकि वेदों के अनुसार, मानव जाति के कर्तव्य एवं अपने कर्तव्यों के प्रति संकल्पित भाव से समर्पित हो जाना ही यज्ञ है। आज भाग दौड़ के जीवनचर्या में हमने मानो इन दोनो की ही आहुति दे दी है ।अतः एक मात्र गुरु (सत्य) ही हमें सन्मार्ग पर चलने को रास्ता दिखाने का कार्य करते हैं आंधी , तूफान अथवा कैसी भी विषम परिस्थितियां सामने आए एक सच्चा गुरु दीपक की भांति आपको रास्ता दिखाता है वो आपको भटकने से रोकता है। यज्ञ का समापन विशाल भंडारे के साथ हुआ। कार्यक्रम मे बिहार, बंगाल, उत्तरप्रदेश और झारखण्ड के विभिन्न जिलों से सैकड़ों सतसंग प्रेमी शामिल हुए। . सत्संग में भाग लेने वालों में मुख्य रुप से गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी , अमित सिन्हा, नंदकिशोर गुप्ता, छोटन सिंह, राजेश प्रसाद, बिनोद साव, सूरज जायसवाल, अशोक महतो, कृष्णा ठाकुर, अजय कुमार, राजकुमार, राजू कुमार,भूपनाथ महतो, प्रयाग महतो, सतीश कुमार, रमेश कुमार रमेश प्रजापति ,सुबोध कुमार, भूपनाथ महतो, प्रयाग महतो, सेवालाल महतो, रतन बेदीया, अजय पासवान, रंभा देवी ,अनीता देवी ,पुष्पा देवी, बिंदु देवी, रेणु देवी, उषा देवी, संध्या सिंह, सतपाल सिंह, पशुपतिनाथ, जितेंद्र सिंह, अनूप चौधरी, गोपाल प्रसाद, रमेश, पंकज सिंह, राजीव कुमार, दिनेश यादव, साधु यादव, अजय प्रजापति, विजय प्रजापति, शकुंतला देवी, शंकर प्रजापति, नेहा प्रजापति, सरिता देवी, शारदा देवी, कुमकुम देवी आदि का नाम शामिल है।

## एक नजर में

### बरही के कई होटलों और रेस्टोरेंटों में चल रहा है देह व्यापार का धंधा, प्रशासन मौन

बरही। कई होटल सह रेस्टूरेंट में देह व्यापार का रोजगार आम होते जा रहें है।गुप्त सूचना के आधार पर कुछ रेस्टुरेंट में लोगो को ठहरने की भी व्यवस्था है। जिसमे देह व्यापार का धंधा अनैतिक रूप से किये जा रहें है। जिसका प्रभाव समाज मे व्यापक होता जा रहा है।अधिक आमदनी व समाज मे दिखावे की दौड़ में देह व्यापार का नया स्वरूप देने का काम कर रहे है। जिसका उदाहरण कई बार बरही की जनता को मिल चुका है। कुछ होटल संचालकों पर इस मामले को लेकर कार्रवाई भी हो चुकी है। जिसमे होटल संचालकों को जेल भी हुई थी। लेकिन वे लोग समझने को तैयार नहीं है और बरही के साफ तस्वीर को धूमिल करने का प्रयास कर रहे है। शुक्रवार रात्रि भी बरही के एक होटल में ऐसी ही घटना घटी। पुलिस घटना स्थल पर भी पहुंची थी लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। बता दे कि ऐसी छोटी छोटी घटनाएं कल एक बड़ा एवं विस्तार रूप ले सकता है, जिसके बाद स्थिति को संभालना काफी मुश्किल हो जायेगा, इसलिए इस विषय पर बरही के प्रशासनिक पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता व बुद्धिजीवी वर्ग को गंभीरता से लेकर वैसे होटल संचालकों पर ऐसे गलत कार्य न करने का दवाब बनाने की आवश्यकता है ताकि क्षेत्र के बच्चो को बुरी आदतों से बचाया जा सके।

### बड़कागांव में झामुमो की बैठक संपन्न



**बड़कागांव।** पूर्वी पंचायत भवन में झामुमो की पंचायत स्तरीय बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता रोहन साव एवं संचालन महावीर प्रजापति ने किया। मुख्य संयोजक संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में पूर्वी पंचायत कमेटी का गठन किया गया जिसमे अध्यक्ष पंचम कुमार,उपाध्यक्ष रेखा देवी,विशाल कुमार,विनीता देवी, सचिव रिंकी कुमारी,संयुक्त सचिव सोहर महतो,निशा कुमारी,रेखा देवी,किरण देवी,कोषाध्यक्ष प्रीति कुमारी,कार्यकारिणी सदस्य महावीर प्रजापति,राजू कुमार,अशोक राम, रोहन साव,प्रभु तिवारी,दिलीप भुईयां आदि को बनाया गया हैं।वही संजय कुमार सिंह ने संबोधित करते हुए कहा की आप सभी लोग झारखंड मुक्ति मोर्चा का एक परिवार बन गए हैं झामुमो को मजबूत करने का प्रयास करें। किसी भी समय किसी वक्त जिस प्रकार की जरूरत हो हम विश्वास दिलाते हैं कि पूर्ण करने का प्रयास करेंगे। मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइयां,संजय भुईयां,प्रभु राम,पवन तुरी,अशोक राम,सोहर महतो,टिंकू कुमार,पुष्पा देवी,अनीता देवी सैकड़ो महिला पुरुष शामिल है।

### छठ में साफ-सफाई को लेकर बैठक

**टाटीझरिया।** छठ महासमिति खंभवा की बैठक रविवार को हुई। जिसकी अध्यक्षता मिथिलेश पाठक ने किया। जिसमें पिछले वर्षों के छठ पूजा और उसमें की गई व्यवस्था की समीक्षा हुई। निर्णय लिया गया कि इस वर्ष भी पिछले वर्षों की तुलना में छठ घाट ,गलियों और मंदिर के साफ –सफाई तथा सजावट बेहतर ढंग से किया जाएगा। पिछले वर्षों के आय –व्यय का लेखा –जोखा भी प्रस्तुत किया गया। बैठक में त्रिभुवन प्रसाद,अरुण सिंह,प्रकाश प्रसाद, पंकज यादव, सुधीर यादव ,प्रमोद यादव, नागेश्वर यादव, प्रकाश साव, दीपक यादव और प्रकाश प्रजापति उपस्थित थे।

### चरही में फरार अभियुक्त गिरफ्तार

**चरही।** चरही थाना क्षेत्र के जिलपिया निवासी सूरज कच्छप पिता बिरसा कच्छप को चुरचू पुलिस ने गिरफ्तार जेल भेज दिया है।चुरचू थाना प्रभारी इंदरदेव रजवार ने बताया कि सूरज के विरुद्ध चुरचू थाना में 14/23 के तहत हत्या का मामला दर्ज था। तबसे यह फरार चल रहा था। थाना प्रभारी ने बताया कि सूरज ने चुरचू थाना के करगी के लुकिया निवासी राजू गंझू पिता अनंता गंझू को 10 अगस्त को किसी कारण को लेकर जमकर पिटाई किया था।जिस कारण गंभीर रूप घायल हो गया था।जिसे इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया।डॉक्टरों ने मरीज को गंभीर अवस्था को दखते रिम्स रेफर किया गया।जहां पर इलाल के क्रम में 29 अगस्त को उसकी मौत हो गई थी।इस मामले को लेकर परिजनों ने कांड संख्या 14/23 के धारा 302 के तहत मामला दर्ज कराया था।

### किसानों को खरीफ फसल की दी गयी जानकारी

**केरेडारी ।** कृषि क्षेत्र की उत्कृष्ट कंपनी कोरटेवा एग्री साइंस (पायोनियर ) द्वारा केरेडारी गांव में किसानों को पायोनियर 27P37 की खरी फसल दिखाकर धान के गुण और विशेषता के बारे में जानकारी दी गई। पायोनियर के क्षेत्रीय प्रबंधक समित कुमार ने किसानों को बताया कि पायनियर 27 7 धान दो नंबर जमीन के लिए एक बेहतर हाइब्रिड धान हैं। जिसकी बाली दूसरे धान की अपेक्षा लंबी और गुछेदार होती है। जिससे किसानों को प्रति एकड़ 3 से 4 कुंटल अधिक उपज प्राप्त होता है। फसल प्रदर्शनी के दौरान किसानों को 10 बालियों का वजन करके भी दिखाया गया। मौके पर किसान धनेश्वर साहू, , तपेश्वर साहू, महतो दयाल महतो, संतोष संजय शाह लखन कुमार, एवं कंपनी का क्षेत्रीय अधिकारी सुनील कुमार आदि मौजूद थे।

### महिला के खाते से 12500 रुपये की निकासी

**दारू।** काबिलासी पंचायत निवासी एक महिला के 8 अक्टूबर को मोबाइल चोरी हो गया था। मोबाइल चोरी होने के बाद महिला के बैंक खाते में वही सिम लगा था जो उसके बैंक खाते में था। चोरी गई मोबाइल की मदद से चोरो ने यूपीआई के द्वारा महिला के बैंक खाते से 12500 रुपैये की निकासी कर ली गयी। महिला के बैंक खाते से कबलासी के ही कुछ लोगों को ऑनलाइन भुगतान किया गया है। मेरु पेट्रोल पंप में भी भुगतान किया गया है। महिला का अकाउंट फिनो बैंक में बताया जा रहा है। जिसके मदद से महिला ने ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पेमेंट एप्लीकेशन के मदद से पेमेंट एप्लीकेशन अपने मोबाइल में डाउनलोड किया था। ग्राहक सेवा केंद्र से उसके अकाउंट का खाता के विवरण निकलने पर पता चला की मोबाइल चोर ने अक्टूबर और नवंबर के महीने में लगातार ऑनलाइन पेमेंट के माध्यम से दर्जनों जगहों पर पेमेंट किया है। महिला का नाम रिंकी देवी पति राजेश कुमार रवि सिलाडिह की निवासी है। वह बेहद गरीब परिवार से है।

### किसानों के बीच फसल प्रदर्शनी का आयोजन



**टाटीझरिया।** हजारीबाग जिले के बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत गुरुचट्टी गांव में टिकेश्वर महतो जुगरा में भोला साव, कदमाडिह में बैजनाथ महतो,ढेंगा में रामबली सिंह के खेतों में कृषि क्षेत्र के उत्कृष्ट कंपनी एडवांटा हाइब्रिड सीड्स प्राईविट लिमिटेड के क्षेत्र प्रबंधक आशीष कुमार सिंह, हजारीबाग क्षेत्र प्रतिनिधि संदीप पांडेय ने किसानों को एडवांटा 8200 हाइब्रिड 2 नंबर खेत में लगा धान की खड़ी फसल पर्दशनी एवं एक ही खेत में लगे एडवांटा के 8200 हाइब्रिड धान और अन्य कम्पनी के हाइब्रिड धान की 10 मीटर लंबाई 10 मीटर चौड़ाई (10 10) क्षेत्रफल की कटाई मिसाई माप तौलकर फसल किसानों के समक्ष पर्दशनी कर धान के गुण और विशेषता के बारे में जानकारी दिया। वही क्षेत्र प्रबंधक आशीष कुमार ने किसानों को बताया की एडवांटा 8200 धान दो नंबर जमीन के लिए एक बेहतर धान है। जिससे किसानों को प्रति एकड़ 3 से 4 कुंटल अधिक उपज होता है। किसानों में टिकेश्वर महतो,बैजनाथ महतो,भोला साव,सुरेंद्र साव,रामबली कुमार सिंह,अर्जुन सिंह, रेणु देवी ,संगीता देवी,फूलमती देवी , एमडी रजा,फिरोजा खातून समेत अन्य सैकड़ों लोग संगोष्ठी में शामिल थे।

## स्पीड न्यूज

### वारंटियों पर कड़ी नजर रखेगी पुलिस



**गुमला।** एसपी हरविंदर सिंह ने पालकोट थाना का वार्षिक निरीक्षण किया। इस क्रम में थाना अभिलेखों का अवलोकन किया। इस दौरान एसपी ने लाल वारंटी और फरारियों की गिरफ्तारी का निर्देश दिये। साथ ही मालखाना के कार्यों का निष्पादन करने की बात कही। निरीक्षण में एसडीपीओ विकास आनंद लागुरी, इंस्पेक्टर एसएन मंडल, थाना प्रभारी अनिल लिंडा व कई लोग थे।

### गायत्री परिवार ने लगाया रक्तदान शिविर



**लोहरदगा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार लोहरदगा ने रक्तदान शिविर रविवार को सदर अस्पताल में लगाया। जिसमें 14 लोगों ने रक्तदान कर समाज के प्रति अपना योगदान दिया। प्रो गोविंद साहू ने बताया की रक्तदान करने से बहुत सारे शारीरिक लाभ है। हृदय से जुड़ी कई बीमारियों से बचा जा सकता है। प्रत्येक 6 महीना में रक्त डोनेट करने से किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होती है और यह मानव कल्याण का सबसे बड़ा कार्य है। रक्तदाता में सौरभ केसरी, विजय सिंह गहलोत, रामनंदन नगेसिया, अनिल कुमार, सरिता देवी, विनय उरांव, आशुतोष कुमार, गुंजन अग्रवाल, विक्रम कुमार, जितेंद्र कुमार भी थे।

### मारवाड़ी समाज ने किया सम्मानित



**लोहरदगा।** जिला सेवा भारती सह जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष दीपक सर्राफ की अगुवाई में विज्ञान भवन लोहरदगा पर निवर्तमान एसडीओ अरविंद कुमार लाल को अंगवस्त्र एवं बुद्ध की प्रतिमा देकर सम्मानित किया गया। जिलाध्यक्ष दीपक सर्राफ ने उनके साथ बितायें पलों को याद करते हुए कहा कि अरविंद कमार लाल प्रशासनिक अधिकारी रहते हुए सभी के मन में एक आत्म विश्वास दिलाते हुए भय मुक्त बनायें और एक परिवार की तरह सभी को मानते रहे,ये हमारे प्रेरणा स्रोत बने रहेंगे। अरविंद लाल ने कहा कि लोहरदगा जिला के लोगों ने हमें बहुत ही प्रेम दिया और सभी ने मिल-जुल कर हर क्षेत्र में हमारे साथ कदम से कदम मिलकर साथ दिया। जिससे हमें काफी सहयोग मिला। मौके पर जिलाध्यक्ष दीपक सर्राफ, शशि भूषण सिंह, शुभम शर्मा, हर्षित सोनी, अतुल सर्राफ समेत कई अन्य उपस्थित थे।

### मात्स्यिकी विज्ञान कॉलेज के विद्यार्थियों ने किया धनसिंह टोली जलाशय का भ्रमण



**गुमला।** मात्स्यिकी विज्ञान महाविद्यालय गुमला के शिक्षकों व छात्र- छात्राओं ने धनसिंह टोली जलाशय पर प्रायोगिक भ्रमण किया। यह भ्रमण सह-अधिष्ठाता डॉ एके सिंह के मार्गदर्शन में किया गया। छात्र-छात्राओं ने अपने प्रायोगिक व शैक्षणिक कार्यक्रम के तहत धनसिंह टोली जलाशय बसिया के कैज व पैन जल कृषि को जाना व समझा। यहां हो रही मात्स्यिकी व जल कृषि के बारे में जाना और जल की गुणवत्ता के जांच करके कुछ जल पैमाने परिणाम का सैंपल लिया। मौके पर सहायक प्राध्यापक डॉ रोहिताश यादव, डॉ गुलशन कुमार, डॉ प्रशांत जना व संजय नाथ पाठक उपस्थित थे।

### रायडीह प्रज्ञा केंद्र संचालक संघ का हुआ गठन, बंशी मल्लाह बने अध्यक्ष



**रायडीह।** रायडीह प्रखंड प्रज्ञा केंद्र संचालक संघ की बैठक रविवार को हुआ। जिसमें संघ का पुनर्गठन किया गया। गठित कमेटी में अध्यक्ष बंशी मल्लाह, सचिव राजेश कुमार लाल, कोषाध्यक्ष अमित प्रसाद को बनाया गया। वहीं बैठक में विभिन्न बिंदु पर चर्चा की गयी। बैठक में कहा गया कि बिना सूचना के पुराने भीएलई को हटाकर आधार के नाम से नया भीएलई को पंचायत भवन में दिया गया है। जिसमें केपुर पंचायत से बंशी मल्लाह और नवागढ़ पंचायत से मरियानी मिंज को पंचायत भवन में पुनः स्थापित करने की मांग की गयी। वहीं जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र पंचायत भवन में ही बनाने, आधार बनाने और एएडेड में सीएससी की मनमानी रिकवरी, एक पंचायत में सिर्फ एक ही भीएलई बनाने और सरकार की निर्धारित मानदेय 7500 रुपये पर भी चर्चा हुई। बैठक में कई सदस्य उपस्थित थे।

### बिजली करंट लगने से युवक घायल



**घाघरा।** थाना क्षेत्र के गोरियाडीह निवासी युवक कमलेश यादव रविवार को बिजली करंट लगने से घायल हो गया। वहीं परिजनों के सहयोग से घायल अवस्था में कमलेश को घाघरा सीएचसी लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु उसे गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घायल के पिता अमीन यादव ने बताया कि घर में कोई नहीं था और उसका पुत्र घर में पानी मशीन चलाने के लिए घर से आधा किलोमीटर दूर ट्रांसफार्मर के पास बिजली की तार से हुकिंग करने गया था। इस दरम्यान बिजली करंट की चपेट में आ गया और घायल हो गया।

### बदरी खेल मैदान बनाने में ग्रामीणों ने लगाया लापरवाही का आरोप



**घाघरा।** खेल विभाग गुमला द्वारा बदरी खेल मैदान में चल रहे कार्य में विभाग के ठेकेदार द्वारा लापरवाही बरती जाने का ग्रामीणों ने आरोप लगाया है। इस संबंध में रविवार को ग्रामीणों ने बताया कि आगामी 17 नवंबर को कार्तिक उरांव जतरा सह खेलकूद प्रतियोगिता का समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन का आना तय हुआ है। बावजूद खेल बिभाग की ओर से कार्य करा रहे ठेकेदार द्वारा उक्त खेल मैदान बनाने में लापरवाही बरती जा रही है। कार्य अधूरा ही करके छोड़ दिया है। आगामी 6 नवंबर से उक्त मैच की शुरूआत है और अब तक कार्य अधूरा पड़ा है। जिसे लेकर ग्रामीण में काफी आक्रोश है।

# मेला के आयोजन से लोगों में प्रेम और भाईचारगी बढ़ती है : पद्मश्री मुकुंद नायक

- नायक इंद मेला समिति ने तपकारा में किया रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम

**खबर मन्त्र संवाददाता**



सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ करते पद्मश्री मुकुंद नायक।

**गुमला।** पालकोट प्रखंड के तपकरा गांव में नायक इंद मेला समिति के तत्वाधान में शनिवार की रात्रि में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया। मुख्य अतिथि पद्मश्री मुकुंद नायक एवं विशिष्ट अतिथि घासी समाज संघ के जिला अध्यक्ष खुशमन नायक ने फीता काट कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

मौके पर पद्मश्री सह झारखंड के सुप्रसिद्ध ठेठ नागपुरी गायक मुकुंद नायक ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम आयोजन करने से लोगों के बीच प्रेम एवं भाईचारगी बढ़ती है। उन्होंने बच्चों को शिक्षा के साथ साथ संस्कार ज्ञान भी देने की बात कही और नागपुरी गीत प्रस्तुत कर लोगों को खूब मनोरंजन भी कराया।

इस अवसर पर घासी समाज संघ के जिला अध्यक्ष खुशमन नायक ने अपने समाज के सांगठनिक, शैक्षणिक, आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक स्तर को उपर उठाने हेतु युवा वर्ग को आगे आने हेतु प्रेरित किया। खुशमन नायक ने यह भी कहा कि झारखंड के कला संस्कृति को विश्व स्तर पर पहचान दिलाने एवं बचाने में घासी समाज के लोग महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

# पीएम मोदी के खूंटी में आयोजित कार्यक्रम में गुमला से 5,000 कार्यकर्ता होंगे शामिल

- देश में एक भारत श्रेष्ठ भारत का सपना साकार हो रहा है : बबन गुप्ता
- जिला भाजपा कार्यसमिति की बैठक संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक को संबोधित करते प्रदेश मंत्री व उपस्थित कार्यकर्ता।

**गुमला।** आगामी 15 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खूंटी आगमन पर जिले से 5 हजार कार्यकर्ता कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसे सफल बनाने हेतु भाजपा गुमला जिला कार्य समिति की बैठक रविवार को पालकोट रोड उत्कल भवन में जिला अध्यक्ष अनूपचंद अधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। सर्वप्रथम आगत अतिथियों द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर सामूहिक वंदे मातरम गान के साथ बैठक का शुभारंभ किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला संगठन प्रभारी बबन गुप्ता ने कहा आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर पूरे देश में 2 लाख से ज्यादा कार्यक्रम आयोजित हुए। 31 अक्टूबर दिल्ली में आयोजित आजादी के अमृत महोत्सव समापन कार्यक्रम में 8500 से ज्यादा अमृत कलश जिसमें पूरे देश में अवस्थित गौरवशाली इतिहास की मिट्टी ,देश के मान- स्वाभिमान की रक्षा हेतु शहीद, वीर- वीरांगनाओं की मिट्टी से कर्तव्य पथ पर अमृत वाटिका का निर्माण हो रहा है। एक भारत श्रेस्ठ भारत का सपना साकार हो रहा है। देश की मिट्टी एक साथ मिल रही है।

## जिले में चला सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान

# लोहरदगा एसपी ने बांटे हेलमेट

**खबर मन्त्र संवाददाता**



हेलमेट देते एसपी हरीश बिन जमां व अन्य।

**सेन्हा।** सेन्हा में अंजुमन इस्लामिया और पुलिस प्रशासन के द्वारा बाइक चालक के बीच हेलमेट वितरण पुलिस कप्तान हारिस बिन जमा के द्वारा किया गया। लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के छोटी मस्जिद के समीप अंजुमन इस्लामिया सेन्हा ने पुलिस प्रशासन ने सड़क सुरक्षा नियम पालन को लेकर जगरूकता अभियान चलाया। कार्यक्रम के दौरान एसपी हरीश बिन जमां, बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा, 20 सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम सेन्हा थाना प्रभारी अभिनव कुमार, ट्रैफिक प्रभारी संतोष कुमार, फजल अव्वास, अंजुमन इस्लामिया सेन्हा के सदर मुख्तार अंसारी, इम्तियाज अंसारी सहित पुलिस बल एवं अंजुमन इस्लामिया के गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान एसपी ने कहा कि सड़क सुरक्षा नियम के अनुसार सभी का दायित्व बनता है कि प्रशासन को सहयोग करें। सड़क सुरक्षा जगरूकता कार्यक्रम के दौरान पुलिस कप्तान हरीश बिन जमां ने बाइक चालक को हेलमेट पहन कर बाइक चलाने की सलाह दिया। बीडीओ ने आप बीती सुनाते हुए कहा कि बाइक स्कूटी व अन्य दो पहिया वाहन चलाने के क्रम में सुरक्षा के दृष्टिकोण से हेलमेट चालक तथा पीछे बैठे सवारी के लिए निहायत जरूरी है। बताते हुए उन्होंने कहा इस प्रकार सुरक्षा के दृष्टिकोण से हेलमेट का इस्तेमाल करने से खुद का सुरक्षा नही बल्कि परिवार को भी समस्या से बचाया जा सकता है। साथ ही वैसे बाइक चालक को जो हेलमेट के बिना सड़क पर धड़ले से आवगमन कर रहे थे जिसे हेलमेट एवं गुलाब फूल देकर सड़क सुरक्षा का पालन करने तथा उन लोगों के माध्यम से जगरूकता पर जोर दिया गया।

# भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक में पीएम के कार्यक्रम में भागीदारी पर चर्चा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



संबोधित करते भाजपा नेता योगेंद्र प्रताप सिंह।

**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी लोहरदगा जिला की कार्यसमिति की रविवार को बक्शीडिपा स्थित भाजपा जिला कार्यालय सभागार में जिला अध्यक्ष मनीर उरांव की अध्यक्षता में हुई। जिसके मुख्य अतिथि प्रदेश प्रवक्ता योगेंद्र प्रताप सिंह और जिला प्रभारी मनोज मिश्रा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओमप्रकाश सिंह उपस्थित हुए। बैठक की मुख्य विषय 15 नवम्बर जनजातीय गौरव दिवस के दिन बिरसा मुंडा के पैत्रिक गांव में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आगमन और खूंटी स्टेडियम में संबोधन कार्यक्रम में जिला से भागीदारी पर चर्चा की गयी। बैठक की शुरुआत महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलित कर वंदेमातरम गीत के साथ की गयी।

मनोज मिश्रा ने कहा कि कार्यक्रम में हमारी सहभागिता अधिक अधिक से कैसे हो जिले सभी कार्यकर्ता पदाधिकारी चिंता करेंगे। इसपर भगवान बिरसा मुंडा के प्रति श्रद्धा अर्पण होगी।

**खास बातें :** मुख्य अतिथि योगेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा के झारखंड के ही नहीं पूरे भारतवर्ष के गौरव है। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती जनजाति समाज देश ही नहीं विदेशों में भी मानते थे। परंतु महान विभूति को राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित नहीं किया गया था। उसे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय जनजाति गौरव दिवस को स्थापित किया। इस विशेष अवसर पर देश के प्रधानमंत्री बिरसा मुंडा के जन्म स्थली पर उत्सव हमलोगों के साथ मनायेंगे। हमें पूर्ण विश्वास झारखंड के जनता के प्यार आशीर्वाद से कार्यक्रम भव्य होगी। इसके निमित्त 8 नवम्बर को मंडल कार्यसमिति, और 9 से 13 नवंबर तक शक्ति केंद्र पर बैठक के निमित्त नियुक्ति पदाधिकारी की उपस्थिति में होगी।

# भुवनेश्वर में डीएवी की ताशा झा व शिक्षक अभिजीत झा हुए सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** सूर्योदय लिटरेरी फाउंडेशन ने गीता गोविंद सदन भुवनेश्वर में सूर्योदय शांति सौमित्री सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें पद्मश्री देवी प्रसन्न पटनायक साहित्य एकेडमी विजेता राजेंद्र किशोर पांडा, नेहा भंडारकर सहित कई प्रतिष्ठित कवि उपस्थित थे। यह गर्व की बात है कि झारखंड के प्रतिनिधि के रूप में डीएवी गुमला के शिक्षक अभिजीत झा एवं कक्षा दशम की छात्रा ताशा झा को भी इस कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया था। ताशा ने इस कार्यक्रम की सबसे कम उम्र की कवयित्री के रूप में वी आर इंडियन गर्ल्स कविता सुनाई तो पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। ताशा को फाउंडेशन ने प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। मुख्य वक्ता श्री झा ने विश्व शांति एवं भाईचारे के लिए साहित्य का योगदान विषय पर अपने विचार रखते हुए कहा कि हिंसा चाहे किसी भी रूप में हो- चाहे वह मानसिक और शारीरिक हो या वाचिक, किसी भी कारण से हो- स्वार्थ के लिए, प्रतिस्पर्धा के लिए, सुरक्षा के लिए हर स्थिति में यह हमारे विचारों का ही प्रतिबिंब है।

# नि:शुल्क शिविर में 52 लोगों ने करायी स्वास्थ्य की जांच

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के परिसर मे लगातार 73 वें सप्ताह के रविवार को भी सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाया गया। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल, उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल एवं संजय चौधरी ने भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किया। सभी ने वंदे मातरम, भारत माता की जय का जयकारा लगाते हुए नमन किया। इस स्वास्थ्य शिविर में 52 लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच एवं चेकअप कराकर लाभान्वित हुए। समाजसेवी अशोक अग्रवाल ने एक सौ पीस शुगर स्टिक जिलाध्यक्ष दीपक सर्राफ को सौंपते हुए कहा कि मानव सेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म है, जिलाध्यक्ष का निरंतर निशुल्क सेवा कार्य सराहनीय है।

### महिला रोग विशेषज्ञ डॉ स्वाति आठ को गुमला में

**गुमला।** महिला रोग विशेषज्ञ डॉ स्वाति लाल 8 नवंबर को पालकोट रोड स्थित नीलेश मेडिकल हॉल में जांच करेंगी। यह जानकारी दिलीप नीलेश ने दी है।

### हापामुनि महुआटोली में हुई सरना धर्म प्रार्थना सभा



**घाघरा।** हापामुनि महुआ टोली में आदिवासी सत्य प्राकृतिक सरना धर्म प्रार्थना सभा रविवार को की गयी। जिसकी अध्यक्षता पिंकी उरांव ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धर्मगुरु चितरंजन उरांव, अतिथि उप मुखिया अजित मनी पाठक, पूर्व मुख्य आदित्य भगत थे। चितरंजन ने गांव में सरना झंडा गाड़ा। साथ ही नौ दिनों से मां सरना की पूजन उपवास पिंकी उरांव, मीणा उरांव, असरी उरांव द्वारा की जा रही थी। झंडा गड़ी के बाद पानी पिलाकर उपवास तुड़वाया गया। पूर्व मुखिया आदित्य भगत ने कहा कि हम प्रकृति का उपासना करते हैं। प्रार्थना करते हैं जिससे हमें शांति मिलती है। हमें अपने प्रकृति का संरक्षण करने की जरूरत है। मौके पर उपस्थित संजेश उराव, सुगा उरांव, सुख उरांव, अनीता उरांव, प्रेमचंद उरांव, सावित्री उरांव, पिंकी उरांव सहित कई लोग उपस्थित थे।

# इलाज के अभाव में छोटी बीमारी ले लेती है बड़ा रूप : जगमोहन

- अघोर गुरुपीठ ट्रस्ट बनोरा ने आत्मा अनुसंधान केंद्र आदर में लगाया निःशुल्क जांच शिविर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**घाघरा।** अघोर गुरूपीठ ट्रस्ट बनोरा ने आत्मा अनुसंधान केंद्र आदर में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया। जहां सैकड़ों लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराकर निःशुल्क दवा ली। शिविर में डॉ संजय प्रसाद, डॉ अश्विनी, डॉ सीमा प्रकाश व डॉ विद्या निधि शर्मा ने सभी की जांच की और निःशुल्क दवाइयां भी दी। बता दें कि संस्था हमेशा ऐसे काम करती है। इसमें सुदूरवर्ती इलाके बिमरला, रुकी व दिरगांव सहित कई जगह से लोग आकर अपने स्वास्थ्य की जांच कराते हैं। संस्था के जगमोहन महतो ने बताया कि इस इलाके में छोटे से छोटे बीमारी को लोग आसानी में लेते है और वह बाद में बड़ा रूप ले लेता है। इसी के मद्देनजर संस्था स्वास्थ जांच शिविर लगाती है।



### छठ में व्रतियों को जर्जर मुर्की पथ से होगी परेशानी

**सेन्हा-लोहरदगा।** लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा प्रखंड मुख्यालय स्थित एनएच 143 ए पथ से मुर्की गांव को जोड़ने वाली पथ की स्थिति काफी जर्जर होने से आम लोगों को काफी समस्या हो रही है। जर्जर सड़क के कारण दो पहिया वाहन से लेकर चार पहिया वाहन हिचकोले मारते गंतव्य स्थान को जाती है। वही छठ को लेकर इसी पथ से व्रती व लोग पद यात्रा करते हुए सेन्हा बांकी नदी तट तक जाते हैं।

# आजसू प्रमुख सुदेश महतो नौ को पहुंचेंगे लोहरदगा

>> जॉब ओरिएंटेड एजुकेशनल प्रोग्राम का करेंगे लोकार्पण



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** मंजूरमती उच्च विद्यालय लोहरदगा में आगामी 9 नवम्बर को झारखंड सरकार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सह आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो लोहरदगा आयेंगे। स्कूल प्रबंधक कमेटी की ओर यह जानकारी देते हुए बताया गया की कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी की ओर से सेट फाउंडेशन के द्वारा जॉब ओरिएंटेड एजुकेशनल प्रोग्राम का लोकार्पण सुदेश कुमार महतो के हाथों किया जायेगा। जिसमें लोहरदगा के झारखंड आंदोलनकारी पूर्व विधायक स्व कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी एवं आजसू पार्टी के लोहरदगा विधानसभा प्रभारी नीरू शांति भगत विशेष रूप से उपस्थित रहेगी। कार्यक्रम प्रातः सुबह 10 बजे से शुरू होग'।

### आधुनिकता की दंश झेल रहा है कुम्हार समाज



**चैनपुर।** दीपों का उत्सव दिपावली में मिट्टी के दीयों का खास महत्व होता है। मिट्टी के दीये जलाकर भगवान की पूजा की जाती है। साथ ही दिपावली के मौके पर घर आंगन में मिट्टी के दीये जलाए जाते हैं। लेकिन मिट्टी के दीये बनाने वाले कुम्हार समाज के लोग आधुनिकता की मार सबसे ज्यादा झेल रहे हैं। कुम्हार समाज के लोगों की मानें तो वक्त बदला लेकिन कुम्हारों की हालत नहीं बदली। आज भी कुम्हार आर्थिक तंगी से गुजर रहे हैं। बाजार में उपलब्ध चाईनीज एवं सस्ते दीये के कारण उनकी कमाय फिकी पड़ रही है। कुम्हारों का कहना है कि मिट्टी पकाने के लिए कोयला, गोईठा, बिचाली की जरूरत पड़ती है। मिट्टी भी खरीद कर लाना पड़ता है। पांच हजार दीये बनाने में ढाई हजार लगभग खर्च होता है फिर भी बिक्री नहीं होने के कारण आमदनी कम होती है। एक ओर सरकार मेक इन इंडिया का नारा देकर लोगों को जागरूक कर रही है। लेकिन लोग आज भी आधुनिक युग के पीछे भाग रहे हैं। ऐसे में सामाजिक व्यक्तियों को आगे आना चाहिए और अपने गांव शहर के कुम्हारों को प्राथमिकता देने चाहिए ताकी उनका भी दीपावली में घर रौशन हो सके।

# मोदी सरकार के शासनकाल में भ्रष्टाचार महंगाई, बेरोजगारी चरम पर : विजय सिंह

- झारखंड नवनिर्माण दल की बैठक संपन्न
- रांची धरना में भाग लेने की कार्यकर्ताओं से अपील

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक को संबोधित करते झानद संयोजक विजय सिंह।

**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल गुमला के पदाधिकारियों की आवश्यक बैठक रविवार को गुमला स्थित कचहरी परिसर में दल की महिला नेत्री पुष्पा उरांव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में रांची के राजभवन के समक्ष होनेवाली जन पुकार सभा की तैयारी को लेकर चर्चा की गयी।

मौके पर झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार के शासन में भ्रष्टाचार, महंगाई व बेरोजगारी चरम पर है और यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच राज्यों के चुनाव प्रचार में जुमलेबाजी करने में व्यस्त हैं। श्री सिंह ने भ्रष्टाचार, महंगाई व बेरोजगारी जैसी समस्याओं पर रोक तथा स्थानीय व नियोजन नीति अविलंब बनाने, महिला मंडल की मांगे, किसानों व मजदूर तथा ननबैंकिंग कंपनी में जमा पैसे की जल्द भुगतान के लिए 7 नवंबर 2023 को रांची के राजभवन के समक्ष आयोजित सभा में सैकड़ो की संख्या में गुमला जिला से चलने की अपील भी की है। बैठक में गुमला जिला में दीपावली पर्व के बाद जन समस्याओं को लेकर आंदोलन को तेज करने के अलावे दल को हर स्तर पर मजबूत करने सहित कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये हैं। बैठक में प्रकाश उरांव, शंकर उरांव, सोमरा खड़िया, गोपेश्वर गोप, अमित कुजूर, मंगरा उरांव, मनीष उरांव, मनजीत उरांव, प्रणामी साहू, बुद्धेश्वर उरांव, संदीप खड़िया, जोबला उरांव, कुसमा मिंज, मालती देवी, राजकुमारी देवी, सोनाली उरांव, प्रमिला उरांव, मुन्नी देवी, मालती देवी समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# आजसू नेता प्रदीप ने कांग्रेस नेता पर सत्ता के दुरुपयोग का लगाया आरोप

- संवेदक के पिता सह जिला कार्यकारी कांग्रेस अध्यक्ष की पीड़ा का क्या है राज?

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिला ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल में अनियमितता को लेकर लगातार मुखर हो रहे कांग्रेस पार्टी के लोहरदगा जिला कार्यकारी कांग्रेस अध्यक्ष सह संवेदक के पिता की पीड़ा सरकार एवम मंत्री की धौंस के बाद भी टेंडर नहीं मिलने से फुट पड़ा है।

उक्त आरोप लगाते हुए प्रदीप ठाकुर, आजसू पार्टी जिला उपाध्यक्ष, लोहरदगा ने बयान जारी कर कहा कि एस एस इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर अपने संवेदक पुत्र को टेंडर में काम दिलाने के लिए लगातार विभाग के ऊपर दबाव बनाये हुए थे। नियमानुसार टेंडर में कार्य आवंटित होने के बाद मंत्री व सरकार की धौंस देकर लगातार बयान बाजी कर रहे हैं।



प्रदीप ठाकुर।

**कार्यक्रम की खास बातें :** जिले में ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल में पिछले एक वर्ष में करोड़ों की तीन योजना एवम जिला परिषद में करोड़ों की योजना आवंटित हुई है। संवेदक पुत्र को ठेकेदारी में कार्य दिलाने के लिए मंत्री व सरकार का धौंस दिखलाकर एड़ी चोटी का जोर लगाए हुवे थे। पुत्र को कार्य नही मिलने से नाराज पिता की बयान बाजी से जिले में कार्य करने वाले संवेदको एवम विभाग के अधिकारियों में रोष है। अधिकारियों को जिला से तबादला करा देने कुछ अभियंताओं को प्रमोशन दिलाने के नाम पर एवम विभाग को जांच टीम गठित करने की धमकी खुले आम दे रहे है। लगातार जिले में हो रहे इस आरोप प्रत्यारोप से लोहरदगा जिले में विकास कार्य बाधित हो रहा है। संवेदक कांग्रेस नेता के कारनामा से आक्रोशित है। इसे लेकर झारखंड सरकार के मंत्री सह स्थानीय विधायक डा रामेश्वर उरांव, प्रधान सचिव, उपायुक्त, मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता से मिलकर मामले की जांच करने और कार्यवाई की मांग करने का मन बना रहे हैं।

स्पीड न्यूज

## सेवानिवृत्त एएसआइ को दी गयी भावभीनी विदाई



खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** थाना में पदस्थापित एएसआई दयाराम सिंह को सेवानिवृत्ति के उपरांत शनिवार शाम भावभीनी विदाई दी गई। बताते चलें कि वे 31 अक्टूबर 2023 को सेवानिवृत्त हुए। वहीं थानाध्यक्ष लव कुमार की देखरेख में आयोजित सादे समारोह में थाना में पदस्थापित सभी पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। वहीं थानाध्यक्ष लव कुमार ने कहा कि दयाराम सिंह काफी सरल, मृदुभाषी, लगनशील एवं सुलझे व्यक्तित्व के धनी थे। वे विभागीय दायित्व एवं कार्य के प्रति काफी वफादार थे। वहीं एसआई उत्तम कुमार वैद्य ने कहा कि दयाराम सिंह के कार्य से लोगों को सिख लेना चाहिए। वहीं सेवानिवृत्त दयाराम सिंह ने काफी भावुक होकर कहा कि विभाग के सभी लोग पारिवारिक सदस्य की तरह मुझे प्यार और सम्मान दिया है। जिसे मैं कभी भूला नहीं सकता हूं।

## पेड़ काटने से रोकने को लेकर उपायुक्त को दिया आवेदन



**कोडरमा।** नगर पंचायत स्थित वार्ड नं-10 सहाना रोड में सचिन सहाना के घर के चाहरदीवारी के बाहर एक शीशम का पेड़ काटने से रोकने को लेकर ग्रामीणों ने उपायुक्त को आवेदन दिया है। दिये गये आवेदन में बताया गया कि सचिन सहाना के घर के चाहरदीवारी के बाहर एक शीशम का पेड़ है जो सरकारी (पीएचडी) सम्पति को नवनील सहाना पिता स्व सचिन सहाना, सहाना रोड निवासी के द्वारा असमाजिक तत्वों के साथ मिलकर सरकारी पेड़ को अपनी निजी सम्पति (पेड़) बताते हुए कटवाने का प्रयास किया जा रहा है। जिससे सरकारी सम्पति का दुरूपयोग किया जा रहा है। वहीं ग्रामीणों ने कहा ये लोग अपने निजी स्वार्थ के लिए हरे-भरे पेड़ों को काटकर पर्यावरण को भारी क्षति पहुंचा रहे हैं। वहीं आवेदन की प्रतिलिपि वन प्रमंडल पदाकािरी को भी दिया गया है। साथ ही कहा कि इस मामले की गहनता से जांच करते हुए पेड़ की कटाई को तत्काल रोक कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

## शक्ति कलश पूजन समारोह का होगा आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत जामु पंचायत में रविवार को दुर्गा मंडप प्रांगण (गायत्री चेतना केंद्र) जामू में जिला स्तरीय गायत्री परिवार एवं जामू गायत्री परिवार के द्वारा 51 कुंडीय राष्ट्र जागरण अभियान गायत्री महायज्ञ सह गायत्री माता प्राण प्रतिष्ठा जो 20 फरवरी 2024 से 24 फरवरी 2024 तक को लेकर शांतिकुंज हरिद्वार से आए शक्ति कलश पूजन समारोह का आयोजन किया गया। वहीं गायत्री महायज्ञ के आयोजकों ने बताया कि समारोह में मुख्य रूप से शांतिकुंज हरिद्वार प्रतिनिाि सच्चिदानंद बाबूजी (बोकारो), उपजोन प्रभारी हजारीबाग रघुनंदन बाबूजी एवं उपजोन प्रभारी बोकारो लखनलाल प्रजापति बाबूजी उपस्थित रहेंगे।

## प्रजापति महासंघ ने राजेंद्र महतो को दी श्रद्धांजलि



**कोडरमा।** झारखंड प्रजापति (कुम्हार) महासंघ कोडरमा के द्वारा प्रदेश महासंघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष स्व. राजेन्द्र महतो की पुण्यतिथि पर कोडरमा जिला महासंघ के द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। वहीं उपस्थित पदाधिकारियों ने राजेंद्र महतो की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। वहीं जिला महामंत्री विजय कुमार पंडित ने कहा कि पूरे प्रदेश में प्रजापति समाज को संगठित एवं जागरूक करने का कार्य राजेंद्र महतो ने किया था, समाज के प्रति उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। मौके पर महासंघ के जिला अध्यक्ष भुवनेश्वर पंडित, महामंत्री विजय कुमार पंडित, डॉ.पी कुमार, डॉ.नरेश कुमार पंडित, सेवानिवृत्त न्यायाधीश महावीर कुमार, राजकुमार पंडित, किशोर पंडित, बोधी पंडित, जीवलाल पंडित, हरी पंडित, अनील पंडित, दिनेश पंडित, हरि ओम पंडित समेत उपस्थित लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

## महिपाल बने जागृति क्लब के अध्यक्ष

**गढ़वा।** जिला मुख्यालय में आस्था के छठ महापर्व बड़े ही हर्षोउल्लास एवं सादगी के साथ मनाया जाता है। इसकी तैयारी जिला प्रशासन से लेकर क्लब के सदस्यों द्वारा जोरदार तरीके से किया जाता है। छठ घाटों पर साफ सफाई की पूरी व्यवस्था दुरुस्त रहती है एवं आस्था के छठ महापर्व के मौके पर क्लब के मेंबरों द्वारा दानरो नदी में निगरानी मंच के माध्यम से आस्था के छठ महापर्व पर निगरानी रखी जाती है। साथ ही रंग बिरंगी लाइटों से छठ घाट को एक दुल्हन के जैसा सजाया जाता है।

# मेडॉल जांच घर की लापरवाही, जांच के लिए भेजे गये 100 सैंपल गायब

खबर मन्त्र संवाददाता




**चतरा।** सदर अस्पताल के समीप स्थित मेडॉल जांच घर के एक बड़ी लापरवाही सामने आई हैं। लगभग 30 लोगो का विभिन्न जांच के लिए लिए गगए 100 ब्लड सैंपल गायब हो गगए हैं, जिससे सैंपल देने वाले परेशान हैं। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की दोपहर सवा तीन बजे सत्यार्थी बस से सैंपल को जांच के लिए रांची भेजे गए, लेकिन रांची में मेडॉल के कर्मियों को सैंपल नहीं मिला।

इस तरह जांच के लिए भेजा गया सैंपल की जांच नहीं हो पायी। शनिवार को जांच रिपोर्ट लेने आये लोगो ने विरोध किया। सिविल सर्जन से इसकी शिकायत की। साथ ही लापरवाह कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। लोगो ने कहा कि कर्मियों द्वारा जांच कराने वाले लोगो को किसी तरह की जानकारी नहीं दी गयी हैं। जांच घर के फ्रंट ऑफिस एक्जीक्यूटिव हरिद्वार कुमार ने बताया कि बस चालक की गलती के कारण जांच के लिए लिया गया सैंपल को किसी दूसरे व्यक्ति को दे दिया।

जिसके कारण जहां सैंपल भेजा गया था, वहां नहीं पहुंच पाया। जांच में सीबीसी, लीवर, थाईरेड, शुगर, यूरिक एसिड, केएफटी, कैल्शियम समेत अन्य का सैंपल लिया गया था। जांच रिपोर्ट लेने आये मायापुर गांव निवासी छोटू कुमार साव ने बताया कि तीन नवंबर को जांच के लिए सैंप दिये थे। रिपोर्ट लेने आये तो लैब कर्मी ने बताया कि सैंपल दोबारा देना होगा। कारण पूछने पर बताया गया कि सैंपल गायब हो गया हैं। इस संबंध में सिविल सर्जन डॉ0 जगदीश प्रसाद ने बताया कि यह लापरवाही का मामला हैं। कर्मियों को फटकार लगाते हुए कहा कि ऐसी लापरवाही बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। लापरवाह कर्मियों से स्पष्टीकरण मांगा जायेगा। मालूम हो कि मेडॉल जांच घर का संचालन मेडॉल स्कैंस एंड लैब्स रांची प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जाता है।

## चतरा के उप विकास आयुक्त ने डिफॉल्टर पैक्स का किया भौतिक सत्यापन



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त, चतरा अबु इमरान के निर्देशानुसार उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अपर समाहर्त्ता पवन कुमार मंडल, जिला आपूर्ति अधिकारी मनीन्द्र भगत, जिला सहकारिता अधिकारी नीलम कुमारी द्वारा चतरा के डिफॉल्टर पैक्सों का भौतिक सत्यापन किया गया। जिसमें बभने, रामपुर, घोरीघाट, सरदम, भरही पैक्स का नाम शामिल हैं।भौतिक सत्यापन के दौरान कई अनिमित्ताएं सामने आई। वरीय पदाधिकारीयों द्वारा डिफाल्टर पैक्स के सभी पैक्स अध्यक्ष और सचिव को निर्देश दिया गया कि लंबित धान के एवज में समतुल्य राशि अविलंब जमा करें अन्यथा प्राथमिकी दर्ज करते हुए नीलाम पत्रवाद कर हर हाल में सरकारी राशि की वसूली की जाएगी। उल्लेखनीय है कि इटखोरी प्रखंड क्षेत्र के परसौनी पैक्स के सचिव का नाम महेश सिंह से अवशेष वसूलनीय समतुल्य राशि 6,91,930.50 (छः लाख एकानवे हजार नौ सौ तीस रुपया पचास पैसा), पत्थलगड्डा प्रखंड क्षेत्र के बरवाडीह पैक्स सचिव विमल कुमार सिंह से अवशेष वसूलनीय समतुल्य राशि 8,75,063.00, हंटरगंज प्रखंड क्षेत्र के जोरी पैक्स के सचिव का नाम चंदन कुमार सिंह से अवशेष वसूलनीय समतुल्य राशि 1,00,860.00 सरदम पैक्स सचिव का नाम कौलेश्वर यादव अवशेष वसूलनीय समतुल्य राशि 631953.00 प्रतापपुर प्रखंड क्षेत्र के रामपुर पैक्स सचिव सोनी गुप्ता अवशेष वसूलनीय समतुल्य राशि 14929504.00 बभने पैक्स सचिव कुलेश्वर प्रसाद अवशेष वसूलनीय समतुल्य राशि 5433120.50 घोरीघाट पैक्स सचिव मोहम्मद जिशान अवशेष वसूलनीय समतुल्य राशि 10897366.50 भरही पैक्स सचिव मोहम्मद अजमतुल्लाह अवशेष वसूलनीय समतुल्य राशि 3698166.50 रुपया की वसूली की जानी है।

## सेवा भारती और रेडक्लिफ लैब ने आयोजित किया रक्त जांच शिविर

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** प्राथमिक विद्यालय असनाबाद इंदरवा छठ तालाब के नजदीक सेवा भारती और रेडक्लिफ लैब के संयुक्त तत्वावधान में रक्त जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर सेवा भारती के द्वारा रेडक्लिफ लैब के माध्यम से सुबह 7 से 10 बजे तक लगाया गया। जिसमें शुगर, कैलेस्ट्रोल, क्रेटनिंग, कैल्शियम, यूरिक एसिड, थाइराइड इत्यादि की जांच की गई। जिसमें काफी संख्या में लोगों ने इसका लाभ लिया। वहीं टेक्नशियन के रूप में रेडक्लिफ लैब के आशीष शर्मा और मुकेश कुमार ने ब्लड का सैम्पल कलेक्ट किया। वहीं आशीष शर्मा ने बताया कि सामाजिक संस्थाओं के माध्यम से यह लैब जरूरतमंद लोगों को प्रत्येक रविवार को भिन्न-भिन्न जगहों पर शिविर आयोजित कर रियायती दरों पर रक्त की जांच करती है। वहीं जांच कराने वालों में संदीप कुमार, कृष्णचंद्र कन्हैया, बीरेंद्र शर्मा, जमुना यादव, संतोष कुमार आदि लोगों ने कहा कि सेवा भारती और रेडक्लिफ लैब का यह कार्य काफी सराहनीय है। मौके पर निरंजन कुमार, महेश यादव, कपिलदेव यादव, बाबूलाल पंडित, बीरेंद्र राम, बिशु झा, अनिमेष कृष्ण आदि लोग मौजूद थे।

## भीम आर्मी की बैठक में किया गया कमिटी का विस्तार

**डोमचांच (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत नावाडीह में भीम आर्मी की बैठक प्रखंड अयक्ष पवन कुमार एवं राजू कुमार दास की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में कई महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा की गई। जिसमें नावाडीह पंचायत कमिटी का विस्तार किया गया। वहीं सर्वसम्मति से नावाडीह पंचायत अयक्ष राजू कुमार दास, उपायक्ष शंकर दास, महासचिव राजेंद्र कुमार, सचिव उमेश दास, कोषायक्ष दिनेश कुमार दास, बच्चन दास का चुनाव किया गया। मौके पर भीम आर्मी जिलायक्ष विकाश कुमार, जिला संगठन सचिव सोनू दास, भीम आर्मी डोमचांच प्रखंड उपायक्ष बसंत रवि, भुनेश्वर दास, उपायक्ष पिंटू दास, विनोद डोम, विनु दास, गिराारी दास, अनिल दास, शंकर दास, मोनू दास, प्रदीप दास विकाश कुमार दास, राजेंद्र कुमार, लखन दास, बच्चन दास, दिनेश दास, जीतेन्द्र कुमार दास, भोला दास, कृष्णा कुमार दास, संतोष कुमार, राहुल कुमार, अजय दास, पवन दास, मन्नू कुमार तुरी आदि मौजूद थे।

## झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज की जिला स्तरीय कार्यकारिणी की हुई बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज जिला स्तरीय कार्यकारिणी समिति की बैठक देवी मंडप ार्मशाला महथाडीह डोमचांच में जिलाध्यक्ष सुभाष राणा की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन जिला महासचिव सुखदेव राणा ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता उपस्थिति हुई। जहां उन्होंने समाज के लोगों को संदेश दी कि संगठित समाज ही निर्णायक समाज होता है, आप संगठित रहेंगे तो असंभव को भी संभव बना सकते हैं। वहीं प्रदेश संगठन सचिव भुवनेश्वर राणा ने समाज को जागरूक करने की बात कही। वहीं प्रदेश संयुक्त सचिव भुवनेश्वरी राणा अधिवक्ता रांची ने आिक से आिक संख्या में एकजुट होने की बात कही। वहीं जिलाध्यक्ष ने कहा की बहुत जल्द ही जिला का पुनर्गठन करने की तिथि की घोषणा की जाएगी, मगर विश्वकर्मा अधिकार रैली को सफल बनाने में कितने लोग सक्रिय भूमिका निभाते हैं। वह भावी जिला अध्यक्ष का दमदार उम्मीदवार साबित होगा। मौके पर राजेश राणा, सुभाष राणा, दिनेश कुमार विश्वकर्मा, राजू राणा, रामेश्वर राणा, नरेश कुमार राणा, बिहारी शर्मा, ललन राणा, प्रसादी राणा, अभिजीत राणा, दिलीप राणा, भागीरथ विश्वकर्मा, द्वारिका प्रसाद राणा, अरुण राणा, राजेश राणा, रामचंद्र राणा, साु शरण मिस्त्री, केदार राणा, मनोज राणा, राधे राणा, महावीर राणा, गंगाार राणा, संजय कुमार शर्मा, प्रदीप कुमार शर्मा आदि सैकड़ो लोग मौजूद थे।

## कैपिटल विवि के नये परिसर का भूमि पूजन आज

**कोडरमा।** कैपिटल विश्वविद्यालय कोडरमा झारखंड के नये परिसर का भूमि पूजन व शिलान्यास छह नवंबर को चंदवारा प्रखंड की बेंदी पंचायत के बेलारो में किया जायेगा। शिलान्यास समारोह के मुख्य अतिथि झारखंड विाानसभा के अयक्ष रवींद्र नाथ महतो व कोडरमा विाायक सह पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ.नीरा यादव होंगे। वहीं कैपिटल विश्वविद्यालय के कुलाापिति मदन कुमार सैनी ने बताया कि नया भवन आाुनिक सुविधाओं से लैस होगा। नये भवन को ऑडियो-वीडियो, संचार सुविधाओं और डाटा नेटवर्क प्रणालियों से सुसज्जित किया जायेगा।

## विधायक ने परिजनों को दिलायी मुआवजे की राशि

**जयनगर (कोडरमा)।** गिरिडीह स्थित लाल स्टील प्लांट में कार्यरत तिलोकरी के मजदूर राजेंद्र भुईयां के परिजनों को मुआवजा दिया गया। बताते चलें कि राजेंद्र भुईयां की काम के दौरान मौत हो गयी थी। वहीं विधायक अमित कुमार यादव की पहल पर प्रभावित परिवार को सात लाख 25 हजार रुपये का मुआवजा के रूप में भुगतान किया गया।

## आंखों की रोशनी नहीं होने के बावजूद दूसरों के घर रोशनी देने में जुटे हैं सूरज, दादा व पिता से सीखा था हुनर

लखन सिंह

**कोडरमा।** जिले के ऐसे शख्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनके आंखों की रोशनी नहीं है मगर प्रकाश के पर्व दीपावली पर वह दूसरों के घर रौशन करने के लिए कड़ी मेहनत में जुटे हुए हैं। वह शक्श डोमचांच प्रखंड निवासी सूरज पंडित मन की आंखों से ही मिट्टी को दीपक का आकार देने में जुटे हुए हैं।

**40 वर्षों से पुश्तैनी ाा को रखे हैं जीवित :** सूरज पंडित ने बताया कि जब उनकी आयु 13 वर्ष थी, तब बीमारी से उनके आंखों की रोशनी चली गई, मगर उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और अपने शारीरिक लाचारी को अपने जज्बे के आड़े कभी आने नहीं दिया। वहीं उन्होंने बताया कि पिछले 40 वर्षों से वह अपने पुश्तैनी धंधे को जीवित रखे हुए हैं।



**मिट्टी के कारोबार से पूरे घर का खर्च चलाना मुश्किल :** सूरज ने बताया कि दीपावली एवं छठ महापर्व को लेकर परिवार के अन्य सदस्यों के सहयोग से दीया बनाने में जुटे हुए हैं, उन्होंने बताया कि उनके द्वारा तैयार किए गए दीपक परिवार के लोगों के द्वारा बाजार में जाकर इसकी बिक्री किया जाता है, जिससे परिवार का भरण पोषण काफी कठिनाई से होता है। उन्होंने बताया कि मिट्टी के कारोबार में अब इतना मुनाफा नहीं है कि इससे पूरे घर का खर्च चल सके।

आंखों की रोशनी नहीं रहने की वजह से वह घर से बाहर जाकर कोई दूसरा काम भी नहीं कर सकते हैं। उन्होंने बताया है कि दीपावली त्योहार के अलावे शादी-विवाह एवं पूजा पाठ को यान में रखते हुए पूजा में उपयोग होने वाले धूप दानी, कलश, ढकनी, चुका भी उनके द्वारा तैयार किया जाता है, मिट्टी से बर्तन बनाने की कला उन्होंने अपने पिता और दादा से सीखा था।

**स्थानीय निकाय से दीया की कराई जाएगी बिक्री :** सूरज पंडित के हौंसले और जुनून की जानकारी मिलने के बाद उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने भी सूरज पंडित को सरकारी सहायता दिलाने की बात कही है। उपायुक्त ने बताया कि प्रधानमंत्री विश्वकर्म योजना के तहत उन्हें लाभ दिया जाएगा। इसके साथ ही स्थानीय निकाय के माध्यम से उनके द्वारा तैयार किए गए दीपक की अच्छी बिक्री हो इसका भी प्रयास किया जाएगा।

एक नजर में

## जनप्रतिनिधि को धमकी देना बंद करें भानु, ये रघुवर राज नहीं, जनता की सरकार है : धीरज

खबर मन्त्र संवाददाता



**गढ़वा।** भवनाथपुर विधायक भानु प्रताप शाही जनता के चुने हुए किसी भी जनप्रतिनिधि या आम आदमी किसी को भी डराना, धमकाना बंद करें। वे यह नहीं भूलें कि यह रघुवर राज नहीं, बल्कि झारखंड की जनता की चुनी हुई हेमंत सोरेन की सरकार है। सच सामने आने पर भानु तिलमिला रहे हैं। यदि वे अपनी गुंडागर्दी की हरकतों से बाज नहीं आएंगे तो झामुमो उनकी ईंट से ईंट बजा देगा। उन्हें अपना क्षेत्र छोड़कर भी भागना पड़ेगा। झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे ने भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य रंजन शर्मा को विधायक भानु प्रताप शाही के इशारे पर धमकी दिए जाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कही।

श्री दुबे ने कहा कि भवनाथपुर जिपस रंजनी शर्मा ने जनता के बीच विकास कार्यों की सच्चाई रखी तो भानू पुरी तरह से तिलमिला उठे। वे अपने गुर्गों से सच्चाई को दबाने के लिए धमकी दिला रहे हैं। झामुमो इस सत्य को बर्दाश्त नहीं करेगा। श्री दुबे ने कहा कि क्षेत्र का विकास गुंडागर्दी करने एवं दूसरे के कार्यों का खुद श्रेय लेने से नहीं होता है। बल्कि विकास के लिए समर्पित होकर कार्य करने से होता है। विधायक भानु अपनी नाकामी को छुपाने के लिए जनता की चुनी हुई जनप्रतिनिधि को धमकी दे रहे हैं। ये तानाशाही नहीं चलेगी। जनता अच्छी तरह से जानती है कि क्षेत्र के विकास के लिए वे क्या कर रहे हैं। झामुमो पूरे क्षेत्र में घूम-घूम कर भानु के ऐसे कारनामों को उजागर करेगा।

उन्होंने कहा कि पूरे जिले की जनता इस बात को जानती है कि हेमंत सरकार में पूरे राज्य का हर क्षेत्र में बेहतर विकास कर रही है। रघुवर राज की तरह सिर्फ हवाबाजी नहीं हो रहा है। श्री दुबे ने कहा के भविष्य में यदि डराने, ामकाने की घटना की पुनरावृत्ति होती है तो गढ़वा जिले की जनता सड़क पर उतरकर ऐसे लोगों को क्षेत्र से खदेड़ने का काम करेगी।

## गढ़वा जिला टेंट डेकोरेटर्स वेलफेयर एसोसिएशन का मेगा रक्तदान शिविर



रक्तदान करते लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा जिला टेंट डेकोरेटर्स वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में शहर के मेलोडी मंडप में मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिले के विभिन्न स्थानों भवनाथपुर, रंका, कांडी, रमना, मेराल सहित गढ़वा जिले के डेकोरेटर्स बंधुओं ने रक्तदान किया। कार्यक्रम का उद्घाटन चिकित्सक सह रेड क्रस सोसाइटी के सचिव डा. ज्वाला प्रसाद सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर किया। मौके पर संगठन के अध्यक्ष दया शंकर गुप्ता ने कहा कि हमारा संगठन समाज सेवा में अपनी भागीदारी के लिए कदम बढ़ाया है, जिसमें हम प्रत्येक प्रखंड में ऐसे सेवा के कार्य करने को कृत्संकल्पित हैं। पीड़ित मानवता के सेवा में हमारे साथियों का सहयोग हमे पूर्णतः प्राप्त हो रहा है। चेयरमैन विनोद जायसवाल ने कहा कि रक्तदान हमारे बेहतर स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। इस दौरान महासचिव आशीष अग्रवाल, सचिव विकास तिवारी ने भी विचार व्यक्त किया। रक्तदान करने वालों में तवारक हुसैन, परमेश्वर प्रसाद, सोनू, संतोष मालाकार, शुभम कुमार दुबे, ओम प्रकाश केशरी, अंगद पासवान, अरविंद कुमार गुप्ता, प्रीतम मेहता, प्रदीप पाल, आकाश कुमार पाल, प्रेम रंजन सिंह, राजेश पासवान, विमलेश यादव, मनोज कुमार गुप्ता, आदि का नाम शामिल है।

## बच्चे को जन्म देने के बाद मां की हुई मौत

**टंडवा (चतरा)।** दिल को झकझोर देने वाली दुःखद घटना सेरनदाग के सामुदायिक स्वास्थ्य उप केंद्र में हुवा है। जानकरी के अनुसार विंगलात निवासी पिंटू वर्मा की लगभग 26 वर्षीय उनकी पत्नी जो शनिवार देर शाम सेरनदाग सामुदायिक स्वास्थ्य उप केंद्र में नॉर्मल एक नन्हे मासूम बच्चा का जन्म दी और जन्म देने के बाद महिला की ब्लीडिंग काफी बहने लगा। तत्पश्चात आनन- फानन में उसे इलाज के लिए रांची ले जाया जा रहा था, कि रास्ते मे ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में मातम छा गया। बताया जा रहा है कि पिंटू वर्मा के घर की सारा काम-धाम करने वाली एकलौती महिला थी, जिनकी दो वर्ष की एक बेटी है, अब एक और नन्हे मासूम बच्चा का जन्म हुवा उसे अब कैसे जिंदगी देना है सभी को चिंता का विषय बना हुआ है। फिलहाल मासूम बच्चा एक लड़का है जो बिल्कुल स्वस्थ है। उसे पाउडर एवं गाय की दूध पिलाया जा रहा है।

## फसल चराने से मना करने पर दबंगों ने दंपति और उसके बेटे के साथ की मारपीट



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** हंटरगंज के लूटा गांव में रविवार को धान की खेती मवेशी के द्वारा चरा देने को लेकर हुए विवाद में एक दंपति और उसके बेटे के साथ लाठी डंडे से जमकर मारपीट करने की घटना को अंजाम दिया गया। मारपीट की घटना में राम खेलावन गंझु, उसकी पत्नी फूलमती देवी और उसका बेटा मनोज कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया है। घायल अवस्था में थाना पहुंचे घायलों को पुलिस के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हंटरगंज में भर्ती कराया गया। जहां सभी का प्राथमिक उपचार किया गया। रामखेलावन गंझु और उसके पुत्र के सर में गंभीर चोट लगी है। वहीं मारपीट में फूलमती देवी का हाथ टूट गया है। घायल रामखेलावन गंझु ने मारपीट का आरोप अपने गांव के कामदेव गंझु, रामदेव गंझु, भारत गंझु, सत्येंद्र गंझु, गुडडू गंझु, कृष्णा गंझु और चंद्रिका गंझु पर लगाया है। घायल रामखेलावन गंझू ने बताया कि रामदेव गंझु के द्वारा उसके धान के खेती को जानवर से चरा दिया गया था। मना करने रामदेव गंझू उपरोक्त लोगों के साथ रामखेलावन गंझु के घर में घुसकर मारपीट की घटना को अंजाम दिया।

### आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों के लिए गर्म पोशाक आपूर्ति को दूसरी बार निकाली गयी निविदा

# लातेहार व राज्य की कंपनियों को निविदा से बाहर रखने की रची गयी साजिश, जांच की मांग

- समाज कल्याण विभाग ने सोची समझी साजिश रच शर्तों में किया बदलाव
- दिल्ली की एजेंसी को इस निविदा में लाभ पहुंचाने का प्रयास

**राजेश प्रसाद**

**लातेहार।** लातेहार जिला अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों में नामांकित 3 से 6 वर्ष के बच्चों के बीच गर्म पोशाक उपलब्ध कराने को लेकर जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा निकाली गई निविदा में गड़बड़ी का मामला प्रकाश में आया है। इस निविदा से जिले के आपूर्तिकताओं को बाहर रखने की सोची समझी साजिश रची गई हैं। जिससे ठीकेदारों में समाज कल्याण विभाग और जिला प्रशासन के इस व्यवहार को लेकर नाराजगी व्याप्त है। वहीं इसे लेकर चौक-चौराहों पर चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है, और यह मामला सुर्खियों में आ गया है। संवेदको की माने तो समाज कल्याण विभाग द्वारा जिला उपायुक्त महोदय को अंधकार में रखकर इस तरह का खेल खेला गया है, क्योंकि जिले में निकाली गई इस निविदा में दिल्ली के एक ठिकेदार द्वारा तीन कंपनियों के नाम से निविदा डाली गई है। ऐसा माना जा रहा है कि दिल्ली की कंपनी ने अपने नियम कानून लगाकर खुद ही इस निविदा का लाभ उठाने की फिराक में है। कंपनी ने पंजाब वूल हाउस, टाइटल प्रोडक्ट और ओम शांति टेक्सटाइल के नाम से तीन निविदा डाली हैं, और उनका रास्ता भी पूरी तरह साफ है। वहीं जिले के चंदवा निवासी एकमात्र एमएम ट्रेड्स द्वारा निविदा डाली गई है, जिनके फर्म के वूल मार्क सर्टिफिकेट व अन्य नियम मुताबिक सर्टिफिकेट नहीं होने के कारण वह भी इस निविदा से वंचित रह जायेंगे। वहीं निविदा पेटी में छेद कम होने के कारण अन्य ठिकेदार के द्वारा समय पर पहुंचने के बाद भी पेटी में कागजात नहीं जाने के कारण इस निविदा से वंचित रह गए है। ठीकेदारों ने बताया कि झारखंड में वूल पोशाक की एक भी फेक्ट्री नहीं है, और समाज कल्याण विभाग द्वारा फेक्ट्री से संबधित सर्टिफिकेट की मांग निविदा के अन्य दस्तावेजों के साथ की गई हैं। अगर समाज कल्याण विभाग को दिल्ली की कंपनियों को ही सीधा लाभ पहुंचाना था तो राज्य स्तर पर निविदा निकाली जानी चाहिए थी। समाज कल्याण विभाग के द्वारा लगभग एक महीने पहले भी इससे संबधित एक निविदा निकाली गई थी और किसी कारण का हवाला देकर उक्त निविदा को रद्द कर दिया था और दूसरी बार निकाली गई निविदा में बाहरी पार्टियों को लाभ पहुंचाने को लेकर कंडिका की 10 और 17 नंबर की शर्तों में बदलाव कर दिया गया है, जिसका लाभ बाहरी पार्टियों को ही मिलेगा और जिले तथा राज्य की पार्टियां इस निविदा से पूरी तरह से बाहर हो जायेंगे। राज्य के ठिकेदारो ने मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग के साथ इस निविदा को रद्द करने या निविदा की समय अवधि बढ़ाने की मांग राज्य सरकार और जिले के उपायुक्त महोदय से की है।


बॉक्स में पेपर डालने की कोशिश करते एजेंसी के लोग।

#### आव्या इंटरप्राइजेज ने डीसी समेत राज्य स्तर के अधिकारियों को भेजा शिकायत पत्र

वहीं झारखंड की कंपनी आव्या इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर अंकित गारोडिया समेत जिले के ठीकेदारों ने जिले के उपायुक्त के साथ-साथ समाज कल्याण विभाग के डायरेक्टर और मिनिस्टर को पत्र भेजकर उनकी निविदा को स्वीकार करने या निविदा को रद्द करने की मांग की है। दिए गए पत्र में उन्होंने बताया है कि निविदा डालने के दौरान लातेहार जिले की डीएसडब्ल्यूओ मैडम के बर्ताव से ऐसा लग रहा था कि वह दूसरे ठीकेदारों को टेंडर में भाग नहीं लेने देना चाहती थी।

## बीडीओ ने कई बूथों का दौरा कर लिया संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम का जायजा


निरीक्षण करते बीडीओ।

**चंदवा।** मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2024 के सफल क्रियान्वयन को लेकर बीडीओ विजय कुमार ने शनिवार को प्रखण्ड के अलौदिया, कामता व चकला पंचायत अंतर्गत कई बूथों का दौरा कर मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में बूथ पर मौजूद बीएलओ व सुपरवाइजर से पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रगति जानी व बीएलओ को प्रपत्र भरने की सही-सही जानकारी दी। बताया कि मतदान प्रतिशत में वृद्धि को लेकर निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार जिले में मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2024 के अंतर्गत घर-घर मतदाताओं के सर्वेक्षण कार्यक्रम का 27 अक्टूबर से 9 दिसंबर तक चल रहा है। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम में मतदाता सूची प्रारूप प्रकाशन करने, दावा एवं आपत्ति दाखिल करने, दावा एवं अपत्ति निस्तार करने, मतदाता सूची में नाम जोड़ने का कार्य, शुद्धिकरण व मृत मतदाता का नाम हटाने का कार्य किया जाएगा। इस दौरान वैसे वोटर जिनकी मृत्यु हो गई है, उनका नाम हटाया जाएगा। साथ हीं 18 वर्ष के नए वोटर्स का नाम जोड़ना एवं अन्य मतदाता सूची से संबंधित कार्य किया जा रहा है। बीडीओ ने बीएलओ के द्वारा किये जा रहे घर -घर सर्वे कार्य की नियमित रूप से निरीक्षण करने, सभी योग्य नागरिकों का मतदाता सूची में निबंधन कराने का निर्देश दिया। मौके पर कई बीएलओ समेत कई अन्य मौजूद थे।

### बनहरदी कोल ब्लॉक को लेकर ग्रामीणों ने की ग्रामसभा, कहा

## बिना ग्रामसभा की सहमति के बनी समिति

- कोल ब्लॉक को लेकर पुनर्वास तथा पुनर्स्थापन समिति का मामला निरस्त करने की मांग

**खबर मन्त्र संवाददाता**


ग्रामसभा में उपस्थित ग्रामीण।

**चंदवा।** प्रस्तावित बनहरदी कोल ब्लॉक से प्रभावित हो रहे ग्रामीणों की बैठक शनिवार को बनहरदी सामुदायिक भवन परिसर में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता ग्राम प्रधान चंद्रदेव उरांव ने की। बैठक के दौरान बनहरदी कोल ब्लॉक को लेकर गम्भीरता से विचार विमर्श किया गया साथ सर्वसम्मति से कई निर्णय लिए गए। बैठक में ग्रामीणों ने रोष प्रकट करते हुये कहा कि बनहरदी कोल ब्लॉक अंतर्गत सीबी एक्ट के तहत उपायुक्त की अध्यक्षता में विगत 30 अक्टूबर को समाहरणालय सभागार में पुर्नवास एवं पुनर्स्थापन समिति की बैठक हुई थी, जिसे ग्राम सभा बनहरदी निरस्त करती है। ग्राम सभा ने बैठक में यह भी निर्णय लिया कि विगत 23 मार्च को गठित पुर्नवास एवं पुनर्स्थापन समिति बिना ग्राम सभा के सहमति के बनी है, इसलिए बनहरदी ग्राम सभा इसे निरस्त करती है। बता दें कि बनहरदी व बारी पंचायत के कई गांव के ग्रामीण प्रस्तावित बनहरदी कोल ब्लॉक को लेकर विगत लंबे समय से लड़ाई लड़ रहे हैं। बैठक में राजेश उरांव, सिटिया उरांव, माली उरांव, प्रभा देवी, करमी देवी, लालो उरांव, संतरी देवी, हीरामणि देवी, कुंवारी उरांव, देवमणि उरांव, राजमणि उरांव, मंजू देवी, संजू उरांव, नमी उरांव, जिरवा उरांव, बिना उरांव, सीतामणी देवी, दुलु भगत, बसंती उरांव, कलावती देवी, अनिल उरांव, संजय उरांव, रविचंद्र उरांव, सत्येंद्र भगत, दिनेश उरांव, राजेश उरांव, सुखदेव मिस्त्री, बीरेंद्र उरांव, चंद्रदेव उरांव, मोहन मिस्त्री, राजदेव टान भगत, संतन यादव समेत सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।

## सासंग-सेरक पथ पर शॉर्ट सर्किट से ट्रक जलकर खाक



**चंदवा।** थाना क्षेत्र के सासंग सेरक पथ पर स्थित भेड़ा टोंगरी के समीप शनिवार की देर शाम ईट लदी एक 709 ट्रक जेएच 03यू 7965 में अचानक आग लगने से वहां जल कर खाक हो गई। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार उक्त ट्रक ईट लेकर सासंग की ओर आ रही थी, कि एकाएक शार्ट सर्किट से ट्रक में आग लग गई। जिसके कारण ट्रक धू धू कर जलकर खाक हो गई। चालक और उपचालक ट्रक छोड़कर भाग गए। इस घटना की जानकारी समाचार लिखे जाने तक चंदवा थाने को नहीं दी गई है। सूत्रों की माने तो उक्त ट्रक महुआडांड़ निवासी राकेश कुमार की बताई जाती है।

## डीडीसी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय स्टीयरिंग सह मॉनीटरिंग कमेटी की बैठक संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**


बैठक में उपस्थित पदाधिकारी।

**लातेहार।** डीडीसी आलोक शिकारी कच्छप की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के सफल संचालन अनुश्रवण से संबंधित जिला स्तरीय स्टीयरिंग सह मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से विद्यालयों में मध्याह्न भोजन वितरण, विद्यालय में खाद्यान्न की प्रत्येक माह की ससमय उपलब्धता, प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजनांतर्गत विद्यालयों में पोषण वाटिका (किचन गार्डेन) की स्थापना, विद्यालयों में कार्यरत रसोईया सहित अन्य विषयों की जानकारी लेते हुए बिंदुवार समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त द्वारा प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण (मध्याहन भोजन) योजना की समीक्षा करते हुए जिले का अच्छादन दर बढ़ाने के लिए जिला शिक्षा अधीक्षक को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। उप विकास आयुक्त द्वारा संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया गया की प्राथमिक कक्षाओं के स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को प्रोटीन युक्त भोजन मिले सुनिश्चित करें। समीक्षा के क्रम में उप विकास आयुक्त ने निर्देशित करते हुए कहा कि शत प्रतिशत बच्चो को ससमय राशन एवं योग्य बच्चो को ससमय छात्रवृत्ति मिले यह सुनिश्चित करें। उन्होंने समय समय पर स्कूलों में एल्बेंडाजोल की गोली खिलाने की बात कही जिससे की बच्चों को पेट के कीड़ों की बीमारी( कृमि मुक्त)से मुक्त जा सके, ताकि उनका स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा बेहतर रहे। उप विकास आयुक्त ने कहा कि सभी स्कूलों में नियमित रूप से पर्याप्त मात्रा में मध्यान भोजन का संचालन किया जाए एवं मध्यान भोजन में जो खाद्य सामग्री छात्र छात्राओं को दी जाती है उसका निरंतर निरीक्षण संबंधित पदाधिकारी के द्वारा किया जाए। बैठक में सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, संबंधित प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी उपस्थित थे।

## मंत्रिमंडल निर्वाचन संयुक्त सचिव गीता चौबे ने मॉडल बूथ का किया निरीक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**


निरीक्षण करते अधिकारी।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्तिथ बुनियादी विद्यालय के मॉडल बूथ का मंत्रिमंडल निर्वाचन संयुक्त सचिव गीता चौबे ने रविवार को निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ लातेहार एसडीओ प्रवेज आलम, बालूमाथ प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव उपस्थित थे। मौके पर जानकारी देते हुए गीता चौबे ने बताया कि मतदाता पूर्णनिरीक्षण कार्यक्रम के तहत नाम जोड़ने एवं हटाने या सुधार के कार्यों का निष्पादन करना है। बूथ में बीएलओ द्वारा यह कार्य किया जा रहा है। साथ ही मॉडल बूथ में पानी एवं शौचालय की सुदृढ़ व्यवस्था हो यह सुनिश्चित किया जा रहा है। मौके पर उन्होंने बीएलओ को निर्देश देते हुए कहा कि स्कूल,कॉलेज में पढ़ने वाले विद्यार्थी जिनकी उम्र 18 वर्ष हो गई है वैसे विद्यार्थियों का नाम जोड़ने के लिए आप सभी स्कूल जाए और उनका मतदाता सूची में नाम शामिल करवाये। उन्होंने लोगो से वोटर हेल्पलाइन ऐप डाउनलोड करने की अपील किया। ऐप पर कोई भी मतदाता अपना मतदान पहचान पत्र का नंबर डालकर अपना नाम सर्च कर सकता है। मतदाता वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड कर घर बैठे मतदाता सूची में सुधार और नाम जोड़ने की प्रक्रिया कर सकते हैं। एप पर उपलब्ध फार्म 8 में जाकर संशोधन, डुप्लीकेट, स्थान परिवर्तन जैसी प्रक्रिया की जा सकती है। फार्म-6 में जाकर नए मतदाता का नाम जोड़ने के लिए आवेदन कर सकते हैं, जबकि फार्म 7 में अब सिर्फ मृत्यु होने पर मतदाता सूची से नाम हटाने का आवेदन किया जा सकता है। इसके लिए आनलाइन दस्तावेज भी अपलोड करना होंगे। मौके पर संकुल साधन सेवी, जीवन कुमार, अनुपम, महिला पर्यवेक्षिका कामिनी ठाकुर, आंगनबाड़ी सेविका सुलेखा देवी, सैया दीदी समेत कई लोग उपस्थित थे।

## आदर्श नगर छठ पूजा समिति के अध्यक्ष बने पंकज गुप्ता


अध्यक्ष के साथ पूजा समिति के लोग।

**बरवाडीह।** आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर प्रखण्ड मुख्यालय के आदर्श नगर छठ घाट पूजा समिति का गठन कर दिया गया है। जहां कमेटी के अध्यक्ष के रूप में पंकज गुप्ता के साथ संरक्षक मनोज प्रसाद गुप्ता और पंकज अग्रवाल उर्फ डब्लू को बनाया गया है। वहीं उपाध्यक्ष व्यवसायिक समिति के अध्यक्ष सह पत्रकार दीपक राज के साथ-साथ बम भोला प्रसाद, हेमंत कश्यप, प्रिंस गुप्ता, हिमांशु गुप्ता उर्फ रिकी, राहुल गुप्ता और मनीष कुमार को बनाया गया है। महासचिव आर्या ठाकुर उर्फ डब्लू, फिरोज खान मुन्ना और जैकी चौरसिया तथा सचिव सुभम दुबे, विक्की चौरसिया, पवन जयसवाल, नागेंद्र प्रसाद गुप्ता, संजू श्रीवास्तव, अमन गुप्ता और नियाज अहमद और कोषाध्यक्ष अशोक कुमार को बनाया गया है। इसके अलावा कार्यकारणी सदस्य में विनोद सोनी, रवि माली, संजीव सिंह, अभय श्रीवास्तव, बॉबी खलको, रॉकी खान, दीपक कुमार, सत्यनारायण कुमार, शांतनु सरकार, गौतम कुमार, बंटी खान और मो.अफरोज को बनाया गया है। समिति के अध्यक्ष पंकज गुप्ता ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी धूमधाम के साथ आस्था के महापर्व छठ पूजा का आयोजन किया जायेगा। इसके लिए घाट की साफ सफाई, विद्युत साज-सज्जा आदि का कार्य युद्धस्तर पर शुरू कर दिया गया हैं। वहीं जीवा टेंट हाउस बरवाडीह के संचालक पुटुन सिंह ने बताया कि आस्था के इस महापर्व के अवसर पर आदर्श नगर छठ घाट की साफ- सफाई के साथ-साथ टेंट, साउंड, सजावट और डीजल वगैरा सभी कार्य वह निशुल्क करेंगे।

## पांच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**


उद्घाटन करते अतिथि।

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय के बरछिया स्थित खेल मैदान में रविवार को युथ क्लब बरछिया द्वारा आयोजित पांच दिवसीय फुटबॉल टूनामेंट का शुभारंभ हुआ। पांच दिवसीय फुटबॉल टूनामेंट का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे चतरा लोकसभा के भावी प्रत्याशी डॉ. अभिषेक कुमार एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य रमेश राम, पुर्व मुखिया प्रमोद उरांव, थाना प्रभारी मुकेश चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोगों ने संयुक्त रूप से विधिवत फीता काट व फुटबॉल को किक मारकर किया। इससे पुर्व आये सभी अतिथियों को युथ क्लब बरछिया के द्वारा बारी बारी से पुष्प गुछ देकर स्वागत किया गया। ठीक इसके बाद मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए चतरा लोकसभा के भावी प्रत्याशी डॉ. अभिषेक ने कहा की हर एक को प्रतिदिन कोई न कोई खेल खेलना चाहिए। जिस से तन मन दोनो का विकास होता है। वहीं आयोजन कमिटी को मिठाई व सहयोग राशि देकर खेल को और अच्छे से खेलने एवं खेलाने को कहा। पुर्व मुखिया प्रमोद उरांव ने कहा की फुटबॉल ही ऐसा खेल है जिससे पूरे शरीर को फिट रखता है। जिला परिषद सदस्य रमेश राम ने क्लब के समर्पित लोगो को धन्यवाद देते हुए कहा की इस तरह से खेल का आयोजन होने से लोगो में एक खेल की भावना का विकाश होता है। जिस से मानसिक संतुल्लन बना रहता है। टूनामेंट को सफल बनाने मे क्लब के अध्यक्षत जीतू उरांव, सचिव राजेश यादव, देवलाल उरांव, उपसचिव अनिल गुप्ता, अनिकेत उरांव, कोषाध्यक्ष संतोष उरांव, दीपक यादव के अलावा पूरी टीम ने अपना पूरा योगदान दिया। उद्घाटन मैच आजाद क्लब खलारी धमधमिया बनाम चंदवा बोरसीदाग क्लब के बीच खेला गया। जिसमे आजाद क्लब खलारी धमधमिया ने एक गोल से उद्घाटन मैच जीत लिया। मौके पर नार्सींह प्रसाद सिंह, दीपक राणा, नागेन्द्र प्रसाद, अमीत कुमार, संजय यादव, डॉ रंधिर प्रजापति, प्रकाश उरांव, उदय गुप्ता, रकिब अंसारी, संघर यादव, लोचन यादव, दीलिप कुमार सिंह, राजेश प्रजापति, तुला गंझु, दीलिप प्रजापति, मंटु उरांव, गांधी उरांव, जितेंद्र यादव, अनुज, सुरेन्द्र प्रसाद यादव, निरज उरांव, बिनोद उरांव समेत सैकड़ों ग्रामीण एवं खेल प्रेमी मौजूद रहे।

### एक नजर में

## श्रीनगर से पैतृक निवास कसमार गांव पहुंचा शव

**हेरहंज।** हेरहंज प्रखंड के कसमार गांव के मनरेगा मजदूर राम खेलावन राणा 40 वर्ष का शव श्री नगर से शनिवार की देर रात पैतृक निवास कसमार गांव पहुंचा। शव पहुंचते हीं रात में गांव वालो की काफी भीड़ जमा हो गई। पत्नी बच्चे सभी शव को देख बेसुध हो जा रहे थे। रामखेलावन राणा के असमायिक मौत से गांव के लोगो की भी आँखे नम थी। रविवार के सुबह मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया गया। ज्ञात हो की मृतक के परिवार में पत्नी के अलावे दो पुत्र और तीन पुत्री है। जिसमे एक पुत्र और एक पुत्री का विवाह हो चुका है। जानकारी के मुताबिक मृतक सुगर की बीमारी से पीड़ित थे।

## विद्यालय के पठन-पाठन, रख-रखाव, विकास और नये सचिव बनाने के लिए हुई बैठक


बैठक में शामिल विधायक प्रतिनिधि व अन्य।

**लातेहार।** आरागुड़ी पंचायत के ग्राम-लुट्टी स्तिथ उच्च विद्यालय लुट्टी के मैदान में विद्यालय के पठन-पाठन विद्यालय के रख-रखाव विकास व नए सचिव बनाने हेतु बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार ने की। जहाँ सर्वसम्मति से गीता सहाय भगत को विद्यालय का नया सचिव बनाया गया। जिसके पश्चात बैठक में उपस्थित गांव के प्रबुद्ध लोगो द्वारा विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार के समक्ष विद्यालय के जिर्ण-सिर्न अवस्था से अवगत कराई। जिसपर विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार विद्यालय सभी कक्षों को देखे व अपने सम्बोधन के दौरान घोषणा किये की जल्द से जल्द विधायक निधि से विद्यालय की मरम्मति व रंग-रोगण का कार्य कराया जाएगा। मौके पर जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव, देवसहाय भगत, राजेश उरांव पूर्व मुखिया, चमरू भगत, मंगल देव उरांव, बलराम उरांव, जटा उरांव, शिक्षक प्रेम उरांव, रंगलाल रवि, विशाल कुमार, चन्दन कुमार, मंजर हुसैन उपस्थित थे।

## लातेहार वन प्रमंडल के प्रमंडलीय इकाई का चुनाव संपन्न


मौके पर मौजूद संघ के लोग।

**लातेहार।** झारखंड राज्य अवर वन सेवा संघ के जिला इकाई लातेहार एवं लातेहार वन प्रमंडल के प्रमंडलीय इकाई का चुनाव रविवार को रिचूघुटा फॉरेस्ट रेस्ट हाउस स्टेशन में संपन्न हुआ। जिला चुनाव में सर्वसम्मति से जिला मंत्री साकेत पाण्डेय, जिला अध्यक्ष राम कश्यप, जिला कोषाध्यक्ष जय जयेंद्र को चुना गया। इसी के साथ लातेहार वन प्रमंडल के प्रमंडलीय मंत्री लव कुमार झा, प्रमंडलीय अध्यक्ष विरंजन कुमार एवं कोषाध्यक्ष राजकुमार उरांव को चुना गया। चुनाव उपरांत सभी साथियों के द्वारा मांग की गई की नए वनरक्षी एवं वन क्षेत्र पदाधिकारी की बहाली अविलंब की जाए, वहीं नए वनपाल नियुक्ति नियमावली का पुरजोर विरोध किया गया। मौके पर झारखंड राज्य अवर वन सेवा संघ के राज्य संयुक्त मंत्री पंकज पाठक, जोनल मंत्री रोशन कुमार सिंह एवं लातेहार जिले के सभी वन प्रमंडल के सभी वन कर्मी साथी मौजूद थे।

## चंदवा में जेआर म्यूजिकल ग्रुप ने बांधा समां



चंदवा। सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन समिति के बैनर तले बुध बाजार प्रांगण में शनिवार की शाम रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जे आर म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर लोगो को रात भर झुमाया। कलाकारों ने ऐसा समा बांधा कि देर रात तक हजारों की संख्या में दर्शकों ने जमकर मस्ती की। रात्रि जागरण से शुरू हुई कार्यक्रम में एक से बढ़कर एक पुराने और नये गीत व नृत्य प्रस्तुत किये।इससे पूर्व अमित गुप्ता, महेंद्र साहू, राजेश सिंह (राजू), अधिवक्ता मिथिलेश कुमार, प्रमोद साहू, मनोज सिंह, राजकुमार साहू, बिनोद कुमार गुड्डू आदि ने दीप प्रज्वलित कर एवं राजकुमार पाठक के द्वारा फीता काटकर कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। मौके पर आशीष गुप्ता, आदर्श रविराज, मंटू केसरी, मोनू बाबू, दारा सिंह, रंजन कुमार सिंह, मनीष गुप्ता, कुणाल खत्री, अनिल कुमार, दीपक निषाद आदि के द्वारा सभी अतिथियों और कलाकारों का स्वागत अंगवस्त्र एवं चुनरी ओढाकर किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## एकदिवसीय कार्यकर्त्ता सम्मलेन का हुआ आयोजन



**बारियातू।** प्रखंड अंतर्गत अमरवाडीह पंचायत अंतर्गत मध्य विद्यालय फूलबसिया मे मगध परियोजना रैयत विस्थापीत मोर्चा के बैनर तले एक दिवसीय कार्यकर्त्ता सम्मलेन का आयोजन किया गया। सम्मलेन मे उपस्थिति भू-रैयत विस्थापितों को केंद्रीय सचिव गुरुदयाल साव, केंद्रीय सदस्य विजय साव टिकेसर महतो ने कहा की सीसीएल प्रभावित क्षेत्र के मजदूरों विस्थापितों को नौकरी मुआवजा, पानी, बिजली, प्रदूषण उचित मजदूरी, स्कूल शिक्षा, स्कूल बस सहित अन्य किए गए वायदे के आधार पर मुहैया कराये। अन्य समस्याओं को लेकर भी चर्चा की गई। वही कहा की अपने हक अधिकार के लिए एकता का परिचय देना होगा तभी संभव है। साथ ही कहा की सीसीएल यहां से कोयला कई राज्यों मे भेज रही है लेकिन यहाँ के लोग धूल फाकने पर विवश है। स्थानीय लोगो को रोजगार, विद्यालय, पेंड़ लगाने, चिकित्सा व्यवस्था, सहित अन्य वायदे पूरा नहीं कर रही है। स्थानीय लोगो के रोजगार के स्थान पर बाहरी लोगो को फायदा दे रही है। नवनिवार्चित अध्यक्ष रामचंद्र उरांव, सचिव प्रवेश पांडेय, कोषाध्यक्ष कुलदीप गंझू, उपाध्यक्ष बीरेंद्र गंझू, शीतल गंझू, दीपा देवी, चंदा देवी, संगठन सचिव प्रदीप गंझू, गौतम पांडेय, विनेसर यादव, लालमनि देवी, सरैया देवी संयुक्त सचिव त्रिवेणी गंझू, नारायण गंझू, ललिता देवी, सुशीला देवी सहित झारखंड कोलयरी मजदूर यूनियन मगध परियोजना अध्यक्ष राजकुमार उरांव, सचिव राजेश गंझू ने भी अपने संबोधन मे कई महत्वपूर्ण जानकारी दिया। मौके पर काफी संख्या मे ग्रामीण महिला-पुरुष मौजूद थे।

## बालूमाथ शहर में नो इंट्री लगाने की मांग

**बालूमाथ।** बालूमाथ शहर में दिन में मालवाहक वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाने की मांग स्थानीय ग्रामीणों ने लातेहार अनुमंडल पदाधिकारी परवेज आलम से किया है। ग्रामीणों ने लातेहार अनुमंडल पदाधिकारी परवेज आलम को आवेदन देकर कहा है कि बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय में सघन आबादी के कारण दिन भर छोटे बड़े वाहनों का आवागमन होते रहता है। एनएच 22 मुख्य पथ से हाल के दिनों में गाड़ियों का आवागमन बढ़ गया है। कई कोयला ट्रांसपोर्ट कंपनियों का भी इसी सड़क से माल ढुलाई किया जाता है। जिस कारण आए दिन बालूमाथ प्रखंड में दुर्घटना होते रहती है। कुछ दिन पूर्व मां अंबे कंपनी का कोयला लेकर एक हाईवा कुसमाही साइडिंग जा रहा था जिसने मोटरसाइकिल सवार युवक को धक्का मार दिया। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। कई हाईवा चालक बिना ड्राइवर लाइसेंस के वाहन चलाते हैं और स्पीड नियम का पालन भी नहीं करते। विद्यालय जाने वाले स्कूली बच्चों को विद्यालय आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कभी भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है। ग्रामीणों ने लातेहार एसडीओ से बालूमाथ शहर में सुबह 6 :00 से शाम 7 :00 बजे तक मालवाहक वाहनों की नो एंट्री लगाने की मांग किया है। वहीं इस आवेदन की कॉपी लातेहार उपायुक्त, लातेहार पुलिस अधीक्षक, जिला परिवहन पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बालूमाथ, बालूमाथ थाना प्रभारी, बालूमाथ अंचलाधिकारी को भी सौपी है। आवेदन में जितेंद्र कुमार साहू, अर्जुन साव, पंकज सिन्हा, शाहनवाज अंसारी, नौशाद आलम, जयंत ठाकुर, विजेंद्र कुमार यादव, विजय ठाकुर, रवि रजक, रवि सिंह, जगन्नाथ यादव, शशिकांत ओझा, सोनू जायसवाल, अशोक साहू, अनिल प्रसाद, प्रमिला कुमारी, वीरू उराँव समेत कई लोगों ने हस्ताक्षर किया है।

## स्पीड न्यूज

### दो लाख का चेक पीड़ित परिवार को बैंक ने दिया

**पुटकी।** करकेन्द प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना जिसमे 18 वर्ष से 50 वर्ष तक के सभी नागरिकों शामिल हो सकते है। करकेन्द इंडियन बैक पूर्ववती इलाहाबाद बैक में दिहाड़ी मजदूरी करने वाले सुनील सॉव उम्र लगभग 45 वर्ष केंदुआ सिनेमा हॉल के पीछे रहने वाले ने बैंक में अपना पॉलिसी कराया था।जिसका वार्षिक प्रीमियम मात्र 436 रूपया में पॉलिसी लिया था।जिनका दिनांक 03/08/2022 को मृत्यु हो गई थी।और परिवार वाले को घर चलाने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।आज दिनाक 4/11/2023 दिन शनिवार को ऐसआई नोडल ऑफिसर प्रदीप कुमार जोनल ऑफिस देवधर व करकेन्द शाखा प्रंबधक चंदन रजक के द्वारा मृतक के पत्नि आरती देवी को दो लाख का चेक दिया।वही जोनल अधिकारी ने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि देश के सभी नागरिको को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना,जिसका वार्षिक प्रीमियम मात्र 20 रुपया,प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना जिसका वार्षिक प्रीमियम मात्र 436 रुपया,तथा अटल पेंशन योजना सभी बैंकों के द्वारा पॉलिसी करा कर लाभ उठाएं।

### डीपीएस चास में वार्षिकोत्सव का शानदार आगाज



**बोकारो/चास।** डीपीएस में वार्षिकोत्सव अभ्युदय-द राइजिंग तमसो मा ज्योतिर्गमय समारोह हर्षोल्लास एवं जीवंतता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सत्र 2022-23 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 251 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विद्यालय के 500 से ज्यादा विद्यार्थियों ने एक साथ एक सोच तथा एक ड्राव से सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति देकर विश्व को शांति का संदेश दिया। विद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्या दीपाली भुस्कुटे ने विद्यालय की उपलब्धियों को सबके समक्ष रखा। कार्यक्रम के दौरान 9 विद्यार्थियों को ब्लेजर देकर सम्मानित किया गया। वहीं बेस्ट हाउस चेयरमैन ट्रॉफी का अवार्ड सतलज हाउस को दिया गया। 28 विद्यार्थियों को प्रोफिसिएंसी अवार्ड दिए गए। मुख्य अतिथि के रूप में डीसी कुलदीप चौधरी ने कहा कि बच्चों में असीम संभावनाएं होती हैं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना की और ढेर सारी शुभकामना दी। विशिष्ट अतिथि के रूप में एसडीओ चास दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि उन्होंने डीपीएस चास में लाइव एक्जीविशन पहली बार देखा। कार्यक्रम का संचालन अरिशा राधिका तनुश्री मो अरमान व राजनंदिनी ने तथा धन्यवाद ज्ञापन डीन एकेडमिक जॉस थॉमस ने किया।

### संडे बाजार में बोकारो जिला दलित शोषण मुक्ति मंच की बैठक

**बेरमो/जरीडीह बाजार।** दलितों पर बढ़ रहे अत्याचार के खिलाफ 4 दिसंबर को देश भर के दलित संगठन करेंगे संसद भवन मार्च , इसी क्रम में आज बेरमो के संडे बाजार में दलित शोषण मुक्ति मंच बोकारो जिला कमेटी ने दलित संगठनों को एक मंच पर आने का किया अपील , कहा ऐतिहासिक होगा संसद मार्च, 2024 में केंद्र सरकार को उखाड़ फेंकने का किया आह्वान, कहा संविधान के साथ छेड़छाड़ नहीं किया जाएगा बर्दाश्त, बोकारो जिला दलित शोषण मुक्ति मंच ने जिला अध्यक्ष लखन लाल की अध्यक्षता में की बैठक, कहा दलित बच्चों को शिक्षा के अधिकार के तहत कॉपी, किताब देना था, वह भी बंद कर दिया गया है, मंच के नेताओं ने कहा झारखंड के 80% दलितों के पास खतियान नहीं है, जिसके कारण उनके बच्चों को जाति प्रमाण पत्र नहीं बन रहा है, बैठक में स्मार्ट बिजली बिल का भी किया गया विरोध, कार्यक्रम में मुख्य रूप से दलित शोषण मुक्ति मंच के बोकारो जिला अध्यक्ष लखन दास, कार्यकारी अध्यक्ष श्याम नारायण सतनामी, कोषाध्यक्ष भोला रजक, अर्जुन दास ,अविनाश पासवान, जितेंद्र पासवान, उमेश पासवान, दिना निषाद, राजू सिंह, अनूप पासवान आदि मौजूद थे

### सीसीएल कर्मी की मौत, पुत्र को मिला प्रोविजनल नियुक्ति पत्र

**बेरमो।** सीसीएल ढ़ोरी क्षेत्र अंतर्गत एएडीओसीएम (अमलो) मे कार्यरत डंपर अपरेटर ठाकुर महतो की मौत इलाज के दौरान रांची स्थित मेडिका अस्पताल हो गई। जीएम एम के अग्रवाल और एसओपी बात कर पीओ के आर सत्यार्थी ने उसके पुत्र 23 वर्षीय घंनजय महतो को अमलोप्रोविजनल नियुक्ति पत्र दिया। मृतक नावाडीह थाना क्षेत्र के चपरी निवासी 54 वर्षीय ठाकुर महतो एएडीओसीएम मे कार्यरत था। 2 अक्टूबर की प्रथम पाली मे ड्यूटी के दौरान तबीयत खराब हो गया था। उसी दिन से इलाज चल रहा था। शनिवार को तड़के सुबह मेडिकाअस्पताल इलाज के दौरान निधन हो गया। यूनियन नेताओं ने जीएम मनोज कुमार अग्रवाल और एसओपी प्रतुल कुमार को आश्रित को तुरंत नौकरी देने के लिए तहे दिल से धन्यवाद दिया। इस अवसर पर मृतक की पत्नी बाली देवी सहित यूनियन नेता हरेंद्र सिंह, विकास सिंह, शिवनंदन चौहान, धीरज पाण्डेय, गणेश मल्लाह, जयराम सिंह, मुरारी सिंह, जयनाथ मेहता, नरेश महतो, मघु पासवान आदि मुख्य रूप से शामिल थे।

# धनबाद में लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव मजबूती से लड़ेंगे : खीरू महतो

▸▸ जदयू के प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सदस्य खीरू महतो का जिले में भव्य स्वागत



खबर मन्त्र संवाददाता

**पुटकी/केन्दुआ।** रविवार को धनबाद जिला जनता दल यू. के जिला अध्यक्ष पिन्टू कुमार सिंह ने एक बयान जारी कर कहा कि आज जनता दल यू. के राज्य सभा सांसद सह झारखण्ड प्रदेश जनता दल यू. के अध्यक्ष खीरू महतो एक कार्यक्रम में भाग लेने धनबाद आये। इसी क्रम में उनका स्वागत सबसे पहले कपुरिया मोड़ में दिप नारायण सिंह के नेतृत्व/पुटकी चौक में उनका स्वागत पार्टी के जिला अध्यक्ष पिन्टु कुमार सिंह के नेतृत्व एवं करकेन्द पेट्रोल पम्प के पास महिला जिला अध्यक्ष पुष्पा पाण्डेय के नेतृत्व एवं केन्दुआ थाना मोड़ के पास पार्टी के जिला महासचिव कामेश्वर यादव के नेतृत्व एवं बैंक मोड़ में उनका स्वागत जनता दल यू. पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रामस्वरूप यादव के नेतृत्व में जोरदार ढंग से किया गया। सभी जगह कार्यकत्ताओं को सम्बोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष सह राज्य सभा सांसद खीरू महतो ने कहा कि धनबाद जिला में जनता दल यू. का संगठन काफी मजबूत है और आने वाले लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में जनता दल यू. मजबूती के साथ धनबाद में चुनाव लड़ेगी।स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से पार्टी के जिला अध्यक्ष पिन्टु कुमार सिंह, प्रदेश महासचिव दीप नारायण सिंह, पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रामस्वरूप यादव, महिला जिला अध्यक्ष पुष्पा पाण्डेय, धनबाद नगर अध्यक्ष धनलाल दूबे, जिला महासचिव कामेश्वर यादव, युवा जिला अध्यक्ष रूपेश पासवान, धनबाद प्रखण्ड अध्यक्ष बबलु मोदक, डॉ. राजेश राम, आदित्य पासवान, साधु शरण पासवान, बैजु सिन्हा, अनिल सिन्हा, राजु राम, बमबम सिंह, सुबोध सिंह, मो. अकरम, जनता दल यू. के रांची जिला प्रभारी हाजी हसीब खान, के.बी. सहाय, भूली नगर अध्यक्ष झप्पु सिन्हा, महिला नेत्री रीना रानी मण्डल आदि उपस्थित थे।

## नाबालिग किक बॉक्सिंग खिलाड़ी से यौन शोषण के आरोप में कोच गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल

धनबाद। नाबालिग किक बॉक्सिंग खिलाड़ी से यौन शोषण के आरोप में शनिवार को पुलिस ने कोच विपुल मिश्रा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने किक बॉक्सिंग के कोच विपुल मिश्रा को शनिवार को थाना बुलाया था। उनके पहुंचते ही पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया. कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद उन्हें जेल भेज दिया गया। बता दें कि पीड़िता के पिता ने 27 अगस्त को महिला थाने में कोच विपुल मिश्रा के खिलाफ बेटी के साथ दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया था। पिता ने पुलिस को बताया था कि उनकी बेटी को किक बॉक्सिंग सिखाने चिरकुंडा की चांच कोलियरी निवासी कोच विपुल मिश्रा उनके घर पर आता था। नाबालिग खिलाड़ी पिछले कई वर्षों से विपुल को राखी भी बांधती आ रही है। पिता के अनुसार, सितंबर 2022 में दार्जिलिंग में अंतर्राष्ट्रीय ट्रेनिंग कैंप में आयोजित किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप में विपुल उनकी बेटी के साथ गया था। उसने एक से 10 सितंबर तक उनकी बेटी से कई बार दुष्कर्म किया। इस दौरान धमकी दी कि अगर संबंध नहीं बनायेगी तो उसे गेम से बाहर कर दिया जायेगा। साथ ही, अगर किसी को बताया तो उसका फोटो और वीडियो वायरल कर देगा। विपुल ने कहा था कि बात नहीं मानी तो उसका रजिस्ट्रेशन नहीं होने देगा। पीड़िता और उसके दोस्त ने इसका विरोध किया। 25 अगस्त की देर रात विपुल मिश्रा के भाई एवं अन्य खिलाड़ियों ने उसके दोस्त को जान से मारने की कोशिश की। इसकी प्राथमिकी खेलगांव थाना में दर्ज है। इसके बाद पीड़िता अपने घर लौट कर अपने परिजनों को सारी आपबीती बतायी। इस मामले में सीबीएसइ स्कूलों के एसोसिएशन संगठन सहोदया की ओर से कोच की गिरफ्तारी की मांग की जा रही थी।

### युवा राष्ट्रीय जनता दल की बैठक संपन्न

**चिरकुंडा।** युवा राष्ट्रीय जनता दल की बैठक चिरकुंडा स्थित कार्यालय में रविवार को संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से पार्टी के जिलाध्यक्ष राजेश कुमार उर्फ बिट्टू मिश्रा मौजुद थे। बैठक में निर्णय लिया गया कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी चिरकुंडा नगर शहीद चौक पर दिपावली का उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। पिछले वर्ष 1008 दीपों को जलाकर दीपोत्सव मनाया गया था जो इस वर्ष 5008 दीपों को जलाकर दिपावली का पर्व धूमधाम से चिरकुंडा शहीद चौक पर मनाया जाएगा। बैठक मे जिला महासचिव मो फरहान खान व जिला सचिव विक्रम यादव की मनोनीत करने पर दोनो को पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया गया। बैठक मे पार्टी के युवा जिलाध्यक्ष बिट्टू मिश्रा,उपेन्द्र यादव, मो फरहान खान, विक्रम यादव, सोनू खान, बबलू शर्मा, शिवनन्दन पासवान, जानी खान, दीपक सिंह, सोनू यादव, शामु खान, विक्की सिंह, नौशाद अंसारी, लालू शर्मा, फिरोज अंसारी, नन्दू वर्णमाली, जयंत मिठारी, सोनू अंसारी, रौशन मरांडी, राज सिंह आदि थे।

## एक नजर में

### गोमिया तेनुघाट मुख्य मार्ग पर पिकअप व बाइक में सीधी टक्कर



बेरमो/गोमिया प्रखंड अंतर्गत तेनुघाट-गोमिया मुख्य मार्ग पर एक अज्ञात पिकअप ने बाइक सवार को सिधी टक्कर मारी जिसमें एक युवक की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। जबकि दुसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे गंभीर अवस्था में अस्पताल ले जाया गया। मृतक युवक झिरकी निवासी मुस्ताक अंसारी का पुत्र तालिब अंसारी (21 वर्ष) बताया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार संध्या लगभग 7:00 बजे एक शादी समारोह के लिए बाइक से कसमार अपने भाई के साथ जा रहा था।

## बीएसएल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का हुआ समापन



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बीएसएल में एचआरडी में आयोजित सतर्कता जागरूकता सप्ताह के समापन समारोह में ईडी (संकार्य) बीके तिवारी ईडी (एफ एंड ए) एस रंगानी ईडी (परियोजनाएं) चितरंजन महापात्रा ईडी (पी एंड ए) राजन प्रसाद ईडी (माइंस) जयदीप दासगुप्ता सीएमओ एवं पभारी बीजीएच डॉ बीबी करुणामय सीजीएम (सतर्कता) तथा एसीवीओ अरुण कुमार विभिन्न विभागों के सीजीएम विभागाध्यक्ष अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे। सीजीएम अरुण कुमार ने सतर्कता सप्ताह के दौरान आयोजित किये गए विभिन्न कार्यक्रमों के संबंध में जानकारी दी। ईडी श्री तिवारी ने सतर्कता जागरूकता के सफल आयोजन के लिए सतर्कता विभाग की सराहना की और कहा कि सभी स्टेक होल्डर्स और जन सामान्य को इस अभियान से जोड़कर ही भ्रष्टाचार मुक्त भारत की परिकल्पना को साकार किया जा सकता है। कार्यक्रम में अतिथियों ने विभिन्न श्रेणियों की प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्यों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन वरीय प्रबंधक चित्रा पराशर ने तथा धन्यवाद ज्ञापन डीजीएम नवनीत कुमार ने किया।

## गायत्री ज्ञान मंदिर में आयोजित हुआ प्रांतीय रक्तदान शिविर



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में गायत्री ज्ञान मंदिर सिंदरी में प्रांतीय रक्तदान शिविर का आयोजन रविवार को किया गया। इसमें मुख्य रूप से ब्लड डोनर ग्रुप भूली और रोटी बैंक यूथ कल्ब के सहयोग से 50 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ग्लोबल अस्पताल सिंदरी के मुख्य चिकित्सक डॉ बृज बिहारी पाठक, पीडीआइएल सिंदरी पूर्व महाप्रबंधक डॉ अजीत कुमार मिश्रा के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। रक्तदान शिविर में पाटलिपुत्र नर्सिंग होम धनबाद के श्रीनिवास ब्लड बैंक की मेडिकल टीम ने रक्त संग्रह किया। मेडिकल टीम में शामिल आशुतोष झा, प्रथा कर्मकार, विष्णु महतो, उत्तम सोरेन, प्रियंका कुमारी को गायत्री मंत्र पट्टिका और प्रेरणाप्रद पुस्तकें भेंट कर सम्मानित किया गया। शिविर में मुख्य रूप से योग प्रशिक्षक उमाशंकर सिंह, सविमं सिंदरी प्राचार्य सुनील कुमार पाठक, मदर टेरेसा उच्च विद्यालय सिंदरी के संस्थापक राधेश्याम प्रसाद, गायत्री मंदिर सिंदरी के मुख्य ट्रस्टी शशिभूषण गुप्ता, युवा प्रकोष्ठ के राजेश मिश्रा सहित समस्त गायत्री परिवार के युवा कार्यकताओं की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

### भ्रष्टाचार मुक्त भारत निर्माण की ली गयी शपथ

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** थर्मल डीवीसी द्वारा चलाए जा रहे सतर्कता जागरूकता सप्ताह शनिवार को गोविंदपुर डी पंचायत भवन में एक सेमिनार का आयोजन किया गया यहां पर सर्व भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के फोटो पर माल्यार्पण कर भ्रष्टाचार मुक्त भारत निर्माण की शपथ ली गयी। डीवीसी डीजीएम बीजी होलकर ने कहा कि जागरूकता सप्ताह के दौरान आम नागरिकों की भागीदारी के जरिए सार्वजनिक जीवन में अखंडता और सत्यनिष्ठा को बढावा देने की प्रतिबद्धता को समर्थन देता है। यह सप्ताह भ्रष्टाचार के विरूद्ध केन्द्रीय सतर्कता आयोग की जन भागीदारी सतर्कता पहलों में से एक है। इसका उद्देश्य शासन और जन प्रशासन में नैतिकता और पारदर्शिता के प्रति संवेदनशीलता लाना है। सेमिनार में विधुत नगरी के सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लेकर भ्रष्टाचार के बारे में समझे।यहां पर सीसीएल के सीएसआर, डीवीसी सीएसआर के कार्यों के बारे में भी विस्तार से चर्चा की गयी। मुख्य रूप से उप प्रमुख बिनोद कुमार साहू मुखिया चंदना मिश्रा एवं अन्य लोग मौजूद थे।

### खैराचातर बाजार टांड़ में झारखंड किसान महासभा का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता




**कसमार।** जय झारखंड द्वारा आहूत किसान बचाओ यात्रा के तहत किसान पंचायत का आयोजन किया गया। यह आयोजन झारखंड किसान महासभा द्वारा पूरे राज्य में किसान बचाओ यात्रा के तहत 50 पंचायतों में किया जा रहा है। कसमार में आयोजित यह दूसरी पंचायत है जिसमें सैकड़ों की संख्या में किसानों ने भाग लिया। झारखंड किसान महासभा के केंद्रीय अध्यक्ष राजू महतो ने कहा कि झारखंड की कृषि और यहां के किसान सिर्फ और सिर्फ चुनावी मुद्दा बन कर रह गए है। किसानों की समस्याओं से किसी को लेना देना नहीं रह गया है। संतोष महतो ने कहा कि चाहे धान की एमएसपी हो या प्राकृतिक आपदाओं की स्थिति में मुआवजा हो या फिर किसानों की जमीन की सरकारी लूट हो किसी भी मामले में आज तक किसी भी सरकार ने कोई प्रभावशाली नीति नहीं बनाई। पंचायत में क्षेत्रीय किसानों ने बढ़ चढ़ कर अपनी समस्याएं रखी। पंचायत में सिंहपुर पंचायत के पंचायत समिति सदस्य विनोद कुमार महतो, निलेश महाराज, अशोक कुमार महतो, मुनिनाथ महतो, कुलदीप महतो, तथा समेत दर्जनों किसान उपस्थित थे।

## असामाजिक तत्वों के अनैतिक कार्य की घटना के बाद लोगों मे भारी आक्रोश

# ललपनिया गोमिया मुख्य मार्ग में टायर जलाकर किया विरोध

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो/बोकारो।** जिले के गोमिया प्रखंड अंतर्गत ललपनिया स्थित छरछारिया झरना के पास स्थित मंदिर में मूर्ति के साथ की गई छेड़छाड़ की घटना के बाद हिंदू संगठनों में भारी उबाल देखा गया। हिंदू संगठनों ने ललपनिया गोमिया मुख्य मार्ग को जाम करते हुए टायर जलाकर विरोध किया। इस भारी विरोध को देखते हुए भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई। यानी दुसरे शब्दों में कहे तो मौके की नजाकत को समझते हुए पुरे घटना स्थल को पुलिस छावनी में तब्दील करने के साथ-साथ मौके पर बेरमो एसडीएम और एसडीपीओ पहुंचकर विरोध कर रहे लोगों को समझाने बुझाने का काम किए। मंदिर कमेटी के लिखित शिकायत के बाद मामला दर्ज किए जाने की बात और आरोपियों पर जल्द कार्रवाई किए जाने के आश्वासन के बाद सड़क जाम को हटाया गया।ललपनिया में लुगू पहाड़ को बचाने और आदिवासियों के सबसे बड़े धर्मस्थल की अस्तित्व को बचाने को लेकर आदिवासियों का आज जनाक्रोश महाजुटान कार्यक्रम निर्धारित था। इसके बाद आदिवासी समाज के लोग भी पारंपरिक वेशभूषा में हरवे हथियारो के साथ पहुंच गए और मामला तनावपूर्ण होने लगा। मौके पर पहुंचे झामुमो जिला अध्यक्ष हीरालाल मांझी ने लोगों को समझाने बुझाने का काम किया और मामला शांत करवाया। हीरालाल मांझी ने इसे असामाजिक तत्वों की करतूत बताई है और कहा कि यह एक बड़ी साजिश है। प्रशासन इस पर अपना कारवाई करेगी। उन्होंने कहा आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने का भी काम किया जाएगा।बेरमो एसडीओ ओर एसडीपीओ ने कहा कि जो भी लोग दोषी हैं उन पर कार्रवाई की जाएगी क्योंकि किसी की भी धार्मिक भावना के साथ खिलवाड़ करने का अधिकार किसी को नहीं है।समाचार लिखे जाने तक इस घटना से संबंधित किसी की भी गिरफ्तारी की सूचना प्राप्त नही हुई थी जबकि की मौकाा-ए-वारदा तबेरमो एसडीएम शैलेश कुमार तथा बेरमो एसडीपीओ बीएन सिंह स्वय भारी पुलिस बल के साथ कैम्प कर रखे थे। बहरहाल दुसरे शब्दों में कहें तो इस घटना के आरोपी चाहे जो भी मगर आपसी भाईचारे तथा शांतिपूर्ण माहौल को अशांत करने का प्रयास प्रतित होता है। वही दुसरी तरह पुलिस के आला अधिकारियों के दिशा निर्देश पर पुलिस की कई टीम आरोपी की खोजबीन में जुट गई है।

## पेज 3 का शेष

### जनता की सेवा करें...

**हमारी सोच और कार्यशैली एक समान :** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सोच और कार्यशैली एक समान है। यह सरकार समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति की चेहरे पर खुशी लाने का प्रयास कर रही है। ऐसे में आपकी जिम्मेदारी काफी बढ़ जाती है, क्योंकि आपकी नियुक्ति इसलिए हुई है कि आप आम नागरिकों के लिए काम करें। मानवता और संवेदनशीलता का परिचय दें। आप पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ सेवा करें, जो भी कमियां होगी, उसे दूर करने का प्रयास करेंगे। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार पहुंच रही है ।आप आम जनता की तकलीफ को अपनी तकलीफ समझ कर कम करें तो निश्चित तौर पर हम उनकी तकलीफों को दूर कर उनके चेहरे पर मुस्कान ला सकते हैं। इस अवसर पर संघ के प्रतिनिधियों ने कहा कि श्री सोरेन की सरकार जो कहती है, वह करती है। आप अपने कार्यों से हमारे दिलों में पहुंचे हैं। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष जीतराम स्वांसी, उपाध्यक्ष श्रवण कुमार रवि, शाखा मंत्री विकास, कोषाध्यक्ष रणधीर सिंह छेत्री, संगठन मंत्री समीर महतो, मुख्यालय प्रतिनिधि अभिषेक तिवारी एवं कार्यालय मंत्री आशीष रंजन समेत संघ के तमाम सदस्य मौजूद थे।

### कांग्रेस को आदिवासियों...

**लूटने को कांग्रेस छटपटा रही है :** वहीं खंडवा में पीएम मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस आगामी लोकसभा चुनाव के वास्ते धन जुटाने के लिए मध्य प्रदेश को अपना एटीएम बनाना चाहती है। एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस हमेशा एक परिवार के विकास के बारे में चिंतित रहती है। लोकसभा चुनाव के लिए मध्यप्रदेश से करनी है लूट, इसलिए यहां कांग्रेस सरकार बनाने को छटपटा रही है। लोकसभा चुनाव की तैयारी के लिए कांग्रेस को मध्यप्रदेश से ट्रैक्टर भर-भर के 'लूट' करनी है और इसीलिए पार्टी राज्य में सरकार बनाने के लिए छटपटा रही है। इस दौरान पार्टी महासचिव कैलाश विजयवर्गीय भी उपस्थित रहे। **प्रदेश को नयी उंचाई पर ले जाना है :** पीएम ने कहा कि 21वीं सदी में प्रदेश को विकास की नयी ऊंचाई पर पहुंचाना है। कांग्रेस ने प्रदेश को बीमारू बना कर भ्रष्टाचार और भाईभतीजावाद के माध्यम से गड्ढे में धकेल दिया था। भाजपा ने मेहनत से निकाला है। इस काम में भाजपा की कई पीढ़ियां खप गयीं हैं, इसलिए राज्य को अब कांग्रेस के चंगुल से बचाना ही होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जिस राज्य में गलती से आ गई, वहां धड़ाधड़ लूट ही लूट रहती है। स्पर्धा चलती है कि मुख्यमंत्री ज्यादा लूटेगा या उप मुख्यमंत्री। उन्होंने अपनी बात के समर्थन में कर्नाटक का उदाहरण भी दिया। पीएम ने नौजवानो का आह्वान किया कि जो लोग पहली बार वोट डालने जा रहे हैं, उनसे आग्रह है कि वे अलर्ट रहें, कांग्रेस का राज इस पीढ़ी ने देखा ही नहीं है। उन्होंने माता पिता का आह्वान करते हुए कहा कि अपने बच्चों को बैठाएं और जो मुसीबतें उन्होंने झेलीं थीं, वो बच्चों को बताये। जो हाथ बदनामी से भरे हैं, उनके हाथ में अपने बच्चों का भविष्य मत दीजिए।

### दुमका गैंगरेप की जांच...

पीड़िता ने थाना में जो एफआईआर दर्ज कराया गया है उसके अनुसार दरिंदों ने उसके साथ दुष्कर्म किया और धमकी दी थी कि अगर किसी को बताया तो जान से मार देंगे। यही वजह थी कि 25 सितंबर को हुई घटना के एक माह से अधिक समय बीतने के बाद पीड़िता ने ये बात अपने परिजनों को बतायी। पहले मामले को रफादफा करने के लिए पंचायती करने का प्रयास हुअ। दर्ज प्राथमिकी में नाबालिग ने बताया कि वह 25 सितंबर को सीएसपी केंद्र छात्रवृत्ति के रुपए निकालने दुमका शहर आयी थी। घर लौटते समय दो बाइक सवार बदमाशों ने जबरन उसे बाइक पर बैठा लिया और पास के निमार्णाधीन मकान के अंदर ले जाकर सभी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। बाद में उसके दो दोस्तों ने भी दुष्कर्म किया। चारों ने पीड़िता को नफिर नकटी पहाड़ ले गये, जहां पर तीन और लोगों ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया। नाबालिग जब बेहोश हो गयी तो सभी आरोपी फरार हो गये।

### 35वें बर्थडे पर कोहली...

वहीं कोहली ने सिर्फ 277 पारियों में यह रिकॉर्ड हासिल किया। विराट ने बर्थडे पर इतिहास रचते हुए सचिन से 175 पारियां कम खेलकर 49वां वनडे शतक जड़ा। कोहली पिछले दो मैचों में इस मुकाम तक पहुंचने की कगार पर थे लेकिन दोनों मैचों में कुछ रनों से चूक रहे थे। बैटिंग मास्टरक्लास ने पिछले मैच में श्रीलंका के खिलाफ 88 (94) और उससे पहले मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ 95 (104) रन बनाये थे। **मुश्किल विकेट पर धैर्य व क्लाश का क्रिकेट :** कोहली रविवार को रविवार को 35 साल के हो गये। उन्होंने महान सचिन के साथ अपना नाम लिखवाने का सही मौका चुना। इतिहास की किताबों में, एक विशेष दिन पर महत्वपूर्ण उपलब्धि तक पहुंचे जब भारत ने मौजूदा वनडे क्रिकेट विश्व कप में ईडन गार्डन्स में लीग गेम में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले बल्लेबाजी की। मुश्किल विकेट पर धैर्य और क्लास द्वारा परिभाषित एक शतक था जिसने स्पिनरों और तेज गेंदबाजों को समान रूप से मदद की। कोहली ने 121 गेंदों पर नाबाद 101 रन की पारी खेली जिसमें 10 चौके शामिल थे। **जन्मदिन पर शतक, भगवान के प्रति आभारी :** अपनी पारी के बाद विराट ने कहा, इस महान स्थल पर इतनी बड़ी भीड़ के सामने अपने जन्मदिन पर शतक बनाना बहुत अच्छा है। पिच धीमी है, हमारे पास गुणवत्तापूर्ण गेंदबाजी लाइन-अप भी है, लेकिन हमें कड़ी मेहनत करनी होगी। यहां पर बल्लेबाजी करना मुश्किल था। उन्होंने जन्मदिन पर 49 शतकों के बाद भगवान का आभार भी व्यक्त किया। साथ ही कहा 'यह ऐसा विकेट था जिस पर बल्लेबाजी करना मुश्किल था, हमें रोहित और शुभमन से शानदार शुरूआत मिली, मेरा काम इसे जारी रखना था। गेंद ने पकड़ना और घूमना शुरू कर दिया, यह धीमी हो गई और फिर मेरी भूमिका गहरी बल्लेबाजी करने की थी। टीम प्रबंधन ने मुझे यही बताया था। मैं खेलने का मौका देने और टीम की सफलता में योगदान देने के लिए भगवान का आभारी हूं।'

# नेपाल में भूकंप से तीन हजार से अधिक घर पूरी तरह नष्ट

## प्रभावित क्षेत्र में राहत-बचाव अभियान जारी, अब तक 157 की मौत

एजेंसी

**काठमांडू।** नेपाल में शुक्रवार आधीरात से ठीक पहले आए 6.4 तीव्रता वाले भूकंप के तेज झटकों के कारण सुदूर पर्वतीय क्षेत्र के जाजरकोट और रूकुम पश्चिम जिले में भारी तबाही हुई है। अब तक मलबे के ढेर से 157 शव निकाले जा चुके हैं।

इन जिलों में तीन हजार से अधिक घर पूरी तरह नष्ट हो चुके हैं । राहत और बचाव कर्मचारी अभी भी मलबे में जिंदगी की तलाश कर रहे हैं। इसलिए मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। प्रभावित लोगों को राहत शिविर में ठहराया गया है। भूकंप से सात जिला प्रभावित हुए हैं। सबसे अधिक नुकसान जाजरकोट और रूकुम पश्चिम जिले में हुआ है। इनमें रूकुम पश्चिम जिले के आठबिसकोट नगर पालिका क्षेत्र में

**▶▶ जाजरकोट और रूकुम पश्चिम जिले में भारी तबाही**

भारी तबाही हुई है। यहां के वार्ड नम्बर 11, 12, 13 और 14 में रहने वालों के घर मिट्टी में मिल गए हैं। सानो भेरी नगर पालिका के वार्ड नम्बर 2, 3,4, जाजरकोट के नलगाड नगर पालिका के कुछ वार्डों के अलावा भेरी नगर पालिका के वार्ड नम्बर 1, 3 और 4 में भूकंप का तबाही का मंजर छोड़ गया है।

दैलेख, जुम्ला, सल्यान, प्यूठान और बैतडी जिला भी आंशिक रूप से प्रभावित हुए हैं। नेपाल प्रहरी के प्रवक्ता डीआईजी कुबेर कडायत के अनुसार शनिवार देररात तक जाजरकोट में 105 और पश्चिम रूकुम में 52 लोगों की मौत की



पुष्टि हुई है। जाजरकोट जिला में 106 तथा रूकुम पश्चिम जिला में 86 से अधिक लोग घायल हुए हैं। दैलेख, जुम्ला, प्यूठान और बैतडी जिले में 3-3, सल्यान जिला में 2, रोल्पा और दांग जिला में 1-1 व्यक्ति घायल हुए हैं। गृहमंत्री नारायणकाजी श्रेष्ठ ने कहा कि मृतकों के आश्रितों को 2-2 लाख रुपये, ध्वस्त घरों की भरपाई के लिए प्रत्येक परिवार को तीन लाख रुपये दिए जाएंगे। फौरी तौर पर सभी पीड़ित परिवारों को 50-50 हजार रुपये प्रदान किए जाएंगे।

## भारत ने भेजी राहत सामग्री



**काठमांडू।** नेपाल के जाजरकोट और रूकुम पश्चिम के भूकंप प्रभावित लोगों की मदद के लिए भारत सरकार ने 11 टन सामान भेजा है। राहत सामग्री लेकर वायुसेना का विशेष विमान रविवार को नेपालगंज विमानस्थल पर पहुंचा। भेजी गई राहत सामग्री नेपाल में भारतीय राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने उपप्रधानमंत्री पूर्ण बहादुर खड़का को सौंपी। खड़का ने भारत सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संकट के समय यह राहत सामग्री भूकंप पीड़ितों के लिए काफी मददगार साबित होगी। राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने कहा कि आज भारत की तरफ से आवश्यक राहत सामग्रियों की पहली खेप आई है। 11 टन से अधिक की सामग्री में टेंट, दवाईयों के अलावा दैनिक उपयोग की वस्तुएं हैं।

# तीनों सेनाओं के लिए संयुक्त थिएटर कमांड का ब्लूप्रिंट तैयार

**▶▶ पूरे देश की पांच थियेटर कमांड करेंगी जमीनी, समुद्री और हवाई सुरक्षा**
**▶▶ चीन और पाक के लिए अलग से बनेंगे एक-एक कमांड**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** आखिरकार लम्बे इंतजार के बाद भारतीय सशस्त्र बलों के लिए संयुक्त थिएटर कमांड की रूपरेखा तैयार हो गई है। रक्षामंत्री की अध्यक्षता में राष्ट्रीय रक्षा समिति के प्रस्तावों को अंतिम रूप देने के बाद अब भारत सरकार की मंजूरी का इंतजार है। चीन-पाकिस्तान के लिए एक-एक और समुद्री खतरे के लिए अलग से एक कमांड होगी। एक एयर कमांड होगी, जिसमें तीनों सेनाओं की वायु संपत्तियां एक साथ काम करेंगी। मिलिट्री थिएटर के नीचे सभी सेनाएं एक की तरह काम करेंगी। इस तरह कुल पांच थिएटर कमांड के हवाले पूरे देश की जमीनी, समुद्री और हवाई सुरक्षा की जिम्मेदारी होगी। दुनिया में बदलते युद्ध के पारंपरिक तौर-तरीके और 'मॉडर्न वार' को देखते हुए चीन एवं अमेरिका की तर्ज पर तीनों सेनाओं का पुनर्गठन करके थिएटर कमांड बनाने की प्रक्रिया देश के पहले सीडीएस दिवंगत जनरल बिपिन रावत ने शुरू की थी, लेकिन हेलीकॉप्टर दुर्घटना में उनके निधन के बाद से यह प्रक्रिया धीमी पड़ गई थी। सशस्त्र बलों ने रक्षामंत्री की अध्यक्षता में एक राष्ट्रीय रक्षा समिति के तहत थिएटर कमांडरों के प्रस्ताव के साथ एकीकृत थिएटर कमांड की अंतिम रूपरेखा तैयार की है, लेकिन मानव संसाधन से संबंधित कुछ मामलों पर निर्णय लिया जाना बाकी है। इन प्रस्तावों को अंतिम रूप देने के बाद अब भारत सरकार की मंजूरी का इंतजार है। मौजूदा समय में सेना और वायु सेना के पास सात-सात, जबकि नौसेना के पास तीन कमांड हैं, लेकिन पुनर्गठन होने पर थिएटर कमांड में भारत की तीनों सेनाओं नौसेना, वायुसेना और थल सेना की टुकड़ियां शामिल होंगी। कुल बनने वाले पांच थिएटर कमांड में चीन और पाकिस्तान के लिए एक-एक और समुद्री खतरे के लिए अलग से एक कमांड होगी। एक एयर कमांड होगी, जिसमें तीनों सेनाओं की वायु संपत्तियां एक साथ काम करेंगी। इस तरह कुल पांच थिएटर कमांड के हवाले पूरे देश की जमीनी, समुद्री और हवाई सुरक्षा की जिम्मेदारी होगी। यह थिएटर कमांड किसी भी खतरे के खिलाफ त्वरित और समय पर जवाबी कार्रवाई में भारत को बड़ा बढ़ावा देंगे। थिएटर कमांड के तैयार किये गए 'रोडमैप' को लागू किये जाने पर भारत ऐसा करने वाला तीसरा देश हो जाएगा।

## भारत ने पहली बार रक्षा उद्योग में दी 100 फीसदी एफडीआइ को मंजूरी

# हरियाणा में स्वीडन की कंपनी 'साब' जल्द लगायेगी फैक्टरी

**इस फैक्टरी में एंटी आर्मर, एंटी टैंक, बंकर और कार्ल-गुस्ताफ एम4 रॉकेट लॉन्चर बनेगा**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत ने पहली बार रक्षा उद्योग में 100 फीसदी प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को मंजूरी दे दी है। स्वीडिश कंपनी साब ने रक्षा परियोजना में भारत का पहला 100 फीसदी एफडीआई हासिल किया है। यह मंजूरी हरियाणा में फैक्टरी की स्थापना करने के लिए दी गई है। इस फैक्टरी में एंटी आर्मर, एंटी टैंक, बंकर और कार्ल-गुस्ताफ एम4 रॉकेट लॉन्चर का भी निर्माण किया जाना है। भारतीय सेना पहले से ही कंधे से दागे जाने वाले रॉकेट का इस्तेमाल कर रही है।

इन रॉकेट लॉन्चरों का यूक्रेन-रूस युद्ध में जमकर इस्तेमाल हो रहा है। भारत ने अभी तक रक्षा उद्योग में 74 फीसदी तक एफडीआई की अनुमति दी है। हालांकि 2015 में एफडीआई मंजूरी के नियमों में ढील दी गई थी, लेकिन अब तक कोई भी विदेशी कंपनी रक्षा क्षेत्र में 100 फीसदी एफडीआई की अनुमति नहीं ले पाई थी। यह पहला मौका है, जब स्वीडिश कंपनी साब ने रक्षा परियोजना में भारत का पहला 100 फीसदी एफडीआई हासिल किया है। सूत्रों ने कहा कि 500 करोड़ रुपये से कम मूल्य के एफडीआई प्रस्ताव को पिछले महीने मंजूरी दे दी गई थी। साथ ही स्वीडन के साब को एक नई फैक्टरी स्थापित करने की अनुमति दी गई है, जो कार्ल-गुस्ताफ रॉकेट का निर्माण करेगी। दरअसल, हरियाणा में एक फैक्टरी स्थापित करने के लिए भारत में नई कंपनी साब एफएफवी इंडिया पंजीकृत की गई है। इसमें कार्ल-गुस्ताफ एम4 लॉन्चर सिस्टम की नवीनतम पीढ़ी का निर्माण किया जाना है। इस फैक्टरी में कार्ल-गुस्ताफ प्रणाली के लिए साइटिंग तकनीक और कार्बन फाइबर वाइंडिंग सहित उन्नत प्रौद्योगिकियां शामिल होंगी। हालांकि, कंधे से दागे जाने वाले रॉकेट पहले से ही भारतीय सशस्त्र बलों के उपयोग में हैं और स्थानीय उत्पादन शुरू होने के बाद इन्हें निर्यात भी किया जा सकता है। इसके अलावा फैक्टरी में एंटी टैंक, बंकर और विभिन्न प्रकार के रॉकेट लॉन्चर का उत्पादन किया जाना है। साब इंडिया के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक मैट्स पामबर्ग ने कहा कि हमें भारत में नई फैक्टरी स्थापित करने के लिए भारत सरकार से 100% प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का अनुमोदन मिलने वाली पहली वैश्विक रक्षा कंपनी होने पर गर्व है। हम मेक इन इंडिया के तहत भारतीय भागीदारों के साथ भारत में कार्ल-गुस्ताफ एम4 रॉकेट लॉन्चर के उत्पादन के साथ भारतीय सशस्त्र बलों का समर्थन करने के लिए तत्पर हैं।



## अगले साल से बनेगा रॉकेट लांचर

**हम** मेक इन इंडिया के तहत भारतीय भागीदारों के साथ भारत में कार्ल-गुस्ताफ एम4 रॉकेट लॉन्चर के उत्पादन के साथ भारतीय सशस्त्र बलों का समर्थन करने के लिए तत्पर हैं। यह स्वीडन के बाहर पहली फैक्टरी होगी, जिसमें रॉकेट लॉन्चर का निर्माण अगले साल शुरू होगा। कंधे से लॉन्च की जाने वाली हथियार प्रणाली का उपयोग अमेरिकी, यूरोपीय और भारतीय सशस्त्र बल करते हैं और इसका उपयोग दुश्मन के मजबूत ठिकानों को नष्ट करने के लिए किया जाता है।

# हमास के बंकरों और सुरंगों में घातक हथियारों का जखीरा मिला

**तेल अवीव/यरुशलम।** गाजा में छिड़े युद्ध के 30वें दिन रविवार को टैंक, रॉकेट और मिसाइल गरज रहे हैं। इजराइल ने गाजा में चप्पे-चप्पे पर जाल बिछाकर फिलिस्तीन के आतंकवादी संगठन हमास के हजारों आतंकवादियों को घेर लिया है। थल से नभ तक प्रहार कर इनको ढेर किया जा रहा है। हमास के बंकरों और सुरंगों से घातक हथियारों का जखीरा बरामद हो रहा है। हमास ने सीमा के पास दक्षिणी गाजा में एंटी टैंक मिसाइल से इजराइल की थल सेना को निशाना बनाया। इजराइल के सुरक्षा बलों ने इस हमले को विफल कर दिया। सारी रात जेनिन, नब्लस और तुल्कर्म के साथ वेस्टबैंक के अन्य स्थानों



इजराइली सेना के हमले जारी रहे। समूचे वेस्ट बैंक में इजराइल की सेना और हमास के आतंकवादियों के बीच झड़प हुई है।



## प्रधानमंत्री ने आचार्य विद्यासागर महाराज से लिया आशीर्वाद

**राजनांदगांव। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले में प्रसिद्ध तीर्थ स्थल डोंगरगढ़ का दौरा किया और जैन मुनि आचार्य विद्यासागर महाराज से मुलाकात की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनसे मुलाकात कर आशीर्वाद लिया और चर्चा की। प्रधानमंत्री ने डोंगरगढ़ में बम्लेश्वरी मंदिर की पहाड़ी की तलहटी पर स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर में भी पूजा-अर्चना की।**

# नौ कंपनियों का मार्केट कैप 97,463 करोड़ रुपये बढ़ा

**रिलायंस का बाजार पूंजीकरण 15,68,995 करोड़ पर पहुंचा**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से नौ कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह 97,463.46 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ में रिलायंस इंडस्ट्रीज रही। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 580.98 अंक या 0.91 प्रतिशत के लाभ में रहा। सप्ताह के दौरान बजाज फाइनेंस को छोड़कर शीर्ष 10 में अन्य कंपनियों के बाजार मूल्यांकन में उछाल आया।

समीक्षाधीन सप्ताह रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 36,399.36 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 15,68,995.24 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की बाजार हैसियत 15,305.71 करोड़ रुपये





की बढ़ोतरी के साथ 5,15,976.44 करोड़ रुपये रही। आईसीआईसीआई बैंक का बाजार मूल्यांकन 14,749.52 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी के साथ 6,54,042.46 करोड़ रुपये पर और एचडीएफसी बैंक का 11,657.11 करोड़ रुपये की वृद्धि के साथ 11,25,842.89 करोड़ रुपये रहा। इसी तरह भारती एयरटेल की बाजार हैसियत 9,352.15 करोड़ रुपये बढ़कर 5,23,087.22 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण 6,320.4 करोड़ रुपये के लाभ से 5,89,418.46 करोड़ रुपये रहा। इन्फोसिस के बाजार मूल्यांकन में 3,507.08 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई और यह 5,76,529.86 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) की बाजार हैसियत 109.77 करोड़ रुपये बढ़कर 12,26,093.23 करोड़ रुपये पर और आईटीसी की 62.36 करोड़ रुपये की वृद्धि के साथ 5,40,699.70 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। इस रुख के उलट बजाज फाइनेंस का बाजार मूल्यांकन 5,210.91 करोड़ रुपये घटकर 4,49,604.04 करोड़ रुपये रह गया। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, इन्फोसिस, आईटीसी, भारती एयरटेल, एसबीआई और बजाज फाइनेंस का स्थान रहा।

## वैश्विक रुख से तय होगी बाजार की चाल

**मुंबई।** अमेरिकी फेड रिजर्व के ब्याज दरों को यथावत रखने से बीते सप्ताह हुई लिवाली की बदौलत करीब एक प्रतिशत की बढ़त पर रहे घरेलू शेयर बाजार की चाल अगले सप्ताह वैश्विक रुख से तय होगी। सेंसेक्स 580.98 अंक अर्थात 0.91 प्रतिशत की तेजी के साथ सप्ताहांत पर 64363.78 अंक और निफ्टी 183.35 अंक यानी 0.96 प्रतिशत मजबूत होकर 19230.60 अंक पर पहुंच गया। इससे बीएसई का मिडकैप 623.35 अंक अर्थात दो प्रतिशत की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर 31735.86 अंक और स्मॉलकैप 701.03 अंक यानी 1.9 प्रतिशत उछलकर 37589.06 अंक पर रहा।

## कांग्रेस और भ्रष्टाचार एक सिक्के के दो पहलू : नड्डा

**पेंड्रा (छत्तीसगढ़)।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविवार को कांग्रेस पर आरोप लगाया कि जहां भी वह शासन में है, भ्रष्टाचार में लिप्त है। नड्डा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और भ्रष्टाचार एक सिक्के के दो पहलू हैं। छत्तीसगढ़ के गौरेला-पेंड्रा-मरवाही (जीपीएम) जिले के पेंड्रा शहर में एक सभा को संबोधित करते हुए नड्डा ने दावा किया कि यदि कांग्रेस राज्य में फिर से सत्ता में आती है तो लूट की गारंटी निश्चित है।

भाजपा प्रमुख ने भ्रष्टाचार को लेकर भूपेश बघेल सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस ने शराब, चावल, गोबर खरीद, शिक्षकों के तबादले और लोक सेवा आयोग की भर्ती में घोटाला किया। उन्होंने महादेव (महादेव सट्टेबाजी ऐप में कथित घोटाला) के नाम को भी नहीं बख्शा और घोटाला किया।

## एक नजर में

### राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान शुरू



**अयोध्या।** अयोध्या में रविवार को अक्षत पूजा के साथ राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का अनुष्ठान शुरू हो गया। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अधिकारियों ने कहा कि ट्रस्ट ने राम जन्मभूमि पर भगवान राम के दरबार में हल्दी और देसी घी के साथ लगभग 100 क्विंटल साबुत चावल की पूजा के साथ अक्षत पूजा का आयोजन किया। इस पूजित चावल को पांच किलोग्राम क्षमता वाले पीतल के बर्तनों में पैक किया गया है और देश के 45 संगठनात्मक प्रांतों से अयोध्या में एकत्र हुए विश्व हिंदू परिषद के 90 पदाधिकारियों को वितरित किया गया है, जो 22 जनवरी से पहले इसे पूरे देश में वितरित करेंगे। अगले साल 22 जनवरी को राम लला की प्राण प्रतिष्ठा की तारीख तय की गई है। उससे पहले देशभर में करोड़ों भक्तों तक भगवान राम का प्रसाद अक्षत के रुप में पहुंचाया जाना है।

### मथुरा में 14 नवंबर से शुरू होगा ब्रजरज उत्सव

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद 14 नवंबर से दो सप्ताह तक चलने वाले ब्रजरज उत्सव का आयोजन करेगी। एक प्रशासनिक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। इस बार यह उत्सव महान कृष्णभक्त मीराबाई की 525वीं जयंती के अवसर पर आयोजित किया जा रहा है। नृत्य नाटिका का आयोजन इस उत्सव का मुख्य आकर्षण होगा जिसमें फिल्म अभिनेत्री तथा भाजपा सांसद हेमामालिनी मीराबाई के किरदार में नजर आएंगी। परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी एवं मथुरा-वृन्दावन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष नगेंद्र प्रताप ने बताया कि उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद की ओर से हर साल आयोजित होने वाला ब्रजरज उत्सव मथुरा ही नहीं, आसपास के जिलों के कलाकारों के लिए एक बड़ा मंच प्रदान करता है। इस वर्ष ब्रजरज उत्सव दीपावली के ठीक बाद 14 से 27 नवंबर तक आयोजित किया जाएगा, जो कि कृष्णभक्त मीराबाई की 525वीं जयंती के अवसर पर आयोजित किया जा रहा है।

### दिल्ली में 10 तक बंद रहेंगे प्राथमिक विद्यालय

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी ने रविवार को घोषणा की कि राष्ट्रीय राजधानी में बढ़ते प्रदूषण के मद्देनजर सभी प्राथमिक विद्यालयों को 10 नवंबर तक के लिए बंद कर दिया गया है। छठी से 12वीं कक्षाओं के छात्रों को ऑनलाइन पढ़ाने का विकल्प दिया गया है। आतिशी ने कहा कि प्रदूषण का स्तर बहुत ज्यादा रहने के कारण दिल्ली में प्राथमिक स्कूल 10 नवंबर तक बंद रहेंगे। स्कूलों को छठी से 12वीं तक के छात्रों के लिए ऑनलाइन कक्षाएं संचालित करने का विकल्प दिया गया है। दिल्ली में रविवार को लगातार छठवें दिन जहरीली और घनी धुंध छायी रही और हवा की प्रतिकूल परिस्थितियों खासतौर से रात के दौरान हवा की मंद गति के कारण प्रदूषण स्तर एक बार फिर अत्यधित गंभीर श्रेणी में पहुंच गया है।

### सिंघम अगेन से अक्षय कुमार का फर्स्ट लुक रिलीज



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार आने वाली फिल्म सिंघम अगेन से उनका फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। रोहित शेट्टी जल्द ही अपनी फेमस कॉप यूनिवर्स की फिल्म सिंघम फ्रेंचाइजी का तीसरा पार्ट 'सिंघम अगेन' लेकर आने वाले हैं। सिंघम अगेन में अजय देवगन की मुख्य भूमिका होगी। फिल्म सिंघम अगेन में अक्षय कुमार और रणवीर सिंह की कैमियो भूमिका है।इस फिल्म से अक्षय कुमार का फर्स्ट लुक जारी कर दिया गया है। रोहित शेट्टी ने 'सिंघम अगेन' में अक्षय कुमार का वेलकम सीन खास पोस्ट के साथ शेयर किया है। उन्होंने लिखा, 'एक बार फिर सिंघम में, हम सिर्फ वही कर रहे हों, जो हमारे फैंस हमसे चाहते हैं। अक्षय कुमार और हेलीकॉप्टर। फिल्म 'सिंघम 3' में अजय देवगन,करीना कपूर, दीपिका पादुकोण, टाइगर श्रॉफ नजर आएंगे।

### टाइगर 3 के टिकटों की अग्रिम बुकिंग शुरू

मुंबई। फिल्म निर्माण कंपनी यशराज फिल्म्स (वाईआरएफ) ने दीपावली पर रिलीज होने वाली सलमान खान और कैटरीना कैफ अभिनीत फिल्म टाइगर 3 की टिकटों की अग्रिम बुकिंग रविवार को शुरू कर दी। मनीष शर्मा के निर्देशन में बनी फिल्म टाइगर 3 12 नवंबर को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसमें इमरान हाशमी भी नजर आएंगे। वाईआरएफ ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि उल्टी गिनती शुरू हो गई है, टाइगर 3 के आने में एक सप्ताह का वक्त बचा है। फिल्म 12 दिसंबर यानी रविवार को हिंदी, तमिल और तेलुगू में रिलीज होगी। टिकटों की अग्रिम बुकिंग शुरू हो गई है। अभी बुक करें। उसने पहले बताया था कि देशभर में टाइगर 3 के लिए शो सुबह सात बजे से शुरू होंगे।

Rinku
न्यू दास म्युजिकल स्टोर्स
DEALS IN
YAMAHA BOSS CASIO KORG ESP Gibson Roland Epiphone TAMA
Opp. Sankat Mochan Hanuman Mandir, Main Road, Ranchi-1 (Jharkhand)
Ph.: 72509-33033 | M.: 98351-64815

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!

विचार

चिंतन

आजादी के बाद के पिछले 73 वर्षों में हम बहुत कम ऐसे शिक्षण संस्थान विकसित कर पाएं हैं जो गुणवत्ता में विश्व के अन्य संस्थानों से मुकाबला कर सकें। विश्व के टॉप संस्थानों में मुश्किल से चंद संस्थान शामिल हो पाते हैं। यह उस देश के लिए दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है जहां नालंदा, तक्षशिला और विक्रमशिला विश्वविद्यालय जैसे विश्वविख्यात संस्थान आज से दो हजार साल पहले से रहे हों। हम अच्छे शिक्षण संस्थानों में भारतीय विज्ञान संस्थान और आईआईटी और चंद आईआईएम को ही गिना सकते हैं। अमेरिका जैसे दुनिया के सबसे अधिक संपन्न और पूंजीवादी विचारधारा के सबसे बड़े पैरोकार देश में जब स्कूली शिक्षा मुफ्त है तो भारत जैसे देश में तो पूरी शिक्षा मुफ्त और स्तरीय होनी ही चाहिए क्योंकि शिक्षा कोई लक्जरी नहीं है वो मूलभूत जरूरत है।

# सभी को शिक्षा अनिवार्य और नि: शुल्क हो

**मुरलीधर**



जिस तरह एक आदमी के लिए रोटी, कपड़ा और मकान मूलभूत जरूरतें हैं। उसी तरह किसी इंसान को उसकी प्रतिभा का विकास करने और सभ्य बनने के लिए समुचित शिक्षा बेहद महत्वपूर्ण है। भारत जैसे देश में जहां की बड़ी आबादी गरीबी रेखा के नीचे है वहां हम शिक्षा को पूरी तरह निजी क्षेत्र के हवाले नहीं कर सकते और ना ही उसे इतना महंगा होने दे सकते हैं कि एक गरीब परिवार का योग्य विद्यार्थी उच्च शिक्षा हासिल ना कर सके।

आजादी के बाद के पिछले 73 वर्षों में हम बहुत कम ऐसे शिक्षण संस्थान विकसित कर पाएं हैं जो गुणवत्ता में विश्व के अन्य संस्थानों से मुकाबला कर सकें। विश्व के टॉप संस्थानों में मुश्किल से चंद संस्थान शामिल हो पाते हैं। यह उस देश के लिए दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है जहां नालंदा, तक्षशिला और विक्रमशिला विश्वविद्यालय जैसे विश्वविख्यात संस्थान आज से दो हजार साल पहले से रहे हों। हम अच्छे शिक्षण संस्थानों में भारतीय विज्ञान संस्थान और आईआईटी और चंद आईआईएम को ही गिना सकते हैं।

## अमेरिका में भी निशुल्क है स्कूली शिक्षा

अमेरिका जैसे दुनिया के सबसे अधिक संपन्न और पूंजीवादी विचारधारा के सबसे बड़े पैरोकार देश में जब स्कूली शिक्षा मुफ्त है तो भारत जैसे देश में तो पूरी शिक्षा मुफ्त और स्तरीय होनी ही चाहिए क्योंकि शिक्षा कोई लक्जरी नहीं है वो मूलभूत जरूरत है।

मेरा यह शिद्दत से मानना रहा कि शिक्षा, चिकित्सा और न्याय की सुविधाएं निशुल्क ही मिलनी चाहिए। इन तीनों का ही आज के दौर में निजीकरण तेजी से हो रहा है। सरकार शिक्षा और स्वास्थ्य के अपने दायित्व से धीरे-धीरे किनारा करना चाह है।

देश में निजी और सरकारी शिक्षण संस्थानों के साथ साथ चलने से समाज में बच्चों में भी वर्ग भेद बढ़ रहा है। कुछ राज्यों को छोड़ दिया जाए तो अधिकतर सरकारी स्कूलों की स्थिति बेहद दयनीय है।

## सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की कमी

सबसे बड़ी समस्या शिक्षकों की संख्या कम होने की है। कई स्कूलों में तो दो-तीन शिक्षकों के ऊपर पांच - सात कक्षाओं का बोझ रहता है तो ऐसे में वो क्या खाक पढ़ा पाएंगे।

## आधारभूत संसाधनों की कमी व बदहाली

इसके अलावा कई स्कूलों के लिए भवनों की स्थिति बदहाल है। कई स्कूलों में कक्षाओं की कमी के कारण दो-तीन कक्षा के विद्यार्थियों को एक ही रूम में बैठाकर पढ़ाया जाता है। ऐसी स्थिति में बच्चे क्या समझेंगे इसका भगवान ही मालिक है। स्कूल व कॉलेजों में पीने का स्वच्छ पानी का इंतजाम ना होना और टॉयलेट आदि की कमी आम बात है। सरकारी स्कूलों में सारा फोकस बस मध्याह्न भोजन (टऊट) के वितरण पर ही है। वहां पढ़ाई प्राथमिकता में नहीं है बल्कि दोयम दर्जे का विषय है।

सरकारी स्कूलों के शिक्षकों की स्थिति भी ठीक नहीं है खासकर जो ईमानदार हैं और जो पढ़ाना अपनी पहली जिम्मेदारी मानते हैं। सरकार इन शिक्षकों से जनगणना, पशु व अन्य गणना तथा टऊट की निगरानी करने सहित कई गैर शैक्षणिक कामों में उलझाए रखती है। इसलिए सरकारी स्कूलों में पढ़ाई बस नाम के लिए होती है। यहां आप नेतरहाट, नवोदय तथा कुछ इंदिरा गांधी आवासीय विद्यालयों को अपवाद मान सकते हैं।

## शिक्षा का स्तर उन्नत होगा

अगर हम देश में शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह सरकारी कर दें तो शिक्षा का स्तर खुद ब खुद ऊंचा उठ जाएगा। देश के सभी लोगों चाहे वो अंबानी हो, बड़ा नेता हो या आईएएस या आईपीएस जैसे बड़े अधिकारी सभी के बच्चे एक ही तरह के स्कूलों में पढ़ेंगे तो इन स्कूलों की व्यवस्था ठीक होनी तय है। अभी जो भी सक्षम लोग हैं वो अपनी हैसियत के हिसाब से निजी स्कूलों में बच्चों को पढ़ाते हैं। उन्हें सरकारी स्कूलों व कॉलेजों की बदहाली की तनिक भी चिंता नहीं है। जिन सरकारी स्कूलों की व्यवस्था दुरूस्त करने की जिम्मेदारी जिन अधिकारियों की है वो बड़े मजे से अपने बच्चों को सुविधासम्पन्न निजी स्कूलों में भेज कर सरकारी स्कूलों की बदहाली की तरफ से आंख मूंद लेते हैं। अगर इनके बच्चे भी सरकारी स्कूलों में जाएंगे तो झख मारकर इन अधिकारियों को इनकी व्यवस्था ठीक करनी होगी। निजी संस्थानों की बेलगाम बढ़ती फीस की वजह से सरकारी संस्थानों में भी शुल्क लगातार बढ़ाया जा रहा है। लेकिन असली लड़ाई तो केंद्र और राज्य सरकारों को शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उनके दायित्वों से मुंह ना मोड़ने देना है। शिक्षा पर बजट का अधिक पैसा खर्च करने के लिए दबाव बनाना चाहिए। शिक्षा पर किया गया निवेश ही सबसे बेहतरीन रिटर्न देनेवाला है। यही देश के चहुंमुखी विकास को गति दे सकता है और भारत को सशक्त और संपन्न राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

# ये दुनिया अगर मिल भी जाए तो क्या है

**प्रशांत**

**फिलिस्तीन-इसरायल** समस्या का इतिहास बहुत लंबा व पुराना है – उतना ही पुराना जितना मानव जाति की मूढ़ता का इतिहास है. यहां उसे दोहराने का अवकाश नहीं है.

हमास ने जिस तरह इसरायल पर हमला किया वह उसकी मूढ़ता, हृदयहीनता व अदूरदर्शिता का प्रमाण है. हमास के शीर्ष राजनीतिक नेता खालिद मशाल ने कहा कि हम ऐसी चोट मारना चाहते थे कि इसरायल बिलबिला कर रह जाए; और वही हुआ. लेकिन खालिद को अब यह नहीं दीख रहा है क्या कि दोनों तरफ के सामान्य निर्दोष नागरिक बिलबिला रहे हैं?

भारत के प्रधानमंत्री ने तुरंत बयान दे डाला कि भारत इसरायल के साथ खड़ा है. ऐसा कहने का अधिकार उन्हें कैसे मिला? वे जिस संसद की कृपा से प्रधानमंत्री हैं क्या उस संसद में ऐसा कोई प्रस्ताव पारित है? क्या इस बारे में संसद में कोई विमर्श हुआ? क्या कुर्सी पर बैठा एक आदमी देश होता है? आजादी से पहले से इस विवाद के संदर्भ में भारत की भूमिका स्पष्ट रही है।

महात्मा गांधी ने स्वंय इस मामले में हमारी विदेश-नीति की बुनियाद बना दी थी. उसे बदलने का अधिकार केवल भारत की जनता का है. किसी भी सरकार को अधिकार नहीं है कि वह अपने खोखले बहुमत के घमंड में राष्ट्रीय नीतियों से खिलवाड़ करे. प्रधानमंत्री ने जो कह दिया, अब जा कर विदेश मंत्रालय ने दबी-ढकी जुबान में उस पर लिपापोती कर रहा है। इधर देखिए कि सारा अमरीकी खेमा, पश्चिम के आका मुल्क इसरायल के समर्थन में खड़े हो गए हैं जैसे हमें पता ही नहीं है कि यही वह खेमा है जिसने फलीस्तीन के सीने पर खंजर की नोक से इसरायल लिखा था।

महात्मा गांधी ने तब कहा था कि हमें एक-एक यहूदी अपनी जान से भी ज्यादा प्यारा है, लेकिन पश्चिमी शैतानी का सहारा ले कर वे फलिस्तीनी घर में घुस जाएं, इसका हम समर्थन नहीं कर सकते. 1938 में उन्होंने एक विस्तृत आलेख में भारत का रुख साफ कर दिया था: मेरी सारी सहानुभूति यहूदियों के साथ है। मैं दक्षिण अफ्रीका के दिनों से उनको करीब से जानता हूं. उनमें से कुछ के साथ मेरी ताउम्र की दोस्ती है और उनके ही माध्यम से मैंने उनकी साथ हुई ज्यादतियों की बावत जाना है. ये लोग ईसाइयत के अछूत बना दिए गये हैं. अगर तुलना ही करनी हो तो मैं कहूंगा कि यहूदियों के साथ ईसाइयों ने जैसा व्यवहार किया है वह हिंदुओं ने अछूतों के साथ जैसा व्यवहार किया है, उसके करीब पहुंचता है.

गांधीजी ने आगे लिखा, ह्लदोनों के साथ हुए अमानवीय व्यवहारों के संदर्भ में धार्मिक आधारों की बात की जाती है. निजी मित्रता के अलावा भी यहूदियों से मेरी सहानुभूति के व्यापक आधार है। लेकिन उनसे मेरी गहरी मित्रता भी मुझे न्याय का पक्ष देखने से रोक नहीं सकती है, और इसलिए यहूदियों की ह्यअपना राष्ट्रीय घरह्न की मांग मुझे जंचती नहीं है. इसके लिए बाइबल का आधार ढूंढा जा रहा है और फिर उसके आधार पर फलीस्तीन लौटने की बात उठाई जा रही है. लेकिन जैसे संसार में सभी लोग करते हैं वैसा ही यहूदी भी क्यों नहीं कर सकते कि वे जहां जनमे हैं और जहां से अपनी रोजी-रोटी कमाते हैं, उसे ही अपना घर मानें?

फलीस्तीन उसी तरह अरबों का है जिस तरह इंग्लैंड अंग्रेजों का है याकि फ्रांस फ्रांसीसियों का है।

यह गलत भी होगा और अमानवीय भी कि यहूदियों को अरबों पर जबरन थोप दिया जाए. आज फलीस्तीन में जो हो रहा है उसका कई नैतिक आधार नहीं है. पिछले महायुद्ध के अलावा उसका कोई औचित्य नहीं है. गवीर्ले अरबों को सिर्फ इसलिए दबा दिया जाए ताकि पूरा या अधूरा फलीस्तीन यहूदियों को दिया जा सके, तो यह एकदम अमानवीय कदम होगा।

उचित तो यह होगा कि यहूदी जहां भी जनमे हैं और कमा-खा रहे हैं वहां उनके साथ बराबरी का सम्मानपूर्ण व्यवहार हो. जैसे फ्रांस में जनमे ईसाई को हम फ्रांसीसी मानते हैं वैसे ही फ्रांस में जनमे यहूदी को भी फ्रांसीसी माना जाए; और अगर यहूदियों को फलीस्तीन ही चाहिए तो क्या उन्हें यह अच्छा लगेगा कि उन्हें दुनिया की उन सभी जगहों से जबरन हटाया जाए जहां वे आज हैं? याकि वे अपने मनमौज के लिए अपना दो घर चाहते हैं?

(प्रशांतजी के ताजा लेख का अंश) (ओम थानवी के फेसबुक वॉल से)

# प्रतिभाशाली स्टूडेंट्स की मदद करना हमारा उद्देश्य

**नारायणा की सक्सेस मीट में टॉपर्स स्टूडेंट्स को किया सम्मानित और दिये रिवॉर्ड्स**

**स्कॉलास्टिक एप्टीट्यूड टेस्ट में सफल होने वाले स्टूडेंट्स के लिए सक्सेस मीट का हुआ आयोजन**

**स्टूडेंट्स को सम्मानित करने के साथ ही दिए गए रिवाड्र्स और 100% स्कॉलरशिप**

रांची स्थित देश की लीडिंग इंजीनियरिंग एवं मेडिकल कोचिंग संस्थान नारायणा आइआइटी व नीट एकेडमी द्वारा ऑल इंडिया लेवल पर आयोजित नारायणा स्कॉलास्टिक एप्टीट्यूड टेस्ट के परिणाम हाल ही में घोषित किये गये थे। रविवार को इस स्कॉलास्टिक टेस्ट में सफल होने वाले स्टूडेंट्स के लिए सक्सेस मीट का आयोजन किया गया।

100 प्रतिशत स्कॉलरशिप की गई ऑफर रांची सेंटर के डायरेक्टर दीपक शुक्ला ने बताया कि रविवार को आयोजित समारोह में इस परीक्षा में नेशनल लेवल पर टॉप रैंक पाने वाले स्टूडेंट्स को लाखों कैश अवार्ड प्रदान किये गये। साथ ही परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले स्टूडेंट्स को नारायणा के किसी भी कोर्स में एडमिशन लेने पर 100 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप भी ऑफर की गयी। नारायणा स्कॉलास्टिक एप्टीट्यूड टेस्ट में जिस स्कूल के छात्र टॉपर थे, उन स्कूल एवं संस्थान को भी कैश अवार्ड के साथ-साथ ट्रॉफी प्रदान की गयी।

## भविष्य के डॉक्टर और इंजीनियरों का चयन था लक्ष्य

टेस्ट का आयोजन 15 व 29 अक्टूबर को ऑफलाइन और 8 से 12 अक्टूबर 2023 तक ऑनलाइन मोड में आयोजित किया गया था। 7वीं से लेकर 11वीं कक्षा में पढ़ रहे विद्यार्थियों के लिए नारायणा की यह पहल काफी उत्साहवर्धक साबित हुई और बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स इस परीक्षा में शामिल हुए। स्कॉलास्टिक एप्टीट्यड टेस्ट के माध्यम से नारायणा का उद्देश्य देश के सर्वोच्च रैंकिंग वाली प्रतियोगिता परीक्षाओं आईआईटी जेईई एवं नीट के लिए सबसे प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का चयन करके भविष्य के डॉक्टरों एवं इंजीनियरों को तैयार करना था।







## स्टूडेंट्स ने जाना अपना पोटेंशियल

दीपक शुक्ला ने बताया कि यह परीक्षा ऑब्जेक्टिव टाइप की थी एवं इसमें साइंस, मैथ्स एवं मेंटल एबिलिटी के प्रश्न पूछे गए थे। इस टेस्ट का मकसद स्टूडेंट्स में प्रतियोगी क्षमता विकसित करना था। यही नहीं इस टेस्ट के जरिए स्टूडेंट्स को ऑल इंडिया लेवल पर अपनी रैंकिंग भी जान पाने का मौका मिला। इसके साथ ही स्टूडेंट्स इस टेस्ट के माध्यम से अपनी एनटीएसई, ओलंपियाड, केवीपीवाई, आईआईटी जेईई, नीट एवं विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी को भी परखने का मौका मिला।

## प्रतिभाशाली स्टूडेंट्स की मदद करना है उद्देश्य

दीपक शुक्ला ने बताया कि इस परीक्षा का उद्देश्य यह है कि कोई भी प्रतिभाशाली स्टूडेंट आर्थिक चुनौतियों के कारण अपने सपनों से समझौता न करें क्योंकि नारायणा ग्रुप ऐसे स्टूडेंट्स को आगे लाने के लिए हरसंभव सहायता प्रदान करेगा।

**हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट का संचालन भी**

नारायणा न केवल इंजीनियरिंग एवं मेडिकल इंस्टीट्यूट के रूप में बल्कि एक ग्रुप के रूप में नारायणा अपनी इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, डेंटल कॉलेज, जूनियर कॉलेज आदि के लिए पूरे भारत में अपना एक अहम स्थान रखता है। दीपक शुक्ला ने बताया कि एकेडमिक सेशन 2024-2025 के लिए एडमिशन प्रारंभ हो चुके हैं।

# अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट को लेकर आर-पार की लड़ाई लड़ी जायेगी: गोस्वामी



अखिल झारखंड अधिवक्ता संघ की बैठक में लिया गया निर्णय

अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट को लेकर आर-पार की लड़ाई लड़ी जायेगीः गोस्वामी

आजसू पार्टी की अनुषंगी इकाई अखिल झारखंड अधिवक्ता संघ झारखंड में अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट को लागू कराने के लिए अब आर-पार की लड़ाई लडने की तैयारी में है। संघ की आज आजसू पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में हुई एक बैठक में अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट को लेकर आर-पार की लड़ाई लड़ने के एजेन्डा पर मुहर लगायी। संघ के केन्द्रीय अध्यक्ष राधेश्याम गोस्वामी की अध्यक्षता में हुई बैठक में संघ के केन्द्रीय महासचिव भरत चन्द्र महतो ने राज्य में अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने, राज्य विधि आयोग का गठन करने, झारखंड राज्य के सभी पंचायतों और वार्डों में न्याय मित्र की नियुक्ति करने, राज्य के अधिवक्ताओं और उनके परिवार के सदस्यों के लिए 10 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा का लाभ देने , नये अधिवक्ताओं को प्रतिमाह पांच हजार रुपये का प्रोत्साहन राशि देने, पार्टी के सामाजिक न्याय के कार्यक्रम को जन जन तक पहुंचाने , कोर्ट फीस में की गयी वृद्धि को वापस लेने ,संगठन का विस्तार करने एवं कोष को लेकर प्रस्ताव पेश किया जिससे सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। संघ के केन्द्रीय अध्यक्ष राधेश्याम गोस्वामी ने कहा कि राज्य सरकार अधिवक्ताओं को छलने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अधिवक्ता हित में कार्य करना ही नहीं चाहती है। उन्होंने कहा कि अखिल झारखंड अधिवक्ता संघ इन मांगों को लेकर आर-पार की लड़ाई लड़ने को तैयार है। श्री गोस्वामी ने कहा कि इन मांगों को लेकर मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल को पहले ज्ञापन सौंपने का कार्य किया जायेगा। इसके बाद भी यदि मांगों पर विचार नहीं किया जाता है तो अखिल झारखंड अधिवक्ता संघ आमरण अनशन करेगा।

बैठक में संघ के उपाध्यक्ष दिनेश चैधरी, रेखा वर्मा, सचिव संजित कुमार, संघ के रांची जिला अध्यक्ष अंजित कुमार, सेवानिवृत न्यायिक पदाधिकारी पंकज श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी मृत्युंजय प्रसाद, निरंजन राम, दीपक कुमार चैहान, सलील , जितेन्द्र प्रसाद, अभिषेक कुमार, वकील महतो, मेल प्रकाश तिर्की, गोपेश्वर सिंह, प्रोमोद कुमार मिश्रा,,विजय कुमार गुप्ता, रमेश मणि पाठक, राजेन्द्र महतो, बिपिन बिहारी देवरत्न, गोपेश्वर महतो, मृत्युंजय कुमार, संजय कुमार शास्वत समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित थे।

# सभी बाधाओं को दूर करते बच्चों से जुड़ना

**डॉ अरुण कुमार सिंह**

यह कई शिशुओं की कहानी है: परनेवा की मीर आसिफा, खानसाहिब, जिला बुडगा; पट्टन का इरफान, जिला बारामूला; बनिहाल का खान मुस्किल, जिला रामबन; गांव कलसोट की सरस्वती। वे सभी अपने माता-पिता के लिए खुशियों के रूप में पहुंचे जब वे महीनों तक धैर्यपूर्वक इंतजार के बाद पैदा हुए थे। हालांकि, धरती पर आने के कुछ ही समय बाद, खुशी दर्द में बदल गयी, मुस्कुराते हुए चेहरों में बीमारी की झलक दिखने लगी, उनके माता-पिता तनावग्रस्त और चिंतित हो गए। शिशुओं को तत्काल चिकित्सा सहायता की आवश्यकता थी, जिसका बोझ माता-पिता नहीं उठा सकते थे या इस बात से अनभिज्ञ थे कि कहां जाना है और सेवाओं तक कैसे पहुंचना है। समय, जीवन और मृत्यु एवं आजीवन विकलांगता को स्वीकार करने के लिए मजबूर एक वयस्क तथा स्वस्थ हंसमुख, बुद्धिमान युवा बनने के बीच एक महत्वपूर्ण आयाम है।

हालांकि, वक़्त ने रहम दिखाया और सभी बच्चों को प्रतिष्ठित संस्थानों में गुणवत्तापूर्ण उपचार मिला, उन्हें आधुनिक चिकित्सा का लाभ मिला और वे अपनी भूमि की सुंदरता का आनंद लेने में सक्षम हो गए। अब वे किसी भी अन्य बच्चे की तरह सामान्य जीवन का आनंद ले रहे हैं। माता-पिता ने राहत की सांस ली है। अन्यथा वे रंगों की विविधता को देखने, बारिश का संगीत सुनने, दूर बादलों के गरजने और पक्षियों के चहकने को सुनने की खुशी से वंचित रह जाते। वे देख सकते हैं, वे सुन सकते हैं और वे सपने भी देख सकते हैं। ये जम्मू और कश्मीर के 258 बच्चों में से कुछ की सच्ची कहानियाँ हैं, जिन्हें पिछले एक साल में तृतीयक विशेषज्ञ (सुपर स्पेशलिस्ट) सेवाओं के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जल्दी पहचाना गया और प्रबंधित किया गया। (* केवल बच्चों के नाम बदल दिए गए हैं)।

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यकम (आरबीएसके) एक पहल है, जिसके अंतर्गत जन्म से लेकर 18 वर्ष तक के बच्चों के रोगों की जल्दी पहचान करने व इसका निदान करने पर जोर दिया जाता है। इसके लिए 4 डी पर विशेष ध्यान दिया जाता है - रोग, कमियाँ, जन्म के समय दोष, विकलांगता सहित विभिन्न स्वास्थ्य स्थितियों से विकास में देरी। जन्म दोष और विकासात्मक देरी पर पहली बार ध्यान केंद्रित किया गया है। एक छोटे बच्चे की बुद्धि की रचना के लिए जन्म के बाद 700,000 कनेक्शन प्रति सेकंड की उच्च गति से न्यूरॉन्स या तारें जुडती हैं। 2 वर्ष की आयु में मस्तिष्क का आकार, वयस्क के लगभग 90% आकार को प्राप्त कर लेता है। यह अवधि बच्चे के लिए महत्वपूर्ण होती है। इस अवधि के दौरान मौजूदा डॉक्टरों / नर्सों द्वारा सभी स्वास्थ्य सुविधाओं के तहत दिखाई पड़ने वाले और कार्यात्मक संबंधी दोषों के लिए सभी नवजात शिशुओं की स्क्रीनिंग पर विशेष जोर दिया जाता है और घर पर नवजात देखभाल (होम बेस्ड बॉर्न केयर, एचबीएनसी) के एक हिस्से के रूप में जन्म के 6 सप्ताह के भीतर, आशा कार्यकताओं द्वारा घर जाकर स्क्रीनिंग की जाती है। विशिष्ट देखभाल का दूसरा भाग शरीर और मस्तिष्क दोनों के इष्टतम विकास पर केंद्रित है। नवजात में किसी भी विकास संबंधी देरी की पहचान करने तथा बच्चे के संज्ञानात्मक विकास में सुधार के लिए हर गर्भवती मां को एक एमसीपी (मदर एंड चाइल्ड प्रोटेक्शन कार्ड) दिया जाता है। बच्चे को मिलने वाला तात्कालिक वातावरण, बच्चे के मस्तिष्क के विकास में निर्णायक भूमिका निभाता है। बच्चे की देखभाल की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए स्वास्थ्य मंत्रालय ने ₹प्रारंभिक बाल विकास₹ या ईसीडी को एक नए कार्यक्रम के रूप में पेश किया है। यह कम लागत के निदान / हस्तक्षेप से संबंधित है। इसमें बच्चे के शुरूआती 1000 दिनों (270 दिन माता के गर्भ में और जन्म के बाद पहले वर्ष के 365 दिन और दूसरे वर्ष के 365 दिन) के दौरान कम लागत के निदान के साथ बच्चे की देखभाल की जाती है तथा इसमें आधुनिक और पारंपरिक - दोनों सर्वोत्तम प्रथाओं को शामिल किया गया है। यह घर में बच्चों के देखभाल कार्यक्रम (एचबीवाईसी) से भी जुड़ा हुआ है और इसमें आशा कार्यकताओं द्वारा दी जाने वाली प्रारंभिक बाल विकास सेवाएं भी शामिल हैं। इसके तहत 6 महीने के नियमित अंतराल पर प्रत्येक ब्लॉक में मौजूद मोबाइल स्वास्थ्य टीमों द्वारा व्यापक स्क्रीनिंग की जाती है। आयुष डॉक्टरों के नेतृत्व में 6 सप्ताह से 6 वर्ष तक के बच्चों के लिए स्थानीय आंगनवाड़ियों केंद्रों पर स्क्रीनिंग की जाती है। इसके अलावा, सभी सरकारी स्कूलों में 6-18 साल के बच्चों की वार्षिक स्क्रीनिंग की जाती है। जन्म से 6 वर्ष तक के बच्चों में विकासात्मक देरी समेत किसी भी स्वास्थ्य संबंधी मुद्दे की पहचान के बाद, बच्चे को इलाज के लिए जिला प्रारंभिक हस्तक्षेप केंद्र (डीईआईसी) भेजा जाता है। यहाँ बच्चे को बाल रोग विशेषज्ञ, दंत चिकित्सक, फिजियोथेरेपिस्ट, क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट, ऑडियोलॉजिस्ट सह वाक शक्ति रोगविज्ञानी, बाल रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ (आंशिक समय), प्रारंभिक हस्तक्षेपवादी, पोषण विशेषज्ञ सभी की सेवाएँ मिलती हैं। 6 -18 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों में, उनके स्वास्थ्य की स्थिति को मौजूदा सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं के माध्यम से प्रबंधित किया जा सकता है। डीईआईसी दोनों आयु समूहों के लिए रेफरल लिंकेज के रूप में कार्य करेगा। यह कार्यक्रम राज्यों को निजी अस्पतालों की सेवाओं का उपयोग करने की सुविधा देता है, जिन्होंने जन्मजात हृदय रोग, स्पष्ट तालु आदि जैसी स्थितियों के उपचार के लिए राज्य सरकारों के साथ समझौता किया है। यह उपचार निःशुल्क है और इससे इलाज के लिए होने वाले कुल खर्च में कमी आती है। जम्मू और कश्मीर तथा लद्दाख केंद्र शासित प्रदेशों में कुल 230 समर्पित आरबीएसके मोबाइल हेल्थ टीम (एमएचटी) हैं, जिनमें से 210 टीमें जम्मू और कश्मीर में एवं 20 टीमें लद्दाख में मौजूद हैं। इसके अलावा इन दोनों संघ शासित प्रदेशों में 15 डीईआईसी कार्य कर रहे हैं।

दोनों संघ शासित प्रदेशों में सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में कुल 14.39 लाख बच्चे नामांकित हैं। कोविड -19 महामारी के बावजूद, जम्मू और कश्मीर तथा लद्दाख में एमएचटी द्वारा स्कूलों में 11.61 लाख बच्चों की स्क्रीनिंग की गई थी। इनमें से 10% (1.08 लाख) की पहचान 4 डी के साथ की गई और लगभग 68 हजार बच्चों को उच्च स्तर की देखभाल के लिए भेजा गया।